# जी.एस.टी. ई-बुक सुधीर हालाखंडी




**भारतीय करदाताओं को सादर समर्पित**

**इसे पढ़ें , समझे और औरों को समझाए**



**GST BY SUDHIR HALAKHANDI**

**15 JULY 2017**

जी.एस.टी. ई - बुक का चतुर्थ संस्करण जिसे नए अध्याय और जी.एस.टी. कानून की कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाओं के साथ . इस पुस्तक को आप करदाता को भारत में लगने वाले जी.एस.टी. “गुड्स एवं सर्विस टैक्स” की जानकारी देने के लिए प्रकाशित किया गया है. इसे हमारी वेबसाईट www.halakhandi.com से डाउनलोड कर आसानी से पढ़ा जा सकता है . इस पुस्तक की भाषा इतनी सरल रखी गई है की यह आसानी से समझ आने वाली है. इसे पढ़े , समझे और अपने साथियों के साथ अधिक से अधिक शेयर करें - सुधीर हालाखंडी




वस्तु एवं सेवा कर

हिन्दी

- सी.ए. सुधीर हालाखंडी

**भारत में लगने वाला वस्तु एवं सेवा कर**

**4th Improved Edition**

**चतुर्थ संस्करण**

**नयी जुडी हुई सामग्री के साथ**

**हिन्दी में जी.एस.टी.एक्ट की महत्वपूर्ण परिभाषाओं के साथ**

**प्रकाशन अधिकार लेखक सुधीर हालाखंडी के पास सुरक्षित है, इनका उल्लंघन करने का प्रयास नहीं करें .**

**Copy rights are owned by Writer Sudhir Halakhandi**

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

# लेखक की और से निवेदन

प्रिय मित्रों,

नमस्कार !

इस पुस्तक के पिछले तीन संस्करण जिस उत्साह के साथ आपने स्वीकार किये उसके लिए आप सभी का हार्दिक आभार .

जी.एस.टी. ई -बुक का चतुर्थ संस्करण आपके लिए भेजा जा रहा है इस संस्करण में भी जी.एस.टी कानून में दी गई 100 से अधिक परिभाषाओं का हमने हिंदी अनुवाद किया है, इनपुट क्रेडिट, प्रारम्भिक स्टॉक पर मिलने वाली इनपुट क्रेडिट , अन -रजिस्टर्ड डीलर्स से खरीद पर रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान , जी.एस.टी. में गिरफ्तारी के प्रावधान के साथ- साथ एच.एस.एन कोड एवं कर की दरों से संबंधित और भी नए एवं संशोधित अध्याय आपके लिए हमने जोड़े है इस बार जो अध्याय हमने जोड़े है.

यह सामग्री जी.एस.टी. लागू होने के बाद के परिवर्तनों से सम्बंधित है एवं पहले के अध्याय भी बाद की घटनाओं एवं अधिसूचनाओं के आधार पर संशोधित किये गए है . इस ई -बुक की भाषा आपकी आवश्यकता के अनुसार सरल रखी गई है.

वर्ष 2006 से मेरा जी.एस.टी. का अध्ययन जारी है इस सम्बन्ध में पहला लेख मैंने Goods and Service Tax - An Introduuctry Study ICAI के CA Journal “The Chartered Accountant” में 2007 में लिखा था जो कि संभवतः किसी बड़े स्तर पर लिखा गया

जी.एस.टी. पर भारत में पहला लेख था एवं इस लेख को कई विश्वविद्यालयों में जी.एस.टी. पर रिसर्च पेपर्स में रिफरेन्स के रूप में काम में लिया गया है . भारतीय संसद में भी लोकसभा सचिवालय द्वारा सांसदों के लिए तैयार किये गए जी.एस.टी. बुलेटिन में भी यह लेख रेफेंरेस के रूप में काम में लिया गया है. इसके अतिरिक्त भी लेखक ने जी.एस.टी. पर विभिन्न कर प्रत्रिकाओं , अखबारों , और वेब साइट्स पर 500 से अधिक लेख लिखे है. इसी अनुभव के साथ यह पुस्तक लिखी गई है.

आप लेखक के जीएस.टी. पर लगभग 50 ऑडियो यु ट्यूब चेनल GST By Sudhir Halakhandi पर भी सुन सकते है . इन्हें पिछले एक माह की अवधि में अभी तक 3 लाख से अधिक श्रोता सुन चुके है. इसके जी.एस.टी. पर बहुत से लेख हमारी वेब साईट www.halakhandi. com पर भी उपलब्ध है .

इस पुस्तक के समस्त कॉपी राइट्स लेखक **सुधीर हालाखंडी** के पास है और यह आम जी.एस.टी. करदाता को जी.एस.टी. की जानकारी देने हेतु ई-बुक के रूप में जारी की गई है आप इसे पढ़ें , समझे , शेयर करें और ट्रेड एवं इंडस्ट्री एसोसिएशन्स इसे **"जैसी ही वैसी ही बिना किसी मूल्य"** के लेखक के नाम के साथ सदस्यों के लिए प्रकाशित कर सकती है . वितरण से पूर्व पुस्तक की दो प्रति लेखक को अनुमति के लिय प्रषित करें . इस पुस्तक का व्यवसायिक उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित है

इस ई -बुक में समय -समय पर संशोधन कर एवं आवश्यकता अनुसार नए अध्याय जोड़कर आपको उपलब्ध करायी जायेगी . पुस्तक हमारी वेबसाइट www.halakhandi.com से भी डाउन लोड की जा सकती है .

पुस्तक के साथ लेखक या अन्य किसी व्यक्ति या संस्था के व्यवसायिक हित नहीं जुडे है और इसे इसी भावना के साथ पढ़ें , समझे , शेयर करें ताकि जी.एस.टी. में आपका प्रवेश एक जानकार करदाता के रूप में हो.

पुस्तक की रचना करते समय पूरी सावधानी रखी गई है लेकिन निश्चित रूप से इसमें **त्रुटियाँ अभी भी होंगी** . कृपया सूचित कर अनुग्रहित करे ताकि सुधार कर इस अभियान को और भी सार्थकता प्रदान की जा सके.

-आदर सहित

सुधीर हालाखंडी

ब्यावर (जिला - अजमेर )

राजस्थान

15 जुलाई 2017

## संपर्क सूत्र

sudhirhalakhandi@gmail.com

Visit me- www.halakhandi.com

WhatsApp 98280-67256

Youutube chanel :- GST By Sudhir Halakhandi

https://www.youtube.com/results?search_query=sudhir+halakhandi

पुस्तक के बारे में चर्चा भारत के एक बहुत बड़े टी.वी. चेनल NDTV पर भी हुई है जिसका लिंक हम यहाँ दे रहे हैं :-

https://youtu.be/pfIKHNzG4tM

# अनुक्रमणिका
# INDEX


| क्र.सं. | अध्याय | विवरण | पृष्ट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. | क्या है जी.एस.टी.:- एक परिचय-Introduction | 10 |
| 2. | 2. | जी.एस.टी.एवं दो राज्यों के बीच व्यापार-IGST | 15 |
| 3. | 3. | जी.एस.टी - रिटर्न- GST Returns | 31 |
| 4. | 4. | जी.एस.टी. - कम्पोजीशन स्कीम-Coposition Scheme | 43 |
| 5. | 5. | प्रारम्भिक एवं स्टॉक पर इनपुट क्रेडिट | 59 |
| 6. | 6. | जी.एस.टी. - इनपुट क्रेडिट | 71 |
| 7. | 7. | अन-रजिस्टर्ड डीलर से खरीद पर रिवर्स टैक्स | 90 |
| 8. | 8. | जी.एस.टी. और इनपुट क्रेडिट का मिसमैच | 103 |
| 9. | 9. | आइये देखें कैसे बनेगा जी.एस.टी. में बिल | 105 |
| 10. | 10. | ई-वे बिल (रोड परमिट ) | 111 |
| 11. | 11. | कर निर्धारण - दोहरा नियंत्रण 50:50 | 119 |
| 12. | 12. | जी.एस.टी.:-कर चोरी पर गिरफ्तारी प्रावधान | 123 |
| 13. | 13. | जी.एस.टी. सलाहकार:- जी.एस.टी. प्रेक्टिशनर | 132 |
| 14. | 14. | जी.एस.टी. की अकाउंटिंग | 140 |
| 15. | 15. | जी.एस.टी.- अकाउंट्स एवं रिकार्ड्स | 148 |
| 16. | 16 | जी.एस.टी. - सर्राफा व्यवसाय | 156 |
| 17. | 17. | एच.एस.एन. कोड -GST HSN CODE | 167 |
| 18. | 18. | जी.एस.टी. परिभाषाएँ :- सरल हिंदी में | 193 |
| 19. | 19. | जी.एस.टी. - ब्याज के प्रावधान | 218 |

# वस्तु एवं सेवा कर

सी.ए. सुधीर हालाखंडी




आइये समझे जी.एस.टी. को

GST -E-BOOK -HINDI

सी.ए. सुधीर हालाखंडी

राजस्थान

sudhrhalakhandi@gmail.com

sudhir@halakhandi.com

visit me:- www.halakhandi.com

Subscribe and Listen our audio on You Tube channel

GST By Sudhir Halakhandi

## अध्याय - 1 :- जी.एस.टी. एक परिचय
## GST- AN INTRODUCTION

अब एक जुलाई 2017 से जी.एस.टी. भारत में लागू हो चुका है इसलिए सरल हिन्दी भाषा में आपको जी.एस.टी. की प्रारम्भिक जानकारी व्यापार एवं उद्योग को देने के लिए एक ई - बुक जी.एस.टी. पर जारी कर रहे है इसे आप पढ़कर समझने की कोशिश करें कि आने वाले समय में आपको किस प्रकार से जी.एस.टी. कानून का पालन करना है और किस तरह यह आपके उद्योग एवं व्यापार को प्रभावित करेगा. यह हमारा इस पुस्तक का चौथा संस्करण है .

जी.एस.टी. के दौरान आपको प्रारम्भिक रूप से यह देखना है कि अब आपको एक ही बिक्री/सप्लाई पर दो करों को एकत्र करना है और इस कानून का पालन यह माल एवं सेवाओं को मिलाते हुए करना है . ये दो कर निम्न प्रकार होंगे :-

| |
|---|
| (1).राज्य का जी.एस.टी. |
| (2) केंद्र का जी.एस.टी. |

इन्हें इस कानून के तहत एवं इस पुस्तक में भी आगे एस.जी.एस.टी. राज्य का जी.एस.टी.) और सी.जी.एस.टी. (केंद्र का जी.एस.टी.) के रूप में जाना जाएगा.

जी.एस.टी. से पहले जो दो मुख्य अप्रत्यक्ष कर भारत में लगे थे उनमे से एक सेंट्रल एक्साइज था जो कि निर्माण की अवस्था तक लगता था और राज्यों का जो वेट था वह बिक्री की अवस्था तक लगाया

जाता था लेकिन अब जी.एस.टी. ने निर्माण और बिक्री की जगह अब "सप्लाई" पर कर लगेगा और यह कर माल एवं वस्तु दोनों पर होगा . जी.एस.टी. के दौरान कर बिक्री पर नहीं बल्कि सप्लाई पर लगेगा और इससे क्या फर्क पडेगा इसे हम आगे के भागों में समझेंगे.

अभी आप जी.एस.टी. का प्रारम्भिक स्वरुप समझने का प्रयास करें . जी.एस.टी. के दौरान मुख्य रूप से 2 तरह की सप्लाई होगी जिसे हम इस प्रकार से बता सकते है :-

| |
|---|
| 1. राज्य के भीतर वितरण - Intra-State Supply<br>जिस समय माल या सेवा को सप्लाई करने वाला एवं इस सप्लाई को प्राप्त करने वाला स्थान एक ही राज्य में हो या एक ही केंद्र शासित प्रदेश में स्तिथ हो तो यह राज्य के भीतर बिक्री कहलाएगी .जैसे विक्रेता राजस्थान के जयपुर में हो और क्रेता भी राजस्थान के एक अन्य शहर अजमेर में हो. |
| 2. राज्यों के बीच वितरण - Inter-State Supply<br>जिस समय माल या सेवा को सप्लाई करने वाला एक राज्य में हो और इस सप्लाई को प्राप्त करने वाला किसी अन्य राज्य में हो हो तो यह राज्य अन्त्राजीय बिक्री कहलाएगी .जैसे विक्रेता राजस्थान के जयपुर में हो और क्रेता भी गुजरात के एक शहर राजकोट में हो. |

राज्य के भीतर बिक्री

आइये इसे एक उदाहरण के जरिये समझने की कोशिश करें

जयपुर (राजस्थान ) का एक व्यापारी “अ” जयपुर के ही एक दूसरे व्यापारी “ब” को कोई माल 10 लाख रुपये में बेचता है और मान लीजिये कि राज्यों के जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत है एवं केंद्र के जी.एस.टी. की दर भी इसी तरह 9 प्रतिशत रहती है इस प्रकार जी.एस.टी. की कुल दर 18 प्रतिशत हुई इस वस्तु पर .

तो “अ” इस व्यवहार में 90000.00 रुपये एस.जी.एस.टी. (राज्य का जी.एस.टी.) एवं 90000.00 लाख रुपये सी.जी.एस.टी. (केंद्र का जी.एस.टी.) के रूप में अपने खरीददार “ब” से वसूल करेगा.

## आइये इस सौदे का दूसरा भाग देखें

आइये अब इस व्यवहार को और भी आगे ले जाएँ और देखें कि इसी माल को जयपुर का “ब” नामक व्यापारी अब राजस्थान के ही अन्य शहर जोधपुर के किसी अन्य व्याप री “स” को 10.50 लाख रुपये में बेचता है तो वह 94500.00 रुपये एस.जी.एस.टी. एवं 94500.00 रुपये सी.जी.एस.टी. के रूप में वसूल करेगा .

## राज्य और केंद्र सरकार को राजस्व के रूप में क्या मिलेगा

यहाँ ध्यान रखे कि “ब” पहले से ही एस.जी.एस.टी. के रूप में अपना माल खरीदते हुए 90000.00 रूपये का भुगतान कर चुका है एवं सी.जी.एस.टी. के रूप में भी 90000.00 लाख रुपये का भुगतान इसी प्रकार कर चुका है एवं इस प्रकार “ब” की इनपुट क्रेडिट एस.जी.एस.टी. के रूप में 90000.00 रुपये है एवं सी.जी.एस.टी. के

रूप में इनपुट क्रेडिट 90000.00 रुपये है जिसे वह अपने द्वारा “स” से वसूल किये गए कर में घटा कर जमा करा देगा.

इस प्रकार “ब” एस.जी.एस.टी. के रूप में (रुपये 94500.00 - रुपये 90000.00 ) 4500.00 रुपये का भुगतान राज्य के खजाने में जमा कराएगा एवं इसी प्रकार से सी.जी.एस.टी. (94500.00रुपये लाख - रुपये 90000.00) 4500.00 रुपये केन्द्रीय सरकार के खजाने में जमा कराएगा.

इस पूरे व्यवहार को देंखे तो इससे केंद्र सरकार को 94500.00 लाख रूपये का कर मिलेगा और और राज्य सरकार को 94500.00 रुपया कर को मिलेगा.

## क्या राज्य के भीतर ही बिक्री होने पर भी राज्य और केंद्र दोनों का कर देना होगा

यहाँ यह ध्यान रखें कि राज्य के भीतर माल का वितरण या बिक्री करने पर भी केंद्र और राज्य दोनों को कर देना होगा और अब से सभी डीलर्स (कम्पोजीशन डीलर्स को छोड़कर ) एक ही बिल में “दो कर” जैसा कि ऊपर बताया गया है एक ही बिल में लगाएगा और यह तथ्य कि एक ही बिल में अब डीलर्स को दो टैक्स लगाने होंगे जो की फिलहाल आपके लिए एक आश्चर्यचकित करने वाला तथ्य हो सकता है . लेकिन आप अब समझ ही लें कि यही जी.एस.टी. है .

जी.एस.टी. जैसा कि ऊपर बताया गया है उसी तरह से लगेगा और इसके साथ ही राज्यों में लगने वाला वेट और केंद्र में लगने वाला केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अर्थात सेंट्रल एक्साइज भी समाप्त हो

जाएगा. इसके अतिरिक्त भी राज्यों एवं केंद्र के लगने वाले कुछ अन्य कर भी समाप्त हो जायेंगे जिनमें केन्द्रीय बिक्री कर अर्थात सेंट्रल एक्साइज , सर्विस टैक्स इत्यादि भी शामिल है .

यह जी.एस.टी. का प्रारम्भिक स्वरुप है और चूँकि आप इसका पहला भाग पढ़ रहे है इसलिए यह आपको थोड़ा समझने में तकलीफ दे सकता है लेकिन आप इसे अच्छी तरह से पढ़े और समझे क्यों कि एक जुलाई 2017 से यह कानून भारत में लागू हो चुका है तो अब आपको इसका पालन करना ही है .

इसे पढने और समझने इसका पालन करने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है तो आइये अब इसका विस्तार से अध्ययन करतें है कि भारत में 1 जुलाई से लग चुके “वस्तु एवं सेवा कर” के विभिन्न प्रावधानों का जो सीधे -सीधे आपको और आपके व्यापार एवं व्यवसाय को प्रभावित करते है .

*

## अध्याय -2

# जी.एस.टी. और दो राज्यों के बीच का व्यापार
## अंतरप्रांतीय बिक्री
## IGST

### IGST- इंटीग्रेटेड गुड्स एवं सर्विस टैक्स

आई.जी.एस.टी.- "इंटीग्रेटेड गुड्स एवं सर्विस टैक्स" के जरिये किस तरह नियंत्रित किया जाएगा :-

दो राज्यों के मध्य होने वाले व्यापार पर निगरानी रखने या जी.एस.टी. के इस प्रकार की बिक्री के लिए एक आई.जी.एस.टी. मॉडल भी तैयार कर किया गया है जिसकी चर्चा हम इस अध्याय में कर रहे है .

लेकिन यह ध्यान रखे कि यह केन्द्रीय बिक्री कर के स्थान पर लगने वाला कोई नया कर (एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. के अतिरिक्त तीसरा कर)नहीं है बल्कि एक ऐसा तंत्र है जिसके जरिये दो राज्यों के बीच हुए व्यापार पर नजर रखी जा सके एवं यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि कर का एक हिस्सा उस राज्य को मिले जहाँ अंतिम उपभोक्ता निवास करता है और दूसरा हिस्सा केंद्र सरकार को .

जी.एस.टी. के तहत सूचना तकनीकी की सहायता से एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाएगा जिससे दो राज्यों के मध्य माल एवं सेवा के अंतरप्रांतीय व्यापार पर निगरानी भी रखी जा सके एवं यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि "कर" का एक भाग को कि राज्यों को जाना है वह अंतिम उपभोक्ता के राज्य को ही मिले .

यहाँ ऊपर पहले ही यह बताया जा चुका है कि यह केन्द्रीय बिक्री कर की जगह लगने वाला कोई नया कर नहीं है लेकिन यह "आई.जी.एस.टी." भी उद्योग एवं व्यापार के लिए प्रक्रियात्मक उलझाने तो बढाने वाला ही है .

आइये देखे कि यह आई.जी.एस.टी. मॉडल किस तरह से काम करेगा :-

(i). अंतरप्रांतीय व्यापर के दौरान बिक्री करने वाला डीलर अपने खरीददार से आई.जी.एस.टी. के रूप में एक कर एकत्र कर केन्द्रीय सरकार के खजाने में जमा कराएगा.

इस कर की दर एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. की दर को मिलाकर बनेगी. उदाहरण के लिए मान लीजिये कि एस.जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत है एवं सी.जी.एस.टी. की दर भी 9 प्रतिशत है तो आई.जी.एस.टी. के रूप में जमा कराया जाने वाला कर 18 प्रतिशत की दर से केंद्र सरकार के खजाने में जमा कराया जाएगा.

(ii). अपना आई.जी.एस.टी. जमा कराते समय विक्रेता अपने द्वारा इस माल ,को जो कि उसने अंतरप्रांतीय बिक्री के दौरान बेचा है, की खरीद पर चुकाए गये एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. की इनपुट क्रेडिट लेगा.

(iii) . विक्रेता का राज्य इस बिक्री किये गए माल के सम्बन्ध में विक्रेता ने जो विक्रेता राज्य में भुगतान किये गए एस.जी.एस.टी.की क्रेडिट ली है उतनी राशि केंद्र सरकार के खजाने में हस्तांतरित कर देगा.

(iv). अंतरप्रांतीय बिक्री के दौरान खरीद करने वाला क्रेता, जब भी यह माल बेचेगा तो अपनी आई.जी.एस.टी की इनपुट क्रेडिट क्रमशः आई .जी.एस.टी. , सी.जी.एस.टी. या एस.जी.एस.टी.(इसी क्रम में ) के

भुगतान की जिम्मेदारी में से लेने का हक़ होगा .
(v). जितनी राशि की इनपुट क्रेडिट अपनी एस.जी.एस.टी. चुकाते समय उपभोक्ता राज्य का व्यापारी आई.जी.एस.टी. में से लेगा उतनी रकम केंद्र उपभोक्ता राज्य के खाते में हस्तांतरित कर देगा इस तरह आई.जी.एस.टी. की इनपुट क्रेडिट क्रेता आई.जी.एस.टी. की भुगतान की जिम्मेदारी में से ले सकता है और ऐसी कोई जिम्मेदारी खरीददार की नहीं है तो इसका इनपुट सी.जी.एस.टी. की जिम्मेदारी में से लेगा और उसके बाद भी आई.जी.एस.टी. की क्रेडिट बच जाती है तो उसे एस.जी.एस.टी. के तहत भी लिया जा सकता है .

इस प्रकार एस.जी.एस.टी. के रूप में मिलने वाला पूरा राजस्व अंतरप्रांतीय व्यापार के दौरान भी उपभोक्ता राज्य को ही मिल जाएगा.

यही जी.एस.टी. का सिद्धांत भी है जिसके अनुसार जी.एस.टी. के कुल कर का एक हिस्सा केंद्र सरकार को जाएगा एवं दूसरा कर उस राज्य को जाएगा जिस राज्य में वस्तु या सेवा का उपभोग होता है .

## आई. जी.एस.टी. किस तरह कार्य करेगा - एक सरल उदाहरण

आई.जी.एस.टी. बिक्री के लिए ट्रांजेक्शन

प्रथम विक्रेता x मुंबई - 10 लाख रूपये मुंबई के ही y को .

द्वितीय विक्रेता - Y मुंबई 10.50 लाख रूपये राजस्थान के Z को .
तृतीय विक्रेता - Z राजस्थान 11 लाख रूपये राजस्थान में ही उपभोक्ता को.

1. पहला ट्रांजेक्शन राज्य के भीतर है .
2. दूसरा ट्रांजेक्शन अन्तर प्रान्तीय है (IGST)
3. तीसरा ट्रांजेक्शन राज्य के भीतर है .

कल्पना कीजिये जी.एस..टी. की दर 18 % है जिसमे से 9% प्रतिशत सी.जी.एस.टी. है और 9% एस.जी.एस.टी. है.
इस तरह से आई.जी.एस.टी. की दर 18% होगी जो कि एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. को जोड कर होती है .

जी.एस.टी. के दौरान सी.एस.टी. अर्थात केन्द्रीय बिक्री कर का कोई अस्तित्व नहीं है और इसकी घोषणा पहले ही कर दी गई थी .

आइये अब हम समझाने की कोशिश करें कि केन्द्रीय बिक्री कर क्या है और यह वेट एवं इसके बाद जी.एस.टी.की राह में क्यों एक बाधा माना जाता रहा है . जी.एस.टी. से पहले केन्द्रीय बिक्री कर निर्माता राज्यों के राजस्व का एक बहुत बड़ा हिस्सा है .

जब वर्ष 2006 में राज्यों में वेट लागू किया गया था तब केन्द्रीय बिक्री कर अर्थात सी.एस.टी. को सबसे बड़ी बाधा माना गया था और यह वादा किया गया था कि प्रत्येक वर्ष एक प्रतिशत से इस दर को गिराकर अंत में इस कर को समाप्त कर दिया जाएगा लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया गया और जी.एस.टी. लागू होने के ठीक पहले तक अर्थात 30 जून 2017 भी यह दर दो प्रतिशत पर कायम था और इसके साथ ही केन्द्रीय बिक्री कर पर एकत्र किये जाने वाले

सी- फॉर्म की समस्या से पूरा ही व्यापार एवं उद्योग जगत परेशान था.

आइये पहले समझ ले कि केन्द्रीय बिक्री कर क्या है क्यों कि आम तौर पर इसका नाम यह संकेत देता है कि यह केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया एक कर है जब कि सच्चाई यह है कि यह बिक्री करने वाले राज्य द्वारा दो राज्यों के मध्य होने वाले व्यापार पर वसूल किया जाने वाला कर था और देश के विकसित राज्य जिन्हें हम निर्माता राज्य भी कह सकते है इस कर से काफी राजस्व एकत्र करते थे .

जी.एस.टी. एक अंतिम बिंदु पर अंतिम उपभोक्ता पर लगने वाला कर है अत; केन्द्रीय बिक्री कर का इसमे कोई स्थान नही है और इससे विकसित राज्यों अर्थात बिक्री करने वाले राज्यों के राजस्व पर भी नकारात्मक प्रभाव पडेगा जिसके बारे में भी केंद्र को इन राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई करनी पड़ेगी.

जी.एस.टी. के दौरान केन्द्रीय बिक्री कर अर्थात सी.एस.टी. की समाप्ती सारे देश के डीलर्स को बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है लेकिन इसी प्रकार की बिक्री पर आगे एक और कर प्रणाली के तहत कर लगने वाला है जो कि आई.जी.एस.टी.- integrated Goods and Service Tax के नाम से लग रहा है और अब अंतर्राजीय व्यापार के दौरान बिक्री /सप्लाई डीलर्स को IGST कर प्रणाली का पालन करना होगा .

अंतर्राजीय बिक्री के दौरान C-forms की जरुरत तो समाप्त हो गई है लेकिन ऐसा कोई आश्वासन हमारे कानून निर्माता रोड परमिट के बारे में नहीं दे सके है और अब रोड परमिट की जगह ई-वे बिल

Electronic Way bill जारी करने होंगे जिसका अध्ययन हम आगे के अध्याय में करेंगे.

इसके अतिरिक्त जी.एस.टी.बिक्री पर नहीं बल्कि सप्लाई पर लगेगा इस प्रकार ब्रांच और डिपो ट्रान्सफर भी कर के दायरे में आ जायंगे और माल बेचने और बिक्री के लिए भेजने के बीच का अंतर समाप्त हो गया है . इस प्रकार सी- फॉर्म (C-form) की तरह ही एफ -फॉर्म (F-form) भी समाप्त हो गए हैं .

**आई.जी.एस.टी. किस तरह से कार्य करेगा**

**कर की दरें उदहारण के लिए**

| S.NO. | DESCRITOPN | RATE OF TAX |
|---|---|---|
| 1. | एस.जी.एस.टी. | 9% |
| 2. | सी.जी.एस.टी. | 9% |
| 3. | आई .जी.एस.टी. (1+2)= | 18% |

# विभिन्न डीलर्स का कर दायित्व

| क्र.स. | विवरण | S.G.S.T. (9%) | CGST (9%) | IGST (18%) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम विक्रेता x मुंबई - 10 लाख रूपये मुंबई Y | 90000.00 | 90000.00 | NA | पहला ट्रांजेक्शन राज्य के भीतर है . |
| | Less:- इनपुट | NIL | NIL | NA | |
| | X का कर जमा | 90000.00 | 90000.00 | NA | |
| 2. | द्वितीय विक्रेता - Y मुंबई 10.50 लाख रूपये राजस्थान के Z को . | NA | NA | 189000.00 | दूसरा ट्रांजेक्शन अन्तर प्रान्तीय है (IGST) |
| | Less:- इनपुट | NA | NA | 180000.00 (SGST | IGST मे अपने खरीदे |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90000.00 + CGST 90000.00) | गये माल पर चुकाये हुये SGST एवम CGST का इनपुट मिल जाता है. |
| | Y का कर जमा | NA | NA | 9000.00 | |
| 3. | Z राजस्थान 11 लाख रूपये राजस्थान में ही उपभोकता को | 99000.00 | 99000.000 | NA | तीसरा ट्रांजेक्शन राज्य के भीतर है . |
| | Less:- इनपुट | 90000.00 | 99000.00 | NA | Z की IGST इनपुट 1.89 लाख है उसे IGST,CGST और इसके बाद बची रकम को SGST के साथ इसी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | क्रम में इनपुट लेना है . |
| | Z का जमा कर | 9000.00 | NIL | NA | |

ये तो एक उदहारण हुआ कि किस तरह से एक राज्य से दूसरे राज्य को होने वाले व्यवहार पर आई.जी.एस.टी. डीलर्स पर किस तरह से लगेगा .

आइये जब हम इसका अध्ययन कर ही रहें है तो यह भी देख ले कि यह कर प्रणाली अर्थात आई.जी.एस.टी. किस तरह राज्यों के और केंद्र के राजस्व को प्रभावित् करेगी :-

## राज्य और केन्द्र के मध्य रकम का ट्रान्सफर

| क्र.स. | विवरण | रकम |
|---|---|---|
| 1. | विक्रेता राज्य उस रकम को केंद्र को ट्रान्सफर करेगा जो की उसके डीलर ने आई.जी.एस.टी. .का भुगतान करते समय एस.जी.एस.टी. की क्रेडिट ली है . यहाँ **Y** ने अपना आई.जी.एस.टी. चुकाते समय 90000.00 का एस.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है जो की विक्रेता राज्य के खजाने में चला | 90000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| | गया है जो कि जी.एस.टी.कानून के तहत उसका राजस्व नहीं है . | |
| 2. | केंद्र क्रेता राज्य को उस रकम का ट्रान्सफर देगा जो कि क्रेता राज्य के डीलर ने अपना एस.जी.एस.टी. चुकाते समय अपने द्वारा भुगतान किये गए आई.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है और इस तरह से क्रेता राज्य का राजस्व केंद्र के खजाने में चला गया था लेकिन यह रकम क्रेता राज्य का राजस्व का हिस्सा है . | 90000.00 |

## IGST का केंद्र , विक्रेता राज्य और क्रेता राज्य के राजस्व पर प्रभाव

| क्र.स. | IGST के प्रभावी पक्ष |
|---|---|
| 1. | विक्रेता राज्य |
| 2. | क्रेता राज्य |
| 3. | केद्र सरकार |

## विक्रेता राज्य

| क्र.स. | विवरण | कर -SGST | रिमार्क |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कर की रकम जो कि प्रथम विकर्ता X ने जमा कराई . | 90000.00 | CGST एवंम IGST राज्यों का विषय नहीं है अत: यहाँ नहीं लिया गया है . |
| 2. | Less: - विक्रेता राज्य उस रकम को केंद्र को ट्रान्सफर करेगा जो कि उसके डीलर ने आई.जी.एस.टी. .का भुगतान करते समय एस.जी.एस.टी. की क्रेडिट ली है . यहाँ **Y** ने अपना आई.जी.एस.टी. चुकाते समय 90000.00 का एस.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है जो की विक्रेता राज्य के खजाने में चला गया है . | 90000.00 | NA |
| 3. | विक्रेता राज्य का राजस्व | NIL | NA |

Note- जी.एस.टी. एक उपभोक्ता राज्य को मिलने वाला कर है अत; यदि जिस राज्य में माल बिका है उस राज्य में इसका उपभोग नहीं होता है तो विक्रेता राज्य को कोई कर नहीं मिलेगा.

## क्रेता राज्य - उपभोक्ता राज्य

| क्र.स. | विवरण | SGST | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रेता राज्य के डीलर द्वारा जमा कराया गया SGST . | 9000.00 | CGST और IGST राज्यों का विषय नहीं है अत: यहाँ शामिल नहीं है. |
| | Add- केंद्र क्रेता राज्य को उस रकम का ट्रान्सफर देगा जो कि क्रेता राज्य के डीलर ने अपना एस.जी.एस.टी. चुकाते समय अपने द्वारा भुगतान किये गए आई.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है और इस तरह से क्रेता राज्य का राजस्व केंद्र के | 90000.00 | NA |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | खजाने में चला गया था . | | |
| | क्रेता राज्य का राजस्व | 99000.00 | NA |

Note: - क्रेता राज्य के उपभोक्ता की खरीद की कीमत 11.00 Lakhs @ 9% है इस तरह से इस राज्य का राजस्व Rs.99000.00 हुआ जो कि ऊपर लिखी गणना के अनुसार भी आ रहा है.

## केंद्र सरकार

| क्र.स. | विवरण | CGST | IGST | कुल रकम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CGST की रकम जो कि विक्रेता राज्य के उस डीलर ने जमा कराई जिसने इस उदहारण के प्रथम डीलर को माल बेचा था . | 90000.00 | NIL | 90000.00 |
| 2. | IGST जो की इस उदहारण के विक्रेता राज्य के डीलर Y ने जमा कराया था . | NIL | 9000.00 | 9000.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल रकम | 90000.00 | 9000.00 | 99000.00 |
| 3. | Add:- विक्रेता राज्य उस रकम को केंद्र को ट्रान्सफर करेगा जो कि उसके डीलर ने आई.जी.एस.टी. .का भुगतान करते समय एस.जी.एस.टी. की क्रेडिट ली है . यहाँ **Y** ने अपना आई.जी.एस.टी. चुकाते समय 90000.00 का एस.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है जो की विक्रेता राज्य के खजाने में चला गया है . | NA | NA | 90000.00 |
| | Total | NA | NA | 189000.00 |
| | Less - केंद्र क्रेता राज्य को | NA | NA | 90000.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | उस रकम का ट्रान्सफर देगा जो कि क्रेता राज्य के डीलर ने अपना एस.जी.एस.टी. चुकाते समय अपने द्वारा भुगतान किये गए आई.जी.एस.टी. का क्रेडिट लिया है और इस तरह् से क्रेता राज्य का राजस्व केंद्र के खजाने में चला गया था . | | | |
| | Result-केंद्र सरकार का राजस्व | NA | NA | 99000.00 |

Note: - क्रेता राज्य के उपभोक्ता की खरीद की कीमत 11.00 Lakhs @9% है इस तरह से इस तरह से केंद्र का राजस्व Rs.99000.00 हुआ जो कि ऊपर लिखी गणना के अनुसार भी आ रहा है .

इस तरह से आई.जी.एस.टी. का यह चक्र पूरा होता है .

*

# अध्याय -3

# जी.एस.टी. रिटर्नस
# GST - RETURNS

जी.एस.टी. को लेकर जो सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया का जो आपको पालन करना होगा वह है जी.एस.टी. के रिटर्न भरना .

**प्रक्रिया सम्बन्धी राहत**

जी.एस.टी. कौंसिल की 18 जून 2017 तारीख की मीटिंग में यह तय किया गया है कि प्रारम्भ के दो माह में रिटर्न भरने की प्रक्रिया में थोड़ी ढ़ील दी जाए और पहले दो माह में मसिक रिटर्न में केवल आउटपुट और इनपुट की समरी एक नए रिटर्न GSTR- 3B में देकर एवं टैक्स जमा कर कर ही रिटर्न भरना होगा और खरीद और बिक्री के विस्तृत रिटर्न्स बाद में भरे जायंगे . इसके लिए भारत सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है . यह दो माह की स्कीम निम्न प्रकार से भरे जायंगे :-

| महीना | जी.एस.टी.आर.- 3 बी | जी.एस.टी.आर.- 1 | जी.एस.टी.आर -2 |
|---|---|---|---|
| जुलाई 2017 | 20 अगस्त | 1 से 5 सितम्बर | 6 से दस सितम्बर |
| अगस्त 2017 | 20 सितम्बर | 16 से 20 सितम्बर | 21 से 25 सितम्बर |

अभी प्रारम्भिक दो माह के लिए यह छुट दी गई है .

आइये आज इस अध्याय में जी.एस.टी. के रिटर्न भरने की प्रक्रिया के बारे में बात करते है और इसमें सबसे पहले चर्चा करेंगे उन करदाता की जो कि सामान्य करदाता है अर्थात वे करदाता जो सामान्य रूप से जी.एस.टी. का कर भुगतान करेंगें और जिन्होंने कम्पोजीशन कर भुगतान का विकल्प नहीं लिया है. अधिकाँश डीलर्स जी.एस.टी. के तहत इसी श्रेणी में आयेंगे अत: सबसे पहले इसी श्रेणी के लिए रिटर्न की चर्चा करते है :-

## कुल कितने रिटर्न होंगे

आपको प्रत्येक माह तीन रिटर्न भरने होंगे जो पूरी तरह से एक दुसरे से अलग होंगे लेकिन इनमें से पहले रिटर्न से दूसरा रिटर्न अपने आप बनेगा और तीसरा एवं मासिक रिटर्न पहले और दूसरे रिटर्न से अपने आप बनेगा.

सरकार के द्वारा यह रिटर्न जो माह समाप्त होने की 10 तारीख , 15 तारीख और 20 तारीख को मासिक आधार पर भरने है को केवल एक ही रिटर्न बताया जा रहा है जो तकनीकी आधार पर तो बिलकुल सही है क्यों कि बिक्री या सप्लाई के रिटर्न जो कि 10 तारीख तक भरना है से उनके खरीददारों के रिटर्न के रिटर्न में उनकी खरीद अपने -आप चली जायेगी. लेकिन यह एक आदर्श स्तिथी है जिसमें सभी विक्रेता प्रथम 10 दिन में अपने रिटर्न भर देंगे और यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर खरीददार को अपना खरीद का रिटर्न स्वयं बनाना होगा और यदि विक्रेता ने अपना रिटर्न सही नहीं भरा है तो भी खरीददार को अपना रिटर्न स्वयम ही अपने रिकॉर्ड के अनुसार भरना होगा इसके अतिरिक्त उन्हें अपने सभी विक्रेताओं के द्वारा भरे जाने वाले रिटर्न्स से अपने रिटर्न में आयी या नहीं आयी खरीद को चेक

कर सही करना होगा एवं जो एंट्रीज़ छूट  गई है उन्हें भे दर्ज करना होगा.

तो आइये पहले हम यह देखें कि ये तीन रिटर्न कौनसे होंगे एवं कि अवधि में पेश करने होंगे :-

| रिटर्न का नाम | विवरण | कब तक पेश करना है |
|---|---|---|
| GSTR-1 | मासिक बिक्री का विवरण | अगले माह की 10 तारीख तक -मासिक |
| GSTR-2 | मासिक खरीद का विवरण | अगले माह की 15 तारीख तक (10 तारीख के पूर्व यह रिटर्न नहीं भरा जा सकता है अर्थात इसे आपको 10 से 15 तारीख के बीच भरना है)- मासिक |
| GSTR-3 | मासिक कर का रिटर्न | अगले माह की 20 तारीख तक- मासिक |
| GSTR-9 | वार्षिक रिटर्न | वित्तीय वर्ष की समाप्ती के बाद 31 दिसम्बर तक- वार्षिक |
| GSTR-4 | कम्पोजीशन डीलर्स का त्रैमासिक रिटर्न | त्रैमास समाप्त होने के के बाद वाले माह की 18 तारीख तक - |

| | | |
|---|---|---|
| | | त्रैआसिक |
| GSTR-9A | कम्पोजीशन डीलर का वार्षिक रिटर्न | वित्तीय वर्ष की समाप्ती के बाद 31 दिसम्बर तक- वार्षिक |

इस प्रकार आप देखेंगे कि कुल पूरे वर्ष में आपको एक वार्षिक रिटर्न को मिलाते हुए कुल 37 रिटर्न भरने होंगे . इसके आपको हर माह के बाद 10 दिन ,15 दिन एवं 20 दिन मिलेंगे और इस प्रक्रिया का पालन आपको हर माह करना होगा. एक माह में जो तीन रिटर्न भरने है उन्हें भरने की तारीखें भी अलग -अलग है और किस तरह से इन्हें भरना है यह भी हम आगे बता रहें है .

अब आगे हम देखेंगे कि ये तीनों मासिक रिटर्न किस तरह भरे जाएंगे और यह रिटर्न सरकार द्वारा विकसित जी.एस.टी.एन. नामक नेटवर्क पर भरना पडेगा और सभी कुछ सूचना तकनीक पर आधारित होगा और जी.एस.टी. पूरा का पूरा सुचना तकनीक पर आधारित होगा इसमें कोई बहुत ज्यादा आश्चर्य की बात नहीं है क्यों कि इस समय संेट्रल एक्साइज , सर्विस टैक्स और अधिकाँश राज्यों में वेट भी इसी तकनीक पर अर्थात ऑनलाइन ही भरे जा रहे है .

जी.एस.टी. पूरी तरह से सूचना तकनीक पर आधारित होगा लेकिन फिर भी आपको इससे जुड़े प्रावधानों के पालन के लिए ना सिर्फ काफी मेहनत करनी होगी बल्कि समय की मुश्किल सीमा का भी पालन करना होगा क्यों कि आपके रिटर्न पर ही आपके खरीददारों के रिटर्न भी निर्भर है और आपके विक्रेताओं के रिटर्न पर आपका रिटर्न

निर्भर होगा. यदि आप अपना रिटर्न सही एवं समय पर नहीं भरते है तो आपके खरीददारों के लिए “मिसमैच” की समस्या पैदा होगी और यदि आपके विक्रेता अपना रिटर्न सही एवं समय पर नहीं भरते है तो आपके लिए मिसमैच की समस्या खड़ी हो जायेगी और जी.एस.टी. के दौरान आपको मिसमैच की समस्या को हल करने के लिए सिर्फ दो माह का समय ही मिलेगा आर यदि इस अवधि में मिसमैच की समस्या हल नहीं हुई तो आपको यह कर जमा कराना होगा और इसकी पुन: क्रेडिट आपको तभी मिलेगी जब आपका विक्रेता या सेवा प्रदाता इस समस्या को हल कर आपको की गई सप्लाई को अपने रिटर्न में दिखा दे.

## जी.एस.टी.एन आपकी रेटिंग तय करेगा

आपके सही समय पर रिटर्न भरने , कर जमा कराने के आधार पर आपकी रेटिंग भी तय की जायेगी जिसे समय - समय पर अपडेट भी किया जाएगा और यह रेटिंग (धारा 149 ) अन्य डीलर्स के देखे जाने के लिए भी उपलब्ध रहेगी अत: आपके लिए यह ही उचित होगा कि इन नियमो का उचित पालन करे ताकि आपके साथ व्यापार करने वाले वर्तमान एवं भावी डीलर्स पर इसका अच्छा प्रभाव पड़े.

## आइये अब तीन मुख्य रिटर्न्स का अध्ययन करें

## जी.एस.टी.आर.-1<br>आउटवर्ड सप्लाई का रिटर्न<br>(धारा 37)

यह आपकी मासिक सप्लाई का रिटर्न होगा और इसमे आप द्वारा सप्लाई की गई माल एवं सेवाओं का जिक्र होगा.

यहाँ ध्यान रखे कि आप द्वारा जी.एस.टी. में रजिस्टर्ड डीलर्स **(कम्पोजीशन डीलर्स को सम्मिलित करते हुए**) को की गई सप्लाई चाहे वह राज्य के भीतर हो या दूसरे राज्य के डीलर को है , का विवरण प्रत्येक बिल का अलग -अलग देना होगा इस विवरण में खरीददार का जी.एस.टी.एन नंबर भी देना होगा.

इसके अतिरिक्त जो सप्लाई उपभोक्ता या अन-रजिस्टर्ड डीलर्स को है उसका विवरण एक साथ देना होगा और इसकी विभाजन आपको कर की दर के हिसाब से करना होगा.

लेकिन यदि अन-रजिस्टर्ड को की गई किसी एक बिल से अन्तरप्रान्तीय (एक राज्य से दूसरे राज्य को ) सप्लाई 2.50 लाख रूपये से अधिक है तो उसकी विगत (विवरण) भी आपको बिल सहित देनी होगी.

इसके अतिरिक्त यदि आप राज्य के बाहर बिक्री करते है और इस बिक्री में से 2.50 लाख रूपये से अधिक के बिल की छोड़ते हुए (जिसकी बिल सहित विगत आप ऊपर लिखे अनुसार दे रहें है ) बिक्री की सामूहिक विगत आपको “राज्य वार” देनी है अर्थात किस राज्य के डीलर को आपने कितनी बिक्री की है और इसका कर कितना बना है इसकी राज्यवार विगत देनी होगी .

आप जो सप्लाई इस रिटर्न में जी.एसटी.में रजिस्टर्ड डीलर्स को लेकर भरेंगे वो स्वत: ही जी.एस.टी.एन. नेटवर्क के जरिये आपके खरीददार डीलर के जी.एस.टी.आर -2 रिटर्न के एक भाग में आ जायेगी .

इस रिटर्न को भरते समय आपको HSN Code भी भरना होगा लेकिन यह किन डीलर्स को भरना होगा इसका अध्ययन हम आगे करेंगे.

यह रिटर्न आपको महीना समाप्त होने के 10दिन के भीतर भरना होगा.यहाँ यह विशेष रूप से ध्यान रखें कि यदि आप 10 तारीख तक यह रिटर्न नहीं भरते हैं तो फिर आप यह रिटर्न अब आप 16 तारीख को या उसके बाद ही भर पायेंगे क्यों कि 11 तारीख से 15 तारीख तक आपके खरीददार आपके द्वारा भरी गई बिक्री/सप्लाई की अपने रिकोर्ड से जांच कर उसे स्वीकार /अस्वीकार/ संशोधित करेंगे और इसी कारण से उन 5 दिंनों के लिए जी.एस.टी.आर.-1 भरने की सुविधा बंद कर दी जायेगी.

## जी.एस.टी.आर.-2
## इनवर्ड सप्लाई का रिटर्न
## धारा 38

जो सप्लाई की विगत जी.एस.टी.आर.-1 में आप द्वारा भरी गई है वह आपके खरीददार के खरीद के विवरण जी.एस.टी.आर -2 नामक रिटर्न के एक भाग में अपने -आप ही आ जायेगी .इसी तरह मान लीजिये कि आपके विक्रेताओं ने जो आपको की बिक्री की विगत अपने जी.एस.टी.आर.-1 में भरी है वो आपकी खरीद के जी.एस.टी.आर -2 नामक रिटर्न के एक भाग में अपने-आप आ जाएगी .

अब क्रेता अपने रिटर्न में अपने आप आई हुई खरीद की विगत की जांच अपने रिकॉर्ड से करेगा और यदि सही होगी तो इसे अनुमोदित

अर्थात मंजूर कर देगा  और यदि क्रेता के हिसाब से यह गलत/फर्क होगा तो वह इसमें आपने रिकॉर्ड के अनुसार परिवर्तन कर देगा या और भी बिक्री जो विक्रेता ने नहीं दिखाई है या अभी तक विक्रेता ने रिटर्न ही नहीं भरा है तो क्रेता यह खरीद भी अपने रिटर्न में   जोड़ सकता.

यह कार्य क्रेता को माह समाप्त होने के बाद अगले माह की 11 तारीख से प्रारम्भ कर 15 तारीख तक करना होगा.

क्रेता जो परिवर्तन विक्रेता के द्वारा भरे गए जी.एस.टी.आर.-1 से प्राप्त सूचना में परिवर्तन करेगा उसकी सुचना विक्रेता के पास इसी पोर्टल पर उसके जी.एस.टी.आर -1A के जरिये पहुचेंगी और यदि विक्रेता भी इसे मान लेता है तो इससे उसका जी.एस.टी.आर -1 इस परिवर्तन तक संशोधित हो जाएगा.

विक्रेता उसी माह की, जिसमे रिटर्न भरना ऊपर बताया गया है, कि 17 तारीख तक क्रेता द्वारा किये गए परिवर्तन को अप्रूव करे सकेगा और वह ऐसा नहीं करता है तो एक मिसमैच रिपोर्ट जारी हो जायेगी और आपके क्रेता को परेशानी होगी .

## जी.एस.टी.आर.-3
## मासिक रिटर्न
## धारा 39

जी.एस.टी.आर-1 एवं जी.एस.टी.आर.-2 भरने के बाद 20 तारीख तक जी.एस.टी.आर.-3 के रूप में एक मासिक रिटर्न भरना होगा जिसमे करदाता उसके आउटपुट में से इनपुट घटाने के बाद मासिक कर का निर्धारण करने के बाद उसे जमा करते हुए विवरण देगा.

आइये देखें की इस रिटर्न जी.एस.टी.आर.-3 में दिए गए आंकड़े किस तरह से भरे जायेंगे :-

पार्ट -A :- इस रिटर्न का पार्ट -A जी.एस.टी.आर. 1 एवं जी.एस.टी.आर-2 के आधार पर स्वत: ही भरा हुआ होगा. जिसमे आपकी इनपुट और आउटपुट क्रेडिट होगी .

पार्ट -B :- इसमें टैक्स , ब्याज एवं पेनाल्टी की विगत होगी जो कि आपके केश और आई.टी.सी. लेजर से स्वत: ही आ जायेगी . केश और आई.टी.सी. लेजर में डीलर की इनपुट क्रेडिट एवं जमा कराये गए कर का विवरण होगा.

अब आप स्वयं सोच ले कि आपके रिटर्न पर आपके सभी खरीददारों के रिटर्न निर्भर है और उसी तरह से आपके विक्रेताओं के रिटर्न पर आपका रिटर्न निर्भर है

तो अब रिटर्न भरते समय “समय सीमा” का पालन करना अति आवशयक हो जाएगा .

इस समय वेट के दौरान जो रिटर्न आप भरते है उनमे जिन राज्यों में त्रैमासिक रिटर्न है वहां वार्षिक रिटर्न को मिलाते हुए आप 5 रिटर्न भरतें है और जहां मासिक रिटर्न है वहां आप 13 रिटर्न भरतें है अब इन रिटर्न की संख्या 37 हो जायेगी .

अभी तक आपको रिटर्न भरने के लिए 30 दिन से 60 दिन का समय दिया जाता है उसे भी घटा कर 10 दिन कर दिया गया है और इस पूरी प्रक्रिया के लिए आपको 20 दिन का समय दिया गया है .

इसलिए आप अभी से जी.एस.टी.की प्रक्रियाओं के लिए तैयार हो जाएँ .

## जी.एस.टी. के दौरान विभिन्न रिटर्न प्रस्तुत करने के फॉर्म एवं उनकी अंतिम तिथी

| क्र.सं. | फॉर्म का विवरण | फॉर्म का नाम | अंतिम तिथी* |
|---|---|---|---|
| 1. | बिक्री /सप्लाई का रिटर्न | GSTR-1 | 10 तारीख - मासिक |
| 2. | खरीद /इनपुट का रिटर्न | GSTR-2 | 15 तारीख-मासिक |
| 3. | मासिक कर रिटर्न | GSTR-3 | 20 तारीख-मासिक |
| 4. | कम्पोजीशन का रिटर्न | GSTR-4 | 18 तारीख-त्रैमासिक |
| 5. | अनिवासी/ विदेशी डीलर | GSTR-5 | 20 तारीख-मासिक |
| 6. | इनपुट सर्विस वितरक | GSTR-6 | 13 तारिख-मासिक |
| 7. | टी.डी .एस. रिटर्न | GSTR-7 | 10 तारीख- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मासीक |
| 8. | ई -कॉमर्स रिटर्न | GSTR-8 | 10 तारीख- मासिक |
| 9. | वार्षिक रिटर्न | GSTR-9 | 31 दिसंबर- वार्षिक |
| 10. | वार्षिक रिटर्न(कम्पोजीशन डीलर ) | GSTR-9-A | 31 दिसंबर- वार्षिक |
| 10. | अंतिम रिटर्न * | GSTR-10 | 3 माह में *अंतिम रिटर्न |

* रजिस्ट्रेशन निरस्त होने या इस सम्बन्ध में आदेश होने की तारीख , जो भी पहले हो.

## रिटर्न भरते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें

**1.**जी.एस.टी. का जो पहला रिटर्न आप भरेंगे उसमें आपको अपने पिछले वित्तीय वर्ष में जो टर्नओवर किया है उसका भी आंकडा देना होगा और इसके साथ इस वर्ष के पहले तिमाही के टर्नओवर का आंकड़ा देना होगा. यह विवरण आपको सिर्फ एक ही रिटर्न अर्थात पहले रिटर्न में ही देना होगा .

**2.**यहाँ ध्यान रखे कि आप द्वारा जी.एस.टी. में रजिस्टर्ड डीलर्स **(कम्पोजीशन डीलर्स को सम्मिलित करते हुए**) को की गई सप्लाई चाहे वह राज्य के भीतर हो या दूसरे राज्य के डीलर को है , का विवरण प्रत्येक बिल का अलग -अलग देना होगा इस विवरण में खरीददार का जी.एस.टी.एन नंबर भी देना होगा.

**3.**इसके अतिरिक्त जो सप्लाई उपभोक्ता या अन-रजिस्टर्ड डीलर्स को है उसका विवरण एक साथ देना होगा और इसकी विभाजन आपको कर की दर के हिसाब से करना होगा.

**4.**लेकिन यदि अन-रजिस्टर्ड को की गई किसी एक बिल से अन्तरप्रान्तीय (एक राज्य से दूसरे राज्य को ) सप्लाई 2.50 लाख रूपये से अधिक है तो उसकी विगत (विवरण) भी आपको बिल सहित देनी होगी.

**5.**इसके अतिरिक्त यदि आप राज्य के बाहर बिक्री करते है और इस बिक्री में से 2.50 लाख रूपये से अधिक के बिल की छोड़ते हुए (जिसकी बिल सहित विगत आप ऊपर लिखे अनुसार दे रहें है ) बिक्री की सामूहिक विगत आपको "राज्य वार" देनी है अर्थात किस राज्य के डीलर को आपने कितनी बिक्री की है और इसका कर कितना बना है इसकी राज्यवार विगत देनी होगी .

6.आप जो सप्लाई इस रिटर्न में जी.एसटी.में रजिस्टर्ड डीलर्स को लेकर भरेंगे वो स्वत: ही जी.एस.टी.एन. नेटवर्क के जरिये आपके खरीददार डीलर के जी.एस.टी.आर -2 रिटर्न के एक भाग में आ जायेगी .

7.इस रिटर्न को भरते समय आपको HSN Code भी भरना होगा लेकिन यह किन डीलर्स को भरना होगा उसके लिए निम्न प्रावधान किये गयी हैं :-

| टर्नओवर की राशि | HSN code की आवश्यकता |
|---|---|
| 1.50 करोड़ तक | HSN code की आवश्यकता नहीं है |
| 1.50 करोड़ से 5.00 करोड़ तक | 2 अंको के HSN Code |
| 5.00 करोड़ से ऊपर | 4 अंको के HSN Code |

HSN code के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के टर्नओवर को देखते हुए तय किया जाएगा  पिछले HSN code की जरुरत को तय किया जाएगा.

## अध्याय -4

## जी.एस.टी. - कम्पोजीशन स्कीम Composition Scheme

### क्या हर लघु उद्योग एवं छोटा व्यापारी कम्पोजीशन का लाभ ले सकता है ?

देखिये कम्पोजीशन स्कीम उन्ही डीलर्स के लिए व्यवहारिक होती है जो कि सीधे ही उपभोताओं को माल बेचते है . जो डीलर्स दूसरे डीलर्स को माल बेचते है उनके लिए कम्पोजीशन स्कीम को कोई व्यवहारिक उपयोग  नहीं होता है क्यों कि कम्पोजीशन डीलर्स द्वारा बेचे गये माल पर “इनपुट क्रेडिट” नहीं मिलती है .

जी.एस.टी. के दौरान भी कम्पोजीशन स्कीम होगी और यह व्यापारी

और निर्माता दोनों के लिए होगी और इसके साथ ही रेस्टोरेंटस ओनर्स भी इस स्कीम का लाभ ले सकेंगे.

यहाँ आप ध्यान रखें कि कम्पोजीशन स्कीम से सम्बंधित प्रावधान जी.एस.टी. के सम्बन्ध में केद्र एवंम राज्यों दोनों के ही कानून की धारा 10 में दिए गए है और इस सम्बन्ध में कम्पोजीशन रूल्स भी जारी कर नोटिफाई किये जा चुके है

आइये अब कम्पोजीशन स्कीम को कुछ प्रश्नों के साथ विस्तार से जानने का प्रयास करें :-

प्रश्न :-

कम्पोजीशन के लिए बिक्री/ टर्नओवर की सीमा क्या होगी ?

जीएस.टी. कम्पोजीशन उन डीलर्स के लिए ही होगा जो ऊपर बताई शर्तों के अनुसार इस स्कीम के तहत आते है वे बीते हुए वर्ष (पिछले वर्ष ) में 75 लाख रूपये से कम की बिक्री या टर्नओवर करते है .
विशिष्ठ श्रेणी के राज्यों के लिए यह सीमा 50 लाख रुपये है इन राज्यों की सूचि इसी अध्याय में आगे दी है.
यदि आपका टर्नओवर बीते वर्ष में 75 लाख रूपये से अधिक है तो आप इस स्कीम का लाभ नहीं ले सकते है .

प्रश्न :-

हमारे राज्य में वेट कम्पोजीशन की सीमा 75 लाख थी  और वर्ष जो 31/03/2017 को जो साल समाप्त हुआ है उसमे हमारा टर्नओवर 70 लाख रूपये था और हम कम्पोजीशन का लाभ ले रहे थे. क्या अब भी हम जी.एस.टी. के दौरान कम्पोजीशन स्कीम का लाभ ले सकेंगे ?

यदि आपके राज्य में वेट कम्पोजीशन स्कीम की आधिकतम सीमा 75 लाख रूपये थी  (ऐसा मेरे स्वयं के राज्य राजस्थान में भी था  ) और आपका टर्नओवर 31/03/2017 को 70 लाख रूपये है और आपने कम्पोजीशन स्कीम का लाभ लिया है तो अब भी  आप जी.एस.टी. के दौरान कम्पोजीशन स्कीम का लाभ ले सकते हैं .

यदि आप विशिष्ठ श्रेणी के राज्य में है तो जम्मू एवं कश्मीर एवं उत्तराखंड को छोड़कर (इन दो राज्यों ने कम्पोजीशन की सीमा 75 लाख रूपये ही रखी है) यह सीमा 50 लाख रूपये है इसलिए यदि आप इन राज्यों में से किसी एक राज्य में रजिस्टर्ड है तो आप इस सीमा में चूँकि नहीं आते है तो आप कम्पोजीशान का लाभ नहीं ले सकते हैं.

प्रश्न:- हम अभी भी अपने  राज्य में  कम्पोजीशन स्कीम में है अब क्या हमें जी.एस.टी. के  लिए भी कम्पोजीशन का  आवेदन करना होगा ?

## कम्पोजीशन के लिए आवेदन

जी.एस.टी. प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन के लिए तो आप आवेदन कर ही चुके होगें और अब यदि आप कम्पोजीशन स्कीम के तहत जाना चाहते है तो आपको इसके लिए जी. एस.टी . कॉमन पोर्टल पर आवेदन करना होगा और यह आवेदन आप जी.एस.टी. कानून लागू होने के तीस दिन के भीतर एक फॉर्म GST CMMP-01 में ऑनलाइन करेंगे और यह आपको 21 जुलाई 2017 तक करना है. इसके लिए "नियत तिथी" (appointed Date) से 30 दिन का समय दिया गया है और चूंकि जी.एस.टी. की धारा 10 (कम्पोजीशन की धारा ) 22 जून 2017 को ही अधिसूचित कर दी गई थी इसलिए इस आवेदन की अंतिम तारीख भी 21 जुलाई 2017 होगी .

जो नये डीलर अपना जी.एस.टी. के दौरान रजिस्ट्रेशन करवा रहें है वे रजिस्ट्रेशन के आवेदन में ही कम्पोजीशन का विकल्प ले सकेंगे और इसी मूल आवेदन में ही उन्हें इसके बारे में विकल्प दिया गया है.

प्रश्न :-हम पहले से रजिस्टर्ड है क्या कम्पोजीशन स्कीम में जाने पर कोई और भी कोई शर्तें है जिनके कारण हम जी.एस.टी. कम्पोजीशन स्कीम में नहीं जा सकते है ?

यदि आप जी.एस.टी. लागू होने के पहले से रजिस्टर्ड है तो जिस दिन जी.एस.टी. लागू होता है उस दिन आपके पास जो भी स्टॉक है उस स्टॉक में निम्न प्रकार की खरीद शामिल नहीं होने चाहिए :-

- अंतरप्रांतीय खरीद अर्थात किसी अन्य राज्य से खरीदा हुआ माल जिस दिन जी.एस.टी. लागू हो उस दिन स्टॉक में नहीं होना चाहिए .
- भारत के बाहर से खरीद अर्थात किसी अन्य देश से खरीदा हुआ माल जिस दिन जी.एस.टी. लागू हो उस दिन स्टॉक में नहीं होना चाहिए .
- राज्य के बाहर से अपनी ही किसी ब्रांच या एजेंट या प्रिंसिपल से प्राप्त माल जिस दिन जी.एस.टी. लागू हो उस दिन स्टॉक में नहीं होना चाहिए .
- अगर किसी डीलर के पास स्टॉक है वह अन रजिस्टर्ड डीलर से खरीदा गया है और वह कम्पोजीशन में जाना चाहता है तो उसे धारा 9(4) के तहत रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा .

इसी तरह की कुछ सीमाएं उन डीलर्स पर भी है जो जी.एस.टी. लगने के बाद रजिस्टर्ड होकर कम्पोजीशन में जाना चाहते है.

-वह एक केजुअल या नॉन रेजिडेंट डीलर नहीं होना चाहिए .

-वह डीलर यदि कम्पोजीशन के तहत रहना चाहता है तो उसे अपने अन-रजिस्टर्ड डीलर से खरीद पर धारा 9(4) के कर का भुगतान रिवर्स चार्ज के आधार पर करना होगा .

(यहाँ यह ध्यान रखे कि यदि कोई डीलर 5000.00 रूपये प्रतिदिन की छुट का लाभ लेते हुए रिवर्स चार्ज का भुगतान नहीं करता है तो लेखक के विचार से उसे अपना कम्पोजीशन का लाभ छोड़ना होगा क्यों कि कम्पोजीशन का अर्थ है एक बार तो निर्धारित दर से कर का

पूरा भुगतान और उसके बाद कम्पोजीशन कर का भुगतान और इसी कारण से लेखक की यह राय है कि इस प्रकार के डीलर्स यदि कम्पोजीशन का लाभ लेना चाहते है तो उन्हें 5000 रूपये प्रतिदिन का लाभ छोड़कर रिवर्स चार्ज के दौरान कर का भुगतान करना होगा. यदि ऐसा नहीं होता है तो कम्पोजीशन डीलर पूरे साल में लगभग 18 लाख रूपये का माल 1% कर की प्रभावी दर पर माल बेच सकेंगे चाहे उस वस्तु पर कर की दर 5% , 12% , 18% या 28% ही क्यों नहीं है और व्यवहारिक रूप से कानून कभी भी यह स्वीकार नहीं करेगा और इसी कारण से कम्पोजीशन रूल्स की धारा 5(1)(d) में भी इस सम्बन्ध में व्यवस्था भी की गई है .

*इस सम्बन्ध में एक्सपर्ट्स में विवाद है और राय भी अलग -अलग है अत: सरकार की और से इस सम्बन्ध में यदि कोई स्पष्टीकरण जारी होता है तो आप उसका इन्तजार कर सकते हैं लेकिन इस संबंध में लेखक की राय ऊपर दे दी गई है और उसके कारण भी दिए गए है. इस राय से सहमत होने से पहले आप सरकार के स्पष्टीकरण का इन्तजार करें.*

प्रश्न :-राज्य के बाहर माल बेचने वाले  कम्पोजीशन स्कीम का लाभ ले सकेंगे ?

जो डीलर्स एक राज्य से दूसरे राज्य में **“माल बेचते”** है वे कम्पोजीशन स्कीम के पात्र नहीं होंगे.

प्रश्न :-क्या कम्पोजीशन स्कीम का लाभ निर्माता भी ले सकते है ?

-हाँ इस कम्पोजीशन स्कीम के तहत निर्माता भी शामिल हो सकते है और वे भी कम्पोजीशन का लाभ ले सकते हैं .

लेकिन यदि सरकार चाहे तो, अधिसूचना के जरिये , कुछ प्रकार के निर्माताओं को इस स्कीम से वंचित कर बाहर कर सकती है और इस सम्बन्ध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर निम्नलिखित वस्तुओं के निर्माण के डीलर्स को कम्पोजीशन से बाहर रखा गया है :-

1.आइस क्रीम एवं खाने वाला बर्फ कोको के साथ या कोको रहित .

2.पान मसाला

3.तम्बाकू एवं तम्बाकु प्रोडक्ट

इन वस्तुओं के निर्माता कम्पोजीशन स्कीम का लाभ नहीं ले सकते है

प्रश्न :-कम्पोजीशन कर की दर क्या होगी ?

कम्पोजीशन स्कीम के तहत कम्पोजीशन कर की दरें निम्न प्रकार होंगी :-

| डीलर का विवरण | सी.जी.एस.टी. | एस.जी.एस.टी. | (एस.जी.एस.टी. + सी.जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|
| ट्रेडर्स अर्थात वे डीलर्स जो सिर्फ खरीद बिक्री करते है . | आधा प्रतिशत- 0.50 प्रतिशत | आधा प्रतिशत- 0.50 प्रतिशत | एक प्रतिशत - 1% |
| | ढाई प्रतिशत - | ढाई प्रतिशत - | पांच प्रतिशत - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेस्टोरेंटस | 2.50 प्रतिशत | 2.50 प्रतिशत | 5% |
| निर्माता | एक प्रतिशत- 1 प्रतिशत | एक प्रतिशत- 1 प्रतिशत | दो प्रतिशत - 2% |

प्रश्न :-क्या कम्प्पोजीशन की यह दरें अंतिम रूप से तय कर दी गई है ?

हाँ , कम्पोजीशन की यह दरें इस समय अंतिम रूप से तय है और इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है .

प्रश्न :-कम्पोजीशन के तहत आने वाले डीलर्स को अपने रिटर्न्स कब-कब भरने होंगे ?

कम्पोजीशन डीलर्स को अपना रिटर्न तीन माह में एक बार भरना होगा एवं वर्ष के अंत में उन्हें एक वार्षिक रिटर्न भरना होगा . इस आम जी.एस.टी. करदाता के एक वर्ष में भरे जाने वाले 37 रिटर्न्स की जगह कम्म्पोजीशन डीलर्स को केवल 5 रिटर्न्स ही भरने होंगे.

प्रश्न :-क्या सेवा क्षेत्र के लिए भी यह कम्पोजीशन स्कीम लागू रहेगी ?

सेवा क्षेत्र के लिए कम्म्पोजीशन स्कीम उपलब्ध नहीं है लेकिन एक ही अपवाद है और उसे ऊपर हमने रेस्टोरेंट सर्विस के रूप में बताया है जो कि वास्तव् में सर्विस और माल के सप्लाई का मिश्रित रूप है . इसके अलावा किसी और सर्विस पर यह कम्पोजीशान स्कीम लागू नहीं है .

रेस्टोरेंट के केस में वे रेस्टोरेंट जिनका पिछ्ले वर्ष में बिक्री / टर्नओवर 75 लाख रूपये से कम वे कम्पोजीशन का लाभ ले सकते है और इस कम्पोजीशन की अधिक्तम दर सी.जी.एस.टी. को लेकर

2.50 प्रतिशत एवं एस.जी.एस.टी. को लेकर 2.50 प्रतिशत अर्थात कुल 5.00 प्रतिशत होगी .

प्रश्न :-मेरा एक जनरल स्टोर है जो अभी कम्पोजीशन में है अब मैं एक फैक्ट्री प्लान कर रहा हूँ जिसका माल में राज्य के बाहर भी बेचूंगा . क्या मैं अपनी फैक्ट्री के लिए एक और जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन ले सकता हूँ और एक और सवाल क्या मैं जी.एस.टी. के दौरान अपना जनरल स्टोर कम्पोजीशन में चला सकता हूँ.

हाँ आप अपनी फैक्ट्री के लिए एक और रजिस्ट्रेशन ले सकते है जो कि जी.एस.टी. के दौरान एकपेन नंबर पर एक से अधिक रजिस्ट्रेशन लेने का प्रावधान है यदि व्यापार अलग-अलग प्रकार के है .

लेकिन जी.एस.टी. के एक और प्रावधान के अनुसार यदि आप कम्पोजीशन का लाभ लेना चाहते हैं तो आपके एक ही पेन नंबर पर जारी सभी रजिस्ट्रेशन पर कम्पोजीशन ही होना चाहिए . आपके केस में आपकी फैक्ट्री , चूँकि राज्य के बाहर माल बेचने की श्रेणी में आती है , अत; कम्पोजीशन में नहीं आ सकती अत: आपका कोई भी व्यापार कम्पोजीशन का लाभ नहीं ले सकता है .

प्रश्न :-यदि मेरे एक ही पेन पर जी.एस.टी. के दौरान दो व्यापार है तो क्या दोनों के लिए 75 लाख की अलग- 2 सीमा का लाभ मिल सकता है ?

यह 75 लाख की लिमिट प्रति व्यक्ति (Per Person) है अर्थात आप इसे **“प्रति पेन नंबर”** ही माने इस प्रकार एक पेन नंबर पर जितने भी व्यापार है उन सभी का टर्नओवर जोड़ा जाएगा चाहे वे सभी व्यापार भारत के किसी भी हिस्से में स्तिथ हो .

प्रश्न:--हमारा बीते वर्ष ( पिछले वित्तीय वर्ष ) में टर्नओवर 75 लाख रूपये था तो हम जी.एस.टी. के दौरान कम्पोजीशन के हकदार हो जाएँगे . जिस वर्ष हम कम्पोजीशन का लाभ लेंगे उस वर्ष में भी इस लाभ की कोई टर्नओवर सबंधी सीमा है ?

जैसे ही इस वर्ष आपका टर्नओवर 75 लाख रूपये की रकम को क्रॉस करेगा उसी समय आपका कम्पोजीशन का लाभ आगे के लिये समाप्त हो जाएगा और फिर आपको सामान्य जी.एस.टी. डीलर की तरह कर देना होगा .

प्रश्न :- क्या कम्पोजीशन डीलर को अपने बिल पर भी कुछ लिखना होगा ?

कम्पोजीशन डीलर को अपने बिल पर “ Composition Taxable Person , Not Eligilbe To Collect Tax on Supplies” लिखना होगा .

इसका हिन्दी अनुवाद हम यहाँ दे रहे है जो कि आपको अपने बिल के ऊपर अनिवार्य रूप से लिखना होगा :-

“कम्पोजीशन कर डीलर, कर एकत्रीकरण के योग्य नहीं”
इसके अतिरिक्त कम्पोजीशन डीलर टैक्स इनवॉइस की जगह “बिल ऑफ़ सप्लाई” जारी करेगा एवं अपने बिल में किसी भी तरह का कर वसूल नहीं करेगा.

प्रश्न :- क्या कम्पोजीशन डीलर को अपने व्यवसाय स्थल पर भी अपने कम्पोजीशन डीलर होने की कि कोई सूचना देनी होगी ?

हाँ , कम्पोजीशन डीलर को अपने व्यवसाय स्थल पर भी यह लिखना होगा कि वह एक कम्पोजीशन डीलर है . इन डीलर्स को अपने साइन बोर्ड पर “ composition dealer” लिखना होगा .

प्रश्न :-क्या हर वर्ष कम्पोजीशन के लिए आवेदन करना होगा ?

यदि किसी वर्ष में आप इसके योग्य है और कम्पोजीशन स्कीम का लाभ ले रहें है तो आने वाले वर्ष में इसके लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है . इस संम्बंध में जारी प्रावधानों का पालन करते हुए आप कम्पोजीशन का लाभ आने वाले वर्षों तक ले सकते है .

प्रश्न :-क्या वर्ष के दौरान कम्पोजीशन स्कीम से बाहर आ सकते हैं ?

जो भी डीलर इस स्कीम से बाहर आना चाहता है वह जी.एस.टी. कॉमन पोर्टल पर GST CMP-04 फॉर्म भर कर बाहर आ सकता है .

प्रश्न :- क्या कम्पोजीशन डीलर्स अन रजिस्टर्ड से माल खरीद सकेंगे ? क्या कम्पोजीशन डीलर्स को भी अन रजिस्टर्ड डीलर्स से की गई खरीद पर रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा ?

कम्पोजीशन डीलर्स अन - रजिस्टर्ड डीलर्स से माल भी खरीद सकेंगे और सेवाएं भी ले सकेंगे और ऐसी खरीद पर उन्हें रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा.

रिवर्स चार्ज के तहत चुकाए गए इस कर के अतिरिक्त कम्पोजीशन डीलर्स को कम्पोजीशन कर का भुगतान करना होगा.

क्या कर मुक्त माल की बिक्री पर भी कम्पोजीशन कर का भुगतान करना होगा

हाँ करमुक माल यदि कम्पोजीशन डीलर के द्वारा बेचा जाता है तो उस पर भी उसे कम्पोजीशन कर का भुगतान करना होगा क्यों कि कम्पोजीशन कर के लिए जो धारा 10 के अनुसार कम्पोजीशन कर

राज्य के टर्नओवर पर लगना और धारा 2(112) में जो राज्य के टर्नओवर की परिभाषा दी गई है उसके अनुसार राज्य के टर्नओवर में कर मुक्त बिक्री भी शामिल है .

करमुक्त बिक्री पर किसी भी तरह का टैक्स लगना आश्चर्य चकित कर सकता है लेकिन कानूनन स्तिथी यही है और यदि आप कम्पोजीशन स्कीम के तहत जी.एस.टी. में आते हैं तो आपको अपने सारे टर्नओवर पर कम्पोजीशन कर का भुगतान करना पडेगा .

यह एक विवादास्पद विषय है जिस पर सरकार को स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए जिसका आपके साथ हमें भी इन्तजार रहेगा .

किन राज्यों में कम्पोजीशन की सीमा 50 लाख रूपये है

- निम्नलिखित राज्यों को यह अधिकार है कि वे अपनी कम्पोजीशन की सीमा 50 लाख रुपये रख सकते हैं -

1.अरुणाचल प्रदेश
2.असम
3.मणिपुर
4.मेघालय
5.मिजोरम
6.नागालैंड
7.सिक्किम
8.त्रिपुरा
9.हिमाचल प्रदेश
10. जम्मू एवं कश्मीर
11. उत्तराखंड

इनमें से 9 राज्यों ने 50 लाख रूपये की सीमा ही रखी है है लेकिन जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तराखंड ने कम्पोजीशन की सीमा सामान्य राज्यों की तरह 75 लाख रूपये ही सीमा रख है .

रेस्टोरेंट सर्विसेज जो कम्पोजीशन में रखी गई है उनका अर्थ क्या है ?

जिन सेवाओं को कम्पोजीशन के लिए स्वीकृत किया गया है उसका विवरण हम वह जैसा लिखा है वैसा ही अनुसूची 2 से दे रहे है कृपया इसे ध्यान से देखें :-

Supply by way of or as part of any service or in other manner whatsoever , of goods being food or any other article for human consumption or any drink (other than alchoholic Liquor for human consumption), where such service or suppply is for cash , deferred payment or valuable consideration.

आइये इसका हिंदी अनुवाद करने का प्रयास करें

किसी सेवा के द्वारा या उसके किसी भाग के रूप में या किसी अन्य प्रकार से वस्तु की सप्लाई जिसमें खाद्य या मानव उपभोग के लिए कोई वस्तु या कोई पेय ( मानव उपभोग के लिए मदिरा को छोड़कर ) आता है ऐसी सप्लाई या सेवा रोकड़ , स्थगित भुगतान या मूल्यवान प्रतिफल के रूप में की गई हो.

सरकार इसे रेस्टोरेंट सर्विसेज के रूप में प्रचारित कर रही है लेकिन जब आप फैसला करें तो यह देख लें कि जो परिभाषा इस सेवा की एक्ट में दी गई है एवं इसे ही रूल्स में भी बताया गया है के तहत आप आते है तो आप कम्पोजीशन का लाभ ले सकते है है .

Restaurant का शाब्दिक अर्थ यह होता है :-

A place where people pay to sit and eat meals that are cooked and served on the premises.

लेकिन जो ऊपर परिभाषा दी गई है वह कुछ और है और उसका स्कोप भी अधिक है और यह केवल रेस्टोरेंट सर्विस नहीं है .

## कम्पोजीशन डीलर्स ध्यान दें

कम्पोजीशन डीलर्स यहाँ यह स्पष्ट रूप से ध्यान रखें कि केवल कम्पोजीशन टैक्स का भुगतान करने से ही उनकी जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है उन्हें एक बार तो राज्य एवं केंद्र का पूरा कर भुगतना ही होता है . आइये इसे समझ लें - कम्पोजीशन डीलर्स दो तरह से माल खरीद सकते है पहला रजिस्टर्ड डीलर्स से , जो राज्य के भीतर भी हो सकता है या दूसरे राज्य से और दोनों ही स्तिथी में कम्पोजीशन डीलर के बिल में या तो राज्य एवंम केंद्र का कर लगा होगा या फिर आई.जी.एस.टी. इस प्रकार उनकी खरीद पर पूरा कर वसूला जायगा और उसके बाद उन्हें कम्पोजीशन कर का भुगतान करना होगा.

यदि कम्पोजीशन डीलर अन-रजिस्टर्ड डीलर से माल खरीदते है तो उन्हें रिवर्स चार्ज के तहत पूरा कर चुकाना होगा आर जैसा कि

आपको पता ही है कि कम्पोजीशन डीलर्स को किसी प्रकार की इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है इसलिए इस तरह से या बिल में लगे हुआ कर उनके माल में लागत की तरह ही जुड़ेगा और उसके बाद उन्हें कम्पोजीशन कर का भुगतान करना पडेगा.

कम्पोजीशन स्कीम उन्ही डीलर्स के लिए व्यवहारिक होती है जो कि सीधे ही उपभोताओं को माल बेचते है . जो डीलर्स दूसरे डीलर्स को माल बेचते है उनके लिए कम्पोजीशन स्कीम को कोई व्यवहारिक उपयोग नहीं होता है क्यों कि कम्पोजीशन डीलर्स द्वारा बेचे गये माल पर "इनपुट क्रेडिट" नहीं मिलती है .

और एक अंतिम प्रश्न :- क्या कम्पोजीशन डीलर राज्य के बाहर से माल खरीद सकेंगे ?

हाँ , अब तक जो राज्यों में कम्पोजीशन स्कीम्स लागू थी उनमें कम्पोजीशन डीलर्स राज्य के बाहर से माल नहीं खरीद सकते थे और ऐसा केंद्रीय बिक्री कर के कारण होता था . लेकिन जीएस.टी.में अब कम्पोजीशन डीलर्स राज्य के बाहर से माल खरीद सकेंगे.

लेकिन एक बार फिर से आपको यह ध्यान दिला दें कि कम्पोजीशन डीलर्स राज्य के बाहर माल नहीं बेच सकेंगे.

**

## अध्याय -5

## जी.एस.टी. - प्रारम्भिक स्टॉक की इन्पुट क्रेडिट
## GST- INPUT CREDIT ON OPENING STOCK

आइये देखें कि जी.एस.टी. जिस भी दिन लागू होगा उस दिन आपके पास जो सेनवेट / वेट की क्रेडिट का अंतिम शेष होगा या आपके आपस जो स्टॉक होगा उस पर चुकाए हुए कर जो कि स्टॉक की कीमत शामिल होगा उसकी कोई क्रेडिट जी.एस.टी. के तहत मिलेगी .

आइये पहले यह समझने का प्रयास करें कि यह समस्या क्या है ताकि सरकार ने जो समाधान इसका दिया है वह आपको समझ आ सके और अभी से आप इस स्टॉक के बारे आपको किस तरह से इनपुट क्रेडिट मिलेगी एवंम इस बारे में आपको क्या सूचनाएं जी.एस.टी. पोर्टल पर देनी है .

जो डीलर  वेट और सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड है उन्हें तो यह क्रेडिट अपने अंतिम रिटर्न के आधार पर ही मिल जायेगी लेकिन शेष डीलर्स के लिए भी कुछ प्रावधान किये गए है ताकि उन्हें इस कर प्राणाली परिवर्तन के कारण कोई वितीय नुक्सान नहीं हो जी.एस.टी. के दौरान वे अपना स्टॉक प्रतिस्पर्धा के बाजार में बेच सकें.

## क्यों जरुरी है प्रारम्भिक स्टॉक पर क्रेडिट

उदाहरण के लिए आप मान लीजिये कि आप एक मोटर पार्ट्स विक्रेता है और आपके पास कुल 10.00 लाख रूपये कीमत का स्टॉक है जिस पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं वेट दोनों ही लगा है .

अब आपका एक प्रतिस्पर्धी डीलर 1 जुलाई 2017 (जी.एस.टी.

लगने की संभावित तारीख ) को यही माल सीधा ही निर्माता से खरीदता है तो उस पर एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. दोनों लगे होंगे . उस डीलर को जब वह माल बेचेगा तो उसके द्‌वारा चुकाए हुए एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. की छूट अपना कर चुकाते समय मिल जायेगी और व्यवहारिक रूप से वह अपने "मार्जिन" पर ही कर चुकाएगा. यही वेट और अब जी.एस.टी. की मूलभूत धारणा है और इस करारोपण का मूल है.

अब आपके पास जो स्टॉक है उसमे जो केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और/या वेट जुडा है उसकी छूट आपको नहीं मिले और आपको अब ग्राहक से प्राप्त किया गया एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. पूरा का पूरा ही चुकाना पड़े तो आपका माल 1 जुलाई 2017 को ख़रीदे गए माल के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में नहीं टिक पायेगा या फिर आपको इस माल की बिक्री पर नुक्सान उठाना होगा. इसलिए यह जरुरी है कि आपके 30 जून 2017 के स्टॉक में जो कर (वेट और सेंट्रल एक्साइज ) शामिल है कि छूट की कोई व्यवस्था की जाए.

इसी तरह जो आपके पास सेनवेट /वेट की क्रेडिट का जो अंतिम शेष है जो कि आपने अपने अंतिम रिटर्न में माँगा है वह भी आपको जी.एस.टी. के दौरान किस तरह से समायोजित किया जाएगा यह भी हम देखने का प्रयास करेंगे.

अब आपको जब यह समस्या समझ आ गई है तो देखे हमारे कानून निर्माताओं ने इसके लिए क्या प्रावधान किये है ताकि आप अपने पास जो भी स्टॉक है उसका समुचित क्रेडिट ले सकें और इस सम्बन्ध में वांछित सूचनाएं भी जी.एस.टी. पोर्टल पर समय रहते दर्ज करवा सके .

इस सम्बन्ध में प्रावधान सी.जी.एस.टी. कानून के अध्याय 20 में धारा 140 में दिए गए है और इसी तरह से प्रावधान राज्यों के एस.जी.एस.टी. कानून में भी है . इसलिए हम यहाँ सेंट्रल एक्साइज और वेट दोनों को सी.जी.एस.टी. और एस.जी.एस.टी. के परिप्रेक्ष में अध्ययन के लिए ले रहे है .

राज्यों के एस.जी.एस.टी. कानून जो इस तरह की वेट की क्रेडिट देंगे एवं केंद्र के सी.जी.एस.टी. के कानून जो अपने यहाँ लगने वाले कर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आदि कि क्रेडिट देंगे वे एक से ही है इसलिए हम दोनों अर्थात केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और वेट दोनों के बारे में एक साथ ही बता रहें है . यहाँ ध्यान रखें कि अभी आपकी वस्तु करयोग्य है और जी.एस.टी. में करमुक्त घोषित हो जाती है तो आपको इस तरह का कोई लाभ इनपुट क्रेडिट का **"नहीं"** मिलेगा.

ये विषय थोड़ा मुश्किल है अत: आप इसे इस समय केवल पढ़ें और इसको समझने की कोशिश करें इसके साथ जुडी कुछ विसंगतियों एवं कानूनी अडचनों के बारे में ज्यादा नहीं सोचे क्यों कि एक बार आपके इसका बेसिक समझ आ गया तो आगे का काम इसका पालन करना उतना मुश्किल नहीं है .

आइये सूचीबद्ध तरीके से आपकी अंतिम सेनवेट/वेट क्रेडिट और प्रारम्भिक स्टोक में जुडी इनपुट क्रेडिट आपको जी.एस.टी. के प्रारम्भ में किस तरह से समायोजन मिलेगा और इसकी गणना किस प्रकार से होगी :-

## आप सेंट्रल एक्साइज/वेट में रजिस्टर्ड है और आपका सेनवेट/वेट का अंतिम इनपुट

यह हमारी पहली स्तिथी है और ये सबसे आसान भी है

| विवरण | जी.एस.टी. के दौरान इनपुट क्रेडिट की रकम |
|---|---|
| जो डीलर्स (जी.एस.टी. में कम्पोजीशन डीलर्स को छोड़कर ) सेंट्रल एक्साइज/वेट में रजिस्टर्ड है उन्हें यह क्रेडिट अपने अंतिम भरे हुए रिटर्न के हिसाब से मिलेगी . | जी.एस.टी. लगने के अंतिम दिन तक का उन्होंने जो सेंट्रल एक्साइज /राज्य के वेट का जो रिटर्न भरा है उसमे जो क्रेडिट आगे ले जाने हेतु उन्होंने रिटर्न में दिखाया है उसका क्रेडिट उन्हें जी.एस.टी. के दौरान<br>इसकी क्रेडिट क्रमश: एस.जी.एस.टी. ( वेट का इनपुट ) सी.जी.एस.टी. ( सेंट्रल एक्साइज का इनपुट ) |

यह क्रेडिट उनके "इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर" में क्रेडिट कर दिया जाएगा जिसका उपयोग उनकी जी.एस.टी. के दौरान कर भुगतान से समायोजित करने में लिया जाएगा.

कोई शर्त है इस प्रकार के क्रेडिट को लेने के लिए :-

1.इस प्रकार के डीलर्स को अपने जी.एस.टी. लागू होने की तिथी से 6 माह पूर्व के सभी रिटर्न भरने होंगे और यदि उन्होंने यह रिटर्न नहीं भरे है तो उन्हें इस प्रारंभिक क्रेडिट जो उनके वेट और सेंट्रल एक्साइज के रिटर्न में अंतिम क्रेडिट के रूप में दिखाई गई है से वंचित रहना होगा.

2.यदि यह इनपुट क्रेडिट जी,.एस.टी. कानून के तहत मिलने के योग्य नहीं है तब भी डीलर को इस क्रेडिट का लाभ नही दिया जाएगा. इसे आप यों समझिये कि कोई वस्तु जो केन्द्रीय उत्पाद शुल्क / वेट में करयोग्य है लेकिन जी.एस.टी. के दौरान उसे करमुक्त घोषित कर दिया तो स्वाभाविक है कि आपको इसकी क्रेडिट नहीं मिलेगी .

इसी के साथ आपको कैपिटल गुड्स की क्रेडिट भी इसी तरह से मिल जायेगी जो कि आपके सेंट्रल एक्साइज/वेट के अंतिम रिटर्न में कैरी फॉरवर्ड नहीं की है बशर्ते की यह क्रेडिट अभी चल रहे कानून में सेनवेट क्रेडिट/ वेट इनपुट क्रेडिट की तरह और आने वाले जी.एस.टी. कानून में इनपुट क्रेडिट की तरह लेने के योग्य हो.

## क्या आपकी बिक्री वेट घोषणा पत्रों के आधार पर है C-form/H-form/Export Declaration.

यदि आपकी बिक्री वेटी के दौरान कुछ घोषणा पत्रों पर आधारित है जिनके कारण आपने कम कर की दर लगाईं है जैसे - सी -फॉर्म पर बिक्री पर कर की दर 2% है (चाहे राज्य में उस वस्तु की कर की दर 14.50% ) इसी तरह एच फॉर्म पर जो माल एक्सपोर्टर को बेचते है तो इस पर कर की दर शून्य है (चाहे राज्य में उस वस्तु की कर की दर 14.50% ) तो आपका जो क्रेडिट अंतिम रिटर्न में आ रहा है उसमे से उतना हिस्सा रोक लिया जाएगा जिसके फॉर्म आपने पेश नहीं किये है और जब आप नियमानुसार ये फॉर्म और घोषणा पत्र पेश करेंगे तो राज्य में ही आपको इसका रिफंड दे दिया जाएगा.

ये प्रावधान आपको परेशान कर सकता है लेकिन जब कोई कर प्रणाली में इस तरह से परिवर्तन (ट्रांजीशन ) का समय होता है तब

कुछ परेशानिया तो होती ही है . इस सम्बन्ध में आपके लिए सलाह यह है कि आप अपने घोषणा पत्र (सी-फॉर्म , एच -फॉर्म इत्यादि) शीघ्र प्राप्त कर विभाग में पेश करें .

## आप सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड नहीं है लेकिन आपके खरीद के बिल में सेंट्रल एक्साइज लगी हुई है

यह दूसरी स्तिथी है और पहली स्तिथी के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है क्यों कि इसमें आने वाले डीलर्स की संख्या बहुत अधिक होगी .

शायद वेट के लिए आप इस स्तिथी की कल्पना नहीं कर सकते है क्यों कि वेट अभी भी अंतिम उपभोक्ता तक लगने वाला कर है और सेंट्रल एक्साइज इस समय निर्माण की स्तिथी तक ही लगती है तो ऐसे में ऐसा हो सकता है कि कोई डीलर सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड नहीं है लेकिन उसके बिल में सेंट्रल एक्साइज लगी हुई है क्यों कि वह एक सेंट्रल एक्साइज निर्माता या डीलर से माल खरीदता है .

वेट में भी जो डीलर कम्पोजीशन स्कीम में है और जी.एस.टी. में सामान्य डीलर की तरह प्रवेश करते है वे भी इसी श्रेणी में आ सकते है .

आइये देखें कि इस स्तिथी में किस तरह से यह क्रेडिट सी.जी.एस.टी. के तहत मिलेगी :-

| स्टॉक का विवरण | इनपुट क्रेडिट की रकम |
|---|---|
| जो डीलर्स (जी.एस.टी. के कम्पोजीशन डीलर्स को छोड़कर ) सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड नहीं है उन्हें अपने अंतिम स्टॉक ( जो कच्चा माल हो अथवा तैयार या अर्धनिर्मित माल) में जो चुका हुआ सेंट्रल एक्साइज है और इसे साबित करने के लिए उनके पास बिल है जिसमे यह कर (सेंट्रल एक्साइज) अलग से लगाया हुआ दिख रहा है. | उन्हें बिल में दिखाए हुए सेंट्रल एक्साइज की इनपुट क्रेडिट मिल जायेगी और यह क्रेडिट उनके "इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर" में जमा कर दी जायेगी जिसका उपयोग उनका जी.एस.टी. के दौरान कर भुगतान में समायोजन के लिए काम लिया जाएगा . |

इसी तरह जहाँ यह प्रावधान वेट में लागू होता वहां इसका इसी तरह प्रयोग कर सकते हैं.

यह क्रेडिट तभी मिलेगी जब कि इस इनपुट या माल का प्रयोग जी.एस.टी. के तहत करयोग्य माल की सप्लाई के लिए किया जाए और इस तरह की इनपुट क्रेडिट जी.एस.टी. कानून में भी स्वीकार्य हो. यदि यह माल जी.एस.टी. के दौरान करमुक्त घोषित कर दिया गया है तो यह क्रेडिट नहीं मिलेगी.

इसके अतिरिक्त जैसा पहले भी बताया है कि इस तरह के व्यक्ति के पास ये कर भुगतान होने के प्रमाण स्वरूप बिल अथवा कोई ओर प्रपत्र हो अर्थात कर किसी डीलर को चुकाई गई है इसका दस्तावेजी सबूत बिल (जिसमे कर लगा हुआ होना चाहिए ) अथवा इसी तरह का कोई और दस्तावेज हो यह कोई और दस्तावेज बिल के अतिरिक्त चालान भी हो सकता है .

लेकिन ये ध्यान रखें कि यदि ये बिल जी.एस.टी. लगने की तारीख से 12 माह से पुराने हो तो आपको यह क्रेडिट नहीं मिलेगी इस तरह जब जी.एस.टी. 1 जुलाई 2017 लगा है तो जो स्टॉक आपके पास 30 जून 2016 या उससे पूर्व खरीदा हो तो इसकी क्रेडिट आपको नहीं मिलेगी. इसे आप विशेष ध्यान रखें .

इसे आप यों कह सकते है कि प्रार्थी सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड तो नहीं था लेकिन उसके बिल में सेंट्रल एक्साइज लगी हुई है और ये बिल 12 माह से पुराने नहीं है तो आपको ऊपर लिखी शर्तों पर सेनवेट क्रेडिट आगे ले जाने दी जायेगी भले ही आप सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड नहीं हैं.

यहाँ भी आपने देखा कि गणना की एक निश्चित प्रणाली है लेकिन आगे हम एक तीसरी स्तिथी देखेंगे जो इससे थोड़ी और मुश्किल है और उसमे शामिल डीलर्स की संख्या भी अधिक होगी .

## बिल में सेंट्रल एक्साइज नहीं लगा हुआ है

आप एक ट्रेडर है (निर्माता या सेवा प्रदाता नहीं है ) और सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड भी नहीं है लेकिन आपके स्टॉक की कीमत में सेंट्रल एक्साइज लगी हुई है किन्तु आपके पास जो बिल है उसमें सेंट्रल एक्साइज लगी हुई दिख नहीं रही है तो इसका अर्थ यह है कि आपने जो माल ख़रीदा है वह उस डीलर से नहीं खरीदा है जो सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड है और आपका विक्रेता उस निर्माता या डीलर से माल खरीदता है जो सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड है और ऐसे केस में आपके बिल में किसी भी प्रकार की सेंट्रल एक्साइज लगे होने का

कोई प्रश्न ही नहीं है लेकिन तथ्य यह है की आपके स्टोक पर कभी ना कभी किसी एक स्टेज पर सेंट्रल एक्साइज लगी जरुर है .

इस पर भी आपको क्रेडिट मिलेगी लेकिन कितनी मिलेगी यह सरकार इस सम्बन्ध में जारी नियमों के द्वारा तय किया है . जिन ट्रेडर्स के पास एक्साइज पेड माल है उन्हें नुक्सान से बचाने के लिए इस प्रकार का प्रावधान बनाया गया है . आइये अब देखें कि जी.एस.टी. के जो रूल्स अधिसूचित किये गए है उनके अनुसार इस प्रकार के डीलर्स को क्रेडिट कितनी और किस प्रकार से मिलेगी :-

केंद्र का जो सी.जी.एस.टी. वो उस वस्तु की सप्लाई पर भुगतान करेंगे उन्हें इस भुगतान के बाद , इस रकम के 40% के क्रेडिट दे दी जाएगी यदि सी.जी.एस.टी. कर की दर 9 प्रतिशत से कम है और यदि सी.जी.एस.टी. की कर की दर 9 प्रतिशत या उससे अधिक है तो यह क्रेडिट 60 प्रतिशत होगी.

राज्य का जो एस.जी.एस.टी. वो उस वस्तु की सप्लाई पर भुगतान करेंगे उन्हें इस भुगतान के बाद , इस रकम के 60% या 40%, जैसा कि ऊपर बताया गया है , की क्रेडिट दे दी जाएगी. - जहां राज्य के जीएस.टी. में ऐसा प्रावधान लागू होता हो .

इस प्रकार जी.एस.टी. में जो भी कर का भुगतान इन वस्तुओं की सप्लाई पर किया जाएगा उसका 60% या 40%, जैसा कि ऊपर बताया गया है , की क्रेडिट उन्हें प्रारम्भिक स्टॉक में शामिल ड्यूटी

के रूप में मिल जाएगा जिसे उनके इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में जमा कर दिया जाएगा .

यहाँ ध्यान रखें कि यह क्रेडिट मुख्यतया सी.जी.एस.टी. में ही मिलेगी क्यों कि ऐसे डीलर्स वेट में तो रजिस्टर्ड होंगे ही तो उन्हें उनके टैक्स की पूरी क्रेडिट अपने अंतिम रिटर्न के हिसाब से मिल जायेगी .

यह सारी क्रेडिट उन्हें इस माल को जी.एस.टी. लगने के 6 माह में बेच कर ही प्राप्त करनी होगी , इसके बाद यह क्रेडिट नहीं मिलेगी.

इसके अतिरिक्त एक और बात ध्यान रखें कि इस तरह से मिली हुई इनपुट क्रेडिट का लाभ ऐसे डीलर्स को अपने ग्राहकों को देना होगा. यह थोड़ा सा विवादास्पद कानून है और इसकी व्यवहारिक पालना कैसे होगी इसे आप धीरे -धीरे ही समझ पायेंगे .

आज हमनें मुख्य रूप से वेट और केन्द्रीय बिक्री कर के दौरान जो आपके पास अंतिम इनपुट क्रेडिट रह जायेगी एवं यदि आप केन्द्रीय उत्पाद शुल्क / वेट में कर में रजिस्टर्ड नहीं है तो आपके अंतिम स्टॉक में जो सेंट्रल एक्साइज /वेट शामिल है उसकी क्रेडिट आपको कैसे जी.एस.टी. के दौरान मिलेगी उसका अध्ययन किया है. यह विषय थोड़ा मुश्किल है और इसपर ज्यादा समीक्षा अभी नहीं की गई है इसके कुछ अन्य भाग भी है जो कुछ असामान्य परिस्तिथियों में लागू होंगे उनका अध्ययन हम बाद में करेंगे.

यहाँ ध्यान रखें कि आपको इन सभी क्रेडिट को प्राप्त करने के लिए **Transitional Provisions Rules** के अनुसार जी.एस.टी. कॉमन पोर्टल पर निर्धारित फॉर्म एवं सूचनाओं के साथ अप्लाई करना होगा. इस क्रेडिट चाहे वह सेंट्रल एक्साइज में रजिस्टर्ड डीलर्स की हो , चाहे वेट में रजिस्टर्ड डीलर्स की हो या उन डीलर्स की हो जो रजिस्टर्ड नहीं है लेकिन बिल में लिखी हुई रकम के अनुसार स्टॉक में शामिल सेंट्रल एक्साइज एवं वेट की क्रेडिट लेना चाहते है या जो रजिस्टर्ड भी नहीं है और बिल में सेंट्रल एक्साइज इत्यादि अलग से नहीं लगी है इन सभी श्रेणी के डीलर्स को जी.एस.टी. लगने के 90 दिन के भीतर वांछित सूचनाये जी.एस.टी. पोर्टल Form GST TRANS-1 में देनी होगी .

## क्या केन्द्रीय बिक्री कर के तहत सी-फॉर्म पर ख़रीदे गए माल के स्टॉक पर भी इनपुट क्रेडिट मिलेगी ?

इस प्रकार से चुकाए गए केन्द्रीय बिक्री कर की इनपुट क्रडिट नहीं मिलेगी क्यों कि इस समय बनाए गए कानूनों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है .

## क्या जिन डीलर्स को कोई स्टॉक पर इनपुट क्रेडिट नहीं लेनी है उन्हें भी स्टॉक की विगत देनी पड़ेगी ?

यहाँ ध्यान रखे कि जिन डीलर्स को जी.एस.टी. के दौरान किसी प्रकार की इनपुट क्रेडिट नहीं प्राप्त होनी है उन्हें किसी प्रकार के स्टॉक का विवरण अभी नहीं देना है .

*

# अध्याय -6

# जी.एस.टी. इनपुट क्रेडिट
# GST-INPUT CREDIT

जी.एस.टी.के दौरान इनपुट क्रेडिट एक बहुत मुख्य भाग है और जी.एस.टी. की एक जो सबसे अच्छी बात है वह यह है कि अब

आपको लगभग उन सभी सेवाओं और माल की खरीद पर चुकाए हुए कर की इनपुट क्रेडिट मिलेगी जो कि आप अपने व्यापर के दौरान व्यापर की बढ़ोतरी के लिए - “During the course of business and for furtherance of business” खरीदते या प्राप्त करते है .

## कर पर कर के युग की समाप्ती
## End of Cascading Effect

“अभी तक होता यह था कि आप जब वेट का भुगतान करते थे तो इस समय आपको सेंट्रल एक्साइज का इनपुट नहीं मिलता था और जब आप सेंट्रल एक्साइज का भुगतान करते थे तो आपको वेट का इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता था . यही सम्बन्ध वेट और सर्विस टैक्स का भी था .”

इसे ही कास्केडिंग इफ़ेक्ट कहते है जो कि कर पर कर की स्तिथी है जो कि इस वक्त की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की एक सबसे बड़ी कमी बताई जाती है.

अब आप जो भी कर चाहे वह केंद्र का सी.जी.एस.टी. हो , राज्य का एस.जी.एस.टी. या दो राज्यों के बीच व्यापार के दौरान चुकाया हुआ आई.जी.एस.टी. हो जो कि आपने माल, सेवा या पूंजीगत माल (Capital Goods) चुकाया हो की इनपुट क्रेडिट आपको मिल जायेगी .

क्या अब व्यापार के दौरान और व्यापार की बढ़ोतरी में खरीदी गई प्रत्येक वस्तु और सेवा पर इनपुट क्रेडिट मिल जायेगी .

-हाँ आप लगभग ऐसा ही समझ सकतें है क्यों कि इसके सम्बन्ध में कुछ सेवाओं और माल की छूट पर या तो प्रतिबन्ध या इनपुट क्रेडिट कुछ शर्त के साथ मिलने वाली है लेकिन यह सूचि बहुत ही सीमित है अत: यह ज्यादा प्रभाव डालने वाली नहीं है . इन सेवाओं आर माल का जिक्र हम आगे के भाग-2 करेंगे .

आइये इसे समझने की कोशिश करें :-

आपने सितम्बर माह में 10 लाख रुपये का माल बेचा जिसे आपने 9.50 लाख में खरीदा था और इस माल पर कर की दर 12 प्रतिशत है . मान लीजिये इसमें से 6 प्रतिशत एस.जी.एस.टी. है और 6 प्रतिशत सी.जी.एस.टी. है .

इस प्रकार आपका आउटपुट कर एस.जी.एस.टी. के तहत 60000.00 रूपये है और एस.जी.एस.टी. के तहत भी इसी तरह से 60000.00 रूपये होता है.

आपने यह माल खरीदते समय जो कर का भुगतान किया वह एस.जी.एस.टी. 57000.00 एस.जी.एस.टी. होगा और इतना ही सी.जी.एस.टी. होगा और यह आपकी इनपुट क्रेडिट होगी .

इस प्रकार इस माल की खरीद बिक्री से आपका कर दायित्व एस.जी.एस.टी. में 3000.00 एवं सी.जी.एस.टी. में भी 3000.00 रूपये बनेगा जो कि आपके मार्जिन 50000.00 का 6 प्रतिशत तो एस.जी.एस.टी. में होगा और इतना ही कर सी.जी.एस.टी. में बनेगा .

इसी माह में आपके व्यवसायिक टेलीफोन का बिल 2000 .00 था जिस पर 18 प्रतिशत की दर से 360 जिसमें से 180.00

रुपये एस.जी.एस.टी.था और 180.00 रूपये ही सी.जी.एस.टी. थी अब आप कर का भुगतान करते समय आपके मासिक कर दायित्व में से 180.00 एस.जी.एस.टी. में से कम कर लेंगे और 180.00 सी.जी.एस.टी. में से कम कर लेंगे.

इस प्रकार कर का भुगतान करते समय आप एस.जी.एस.टी. के 2820.00 रूपये का भुगतान करेंगे और इतना ही कर सी.जी.एस.टी. में भुगतान करेंगे.

इस प्रकार आपको समझ आ गया होगा कि किस प्रकार अब आपको इनपुट क्रेडिट जी.एस.टी. के दौरान काम में लिए प्रत्येक माल और सेवा के लिए भी मिलेगी.

क्या रिवर्स चार्ज के दौरान भुगतान किये गए कर की इनपुट क्रेडिट भी जी.एस.टी. के दौरान मिलेगी .

-इस इनपुट क्रेडिट में आप द्वारा रिवर्स चार्ज के दौरान जो कर दिया जाता है वह भी शामिल किया जाएगा उसमे वह कर भी शामिल होगा जो कि आपने अन- रजिस्टर्ड डीलर्स से खरीद कर उस पर कर चुकाया है .

आइये इसे एक उदाहरण के जरिये समझने का प्रयास करें :-

मान लीजिये आप कृषी मंडी में एक किसान से तिलहन खरीदते है माह मई में 10 लाख रूपये का और चूंकि किसान एक अन-रजिस्टर्ड डीलर है अत: वो आपसे कर नहीं लेते है तो इस समय तो यह आपकी अन रजिस्टर्ड डीलर से खरीद हो जाती है और खरीद के समय आपको इस पर कोई कर नहीं चुकाना होता है .इसकी बिक्री पर

ही कर चुकाना होता है .

लेकिन यदि यही खरीद आप अब जुलाई में करते है और तब तक जी.एस.टी. लग चुका है तो आपको इस माल 2.50% की दर से एस.जी.एस.टी. चुकाना होगा और इसी दर से 2.50% दर से सी.जी.एस.टी. चुकाना होगा और इसके लिए आपको अपना ही बिल भी बनाना होगा जिसमें खरीददार भी आप ही होंगे . इसके लिए आप रिवर्स चार्ज का अलग से दिया गया अध्याय देखें .

इसे आप कुछ राज्यों में लगने वाले खरीद कर अर्थात PURCHASE TAX से भी कर सकते है .

इस प्रकार खरीद का यह व्यवहार आपकी खरीद भी होगी और इस पर आप ही कर चुकायेंगे और इसकी भी आपको **"इनपुट क्रेडिट"** भी मिल मिलेगी .

यह कर आपको केश में भरना होगा औउर इसे आप अपनी इनपुट से समायोजित नहीं कर पायेंगे .एक बार इसे जमा कराने के बाद आपको नियमानुसार यदि इसकी इनपुट क्रेडिट मिलनी हुई , तो मिल जायेगी .

इनपुट क्रेडिट प्राप्त करने के लिये क्या - क्या दस्तावेज पेश करने होंगे और इसके लिए क्या क्या अनिवार्यता होगी.

- आइये इनका अध्ययन करें

1. आपके पास इनवॉइस या डेबिट नोट या वह दस्तावेज होना चाहिए .
2. आपको वह सेवा या माल अथवा दोंनों प्राप्त हो जाने चाहिए .

3. आपने जिस माल या सेवा को खरीदा है उसके सेवा प्रदाता ने या माल बेचने वाले ने कर का भुगतान कर दिया है .

*4.* आपने अपना मासिक रिटर्न भर दिया है .

## इनपुट क्रेडिट मिसमैच

यदि आपके विक्रेता आप को बेचे गए माल पर कर नहीं चुकाते है या इसकी विगत अपने बिक्री के रिटर्न में समुचित रूप से नहीं दिखाते है तो आपको यह मौक़ा मिलेगा कि आप इसमें जब यह आपके खरीद के रिटर्न में अपने आप आये तो आप इसमें संशोधन कर सकते है लेकिन यदि यह संशोधन आपके विक्रेता द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है तो यह एक मिसमैच होगा और इसे आपको एवं आपके विक्रेता को रिटर्न भरने की अंतिम तिथी के बाद सूचित कर दिया जाएगा और जिस माह में आपको सूचित किया जाता है उस माह में इस मिसमैच का निस्तारण नहीं होता है तो यह खरीददार के उस माह से अगले माह कर में जोड़ दिया जाएगा और इसे आपको जमा कराना होगा.

इस तरह अब सरकार मिस्मैच को लेकर लंबा इन्तजार करने को तैयार नहीं है .

इस तरह से जब विक्रेता अपने रिटर्न सही करके इनपुट् क्रेडिट देगा तब यह क्रेडिट फिर से आपको मिल जायेगी .

लेकिन अब आपको माल खरीदते वक्त सतर्क रहना होगा और आपके विक्रेताओं को भी प्रेरित करना होगा कि वे समय पर कर जमा कराएं और रिटर्न सही-सही भरे और इसके साथ ही आप जहाँ विक्रेता है वहाँ आप भी अपने रिटर्न सही - सही भरें ताकि आपके क्रेता किसी

परेशानी में नहीं पड़े.

क्या इनपुट क्रेडिट का कैपिटल गुड्स पर लिए गए डेप्रिसिएशन से भी कोई सम्बन्ध है ?

-हाँ यदि आप केपिटल गुड्स पर डेप्रिसिएशन लेते समय जी.एस.टी. के कर को भी जोड कर डेप्रिसिएशन लेते है तो ऐसे कर की इनपुट आपको नहीं मिलती है .

इस प्रकार यदि आप कैपिटल गुड्स पर जी.एस.टी. की इनपुट क्रेडिट लेना चाहते है तो कैपिटल गुड्स पर डेप्रिसिएशन लेते समय जी.एस.टी. कर को शामिल नहीं करें

क्या करमुक्त वत्तुओं के निर्माण के दौरान कोई वस्तु या सेवा पर कोई कर दिया है तो क्या उसका क्रेडिट मिलेगा ?

करमुक्त वस्तुओं के निर्माण में जो इनपुट लगता है उसकी क्रेडिट नहीं मिलेगी . यह स्वाभाविक ही है क्यों कि आप जब करमुक्त वस्तुओं पर कोई कर ही नही दे रहे है तो आपको उसमें लगे किसी भी इनपुट का क्रेडिट नहीं मिलेगा.

यदि कोई डीलर करमुक्त और करयोग्य दोनों ही वस्तुओं में इनपुट का इस्तेमाल करतें है तो इनपुट क्रेडिट किस प्रकार मिलेगी ?

ऐसी अवस्था में इनपुट क्रेडिट आनुपातिक रूप से मिलेगी और आपको

उतना ही क्रेडिट मिलेगा जितना कि आप करयोग्य वस्तूओं और सेवाओं की सप्लाई के लिए काम में ले रहे हैं.

यदि किसी इनपुट का इस्तेमाल व्यापार के साथ व्यक्तिगत कार्य में भी लेते हैं तो इनपुट किस तरह से मिलेगी ?

ऐसी अवस्था में भी इनपुट क्रेडिट आनुपातिक रूप से मिलेगी और जितना व्यक्तिगत उपयोग किया गया है उतनी क्रेडिट निरस्त हो जायेगी.

“जीरो रेटेड” गुड्स एवं सर्विसेज पर लगे इनपुट का क्या होगा ? कर तो यहाँ भी नहीं दिया जाता है तो क्या यहाँ भी इनपुट क्रेडिट निरस्त हो जायेगी ?

जी.एस.टी. के दौरान जीरो रेटेड सप्लाई वो होती जो या तो निर्यात की जाती है या सेज (SEZ DEVELOPERS OR SEZ UNITS) डीलर्स को की जाती है .

इन पर लगी इनपूट क्रेडिट रिफंड हो जायेगी .

यहाँ ध्यान रखें कि जो जी.एस.टी. की सूचि जारी की गई है वहां जो NIL TAX में वस्तुएं है उन्हें आप ZERO RATED नहीं समझे वे करमुक्त वस्तुए है और उनपर कोई इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगी .

यदि किसी एक बिल से आने वाला माल की डिलीवरी किश्तों में होती है तो इनपुट क्रेडिट कब मिलेगी ?

ऐसी अवस्था में इनपुट क्रेडिट डीलर को अंतिम डिलीवरी मिलने पर मिलेगी .

क्या इनपुट क्रेडिट प्राप्त करने का कोई सम्बन्ध माल एवं सेवा के भुगतान से भी है ?

क्रेताओं को इस बात के लिए प्रोहत्साहित करने या उन्हें आपको

भुगतान करने के लिए मजबूर करने के लिए जी.एस.टी. कानून में एक प्रावधान बनाया गया है जिसके तहत यदि कोई क्रेता अपने विक्रेता को माल खरीदने के 180 दिनों के भीतर भुगतान नहीं करते है तो उनकी ऐसे माल पर जिसका भुगतान नहीं करते है की इनपुट क्रेडिट तब तक के लिए कैंसिल कर दी जायेगी और यह क्रेडिट उन्हें उस वक्त ही मिलेगी जब कि वे अपने विक्रेताओं को भुगतान कर दे.

इनपुट क्रेडिट किन -किन वस्तुओं और सेवाओं पर उपलब्ध नहीं है और यदि उपलब्ध भी है तो कुछ शर्तों के साथ :-

| क्र.स. | वस्तु या सेवा का विवरण | इनपुट क्रेडिट की शर्त |
|---|---|---|
| 1. | Motor Vehicles and Other conveyance .<br>मोटर वाहन एवं परिवहन के साधन एवं वाहन | सामान्य तौर पर मोटर वाहन एवं परिवहन के साधन एवं वाहन पर चुकाए हुए जी.एस.टी. कर की इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगी .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>इस प्रकार से ख़रीदे गए वाहन का उपयोग करते हुए :-<br>1.उसे ही बेचने के व्यवसायी में लगे है .<br>2.यात्री परिवहन के |

| | | |
|---|---|---|
| | | व्यवसाय में लगे हैं.<br>3.जिस वाहन को खरीदा है उसको चलाना सिखाने के व्यवसाय में लगे हैं.<br>4.माल परिवहन के व्यवसाय में लगे है. |
| 2. | SERVICE:-<br>Food and beverages Services<br>खाद्य एवं पेय पदार्थ संबधी सेवा | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-<br>1.यदि आप इसी सेवा को प्रदान करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं .<br><br>2.यदि आप एक सयुंक्त सप्लाई (COMPOSITE SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी उस |

| | | |
|---|---|---|
| | | सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो.<br>3.यदि आप एक मिश्रित सप्लाई (MIXED SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी उस सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. |
| 3. | <u>SERVICE:-</u><br>Outdoor Catering Services<br>बाह्या खानपान सेवा | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>1.यदि आप इसी सेवा को प्रदान करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं .<br>2.यदि आप एक सयुंक्त सप्लाई (COMPOSITE SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल |

| | | |
|---|---|---|
| | | के साथ यह सेवा भी उस सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो.<br>3.यदि आप एक मिश्रित सप्लाई (MIXED SERVICE) दे रहें है और यह सेवा भी अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी एक सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. |
| 4. | <u>SERVICE:-</u><br>Beuty Treatment Services<br>सौन्दर्य प्रसाधन सेवा | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>1.यदि आप इसी सेवा को प्रदान करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं .<br>2.यदि आप एक सयुंक्त सप्लाई (COMPOSITE |

| | | |
|---|---|---|
| | | SUPPLY ) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी एक सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो.<br>3.यदि आप एक मिश्रित SUPPLY (MIXED SERVICE) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी एक सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. |
| 5. | <u>SERVICE:-</u><br>Health Services<br>स्वास्थ सेवा (स्वास्थ सेवाओं से जो भी हिस्सा कर योग्य है ) | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>1.यदि आप इसी सेवा को प्रदान करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं . |

| | | |
|---|---|---|
| | | 2.यदि आप एक सयुंक्त सप्लाई (COMPOSITE suppply ) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी उस सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो.<br>3.यदि आप एक मिश्रित सप्लाई (MIXED SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी उस सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. |
| 6. | <u>SERVICE:-</u><br>Cosmetics and Plastic Surgery Service<br>कॉस्मेटिक एवंम प्लास्टिक सर्जरी | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>1.यदि आप इसी सेवा को प्रदान करने के |

| | | |
|---|---|---|
| | | व्यवसाय में लगे हुए हैं . 2.यदि आप एक सयुंक्त सप्लाई (COMPOSITE SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी उस सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. 3.यदि आप एक मिश्रित सप्लाई (MIXED SUPPLY) दे रहें है और अन्य सेवाओं और माल के साथ यह सेवा भी एक सप्लाई का अंग हो अर्थात उसमें शामिल हो. |
| 7. | <u>SERVICE :-</u> Membership of a club , health and fitness centre किसी क्लब या स्वास्थ एवं फिटनेस सेंटर की सदस्यता | इस सेवा का इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा . |
| 8. | <u>SERVICE:-</u> Rent -a-cab, Life Insurance, Health Insurance Service | 1.सामान्यतया व्यापार के दौरान यदि इस सेवा का उपभोग कर कोई जी.एस.टी. कर चुकाया |

| | | |
|---|---|---|
| | | गया है तो इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>1.जब सरकार इस प्रकार से इन सेवाओं के बारे में अधिसूचित करे कि एक नियोक्ता द्वारा अपने कर्मचारी को यह सेवा देना अनिवार्य हो.<br>2. यही सर्विस आपकी आउटपुट सर्विस हो .<br>3. यही सर्विस आपकी किसी सयुंक्त सप्लाई (composite suppply ) या मिश्रित सेवा (MIXED SUPPLY ) का भाग हो . |
| 9. | सफ़र सम्बन्धी सेवाए जो कि कर्मचारियों को दी जाती है . Travelling Services (specially with reference to the travel benefits extended to the Employees. | इन सेवाओं पर लगने वाले जी.एस.टी. कर की इनपुट क्रेडिट सामान्य तौर पर यदि आप व्यापार के दौरान खरीदते है या काम में लेते है तो मिल जाएगी . |

| | | |
|---|---|---|
| | | <u>कब मिलेगी नहीं इनपुट क्रेडिट:-</u> जब की इन सेवाओं का उपयोग कर्मचारियों को छुट्टियों पर जाने या होम ट्रेवल कन्सेशन के लिए किया गया है . Travel benefits extended to employees on vacation such as Leave or Home Travel concession- No Input credit allowable. |
| 10. | माल एवं सेवाएं जिन्हें वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट सर्विस जो कि immovable property (प्लांट एवं मशीनरी के अलावा ) के construction में काम में लेते है . | इस सेवा की क्रेडिट नहीं मिलेगी . <u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u> जब इसे वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट की आउटपुट सेवा में इनपुट के रूप में इसे काम में लिया जाता है . |
| 11. | माल एवं सेवाएं जिन्हें | इस सेवा की क्रेडिट |

| | | |
|---|---|---|
| | immovable property के construction (प्लांट एवं मशीनरी के अलावा ) में जो कि स्वय के लिए ही निर्मित करवाई है . | किसी भी परिस्तिथी में नहीं मिलेगी . |
| 12. | माल एवं सेवा जिस पर कर का भुगतान विक्रेता द्वारा धारा 10 अर्थात कम्पोजीशन डीलर के रूप में किया गया है . | इस प्रकार ख़रीदे गए माल एवं सेवा की क्रेडिट किसी भी परिस्तिथी में नहीं मिलेगी .<br>कम्पोजीशन डीलर्स से माल खरीदने पर इनपुट क्रेडिट नहीं मिलती है. |
| 13. | माल अथवा सेवा जब एक अनिवासी (Non resident )के द्वारा प्राप्त की गई हो. | इस सेवा की क्रेडिट नहीं मिलेगी .<br><u>कब मिलेगी इनपुट क्रेडिट:-</u><br>जब कि इस माल को अनिवासी द्वारा आयात किया गया हो. |
| 14. | माल या सेवा का उपयोग जब व्यापार में नहीं बल्कि व्यक्तिगत रूप से किया गया हो . | इस सेवा की क्रेडिट किसी भी परिस्तिथी में नहीं मिलेगी . |
| 15. | जिस माल पर आपने कर का | इस माल की क्रेडिट |

| | | |
|---|---|---|
| | भुगतान किया है वह :-<br>(i). खो जाता है ;<br>(ii).चोरी हो जाता है ;<br>(iii). नष्ट हो जाता है ;<br>(iv).बिना बेचे समाप्त हो जाता है ; या<br>(v). उपहार या मुफ़्त नमुने के तौर पर (gift or free sammple) दे दिये गये हो . | किसी भी परिस्तिथी में नहीं मिलेगी . |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | धारा 74 (Determination of tax not paid or short paid or erroneously refunded or input credit wronngly avialed or utilised by reason of fraud or any willful mistatement or supppression of facts) धारा 129 (Detention , sezire and release of Goods andconveyance in transiit) एवम धारा 130 (Confication of goods or conveyance and levy of penalty) के तहत कर का भुगतान किया गया है | इस तरह से भुगतान किये गये कर की क्रेडिट किसी भी परिस्तिथी में नहीं मिलेगी .<br>- ये सभी कर चोरी से सम्बंधित मामले है और इनमे चुकाए गए कर की इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगी .<br>* |

*

अध्याय -7

## अन- रजिस्टर्ड डीलर द्वारा माल या सेवा की सप्लाई - कर भुगतान रिवर्स चार्ज के अधीन

## REVERSE CHARGE PROVISIONS

**रिवर्स चार्ज**

एक पंजीकृत व्यक्ति को माल या सेवाओं या दोनों की आपूर्ति के संबंध में जो कि एक एक अपंजीकृत सप्लायर द्वारा जो पंजीकृत नहीं है की जाती है उस पर प्राप्तकर्ता पंजीकृत व्यक्ति के द्वारा रिवर्स चार्ज के आधार पर कर का भुगतान किया जायगा.

इस प्रकार के प्राप्तकर्ता पर इस अधिनियम के समस्त प्रावधान उसी प्रकार से लागू होंगे जो कि वस्तु या सेवाओं की आपूर्ति या दोनों के संबंध में कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति है पर लागू होते है .

-जी.एस.टी. कानून की धारा 9(4).

1.रिवर्स चार्ज को लेकर एक बड़ी राहत

एक डीलर यदि एक दिन में 5000.00 रूपये तक की कुल खरीद या सप्लाई अन-रजिस्टर्ड डीलर्स से प्राप्त करता है तो ऐसे डीलर को रिवर्स चार्ज से मुक्त रखा गया है.

यहाँ यह ध्यान रखें कि यह खरीद पूरे दिन की हो और विभिन्न अन रजिस्टर्ड डीलर्स से हुई खरीद को एक साथ जोड़ कर यह 5000.00 की सीमा माने जायेगी और इससे ज्यादा खरीद या सप्लाई होने पर

प्रतिदिन बिल काटने की जगह महीने में एक बिल काटना होंगा .
यों भी रिवर्स चार्ज का कोई विशेष वित्तीय असर नहीं होता है क्यों कि इसकी इनपुट क्रेडिट , जहाँ भी क्रेडिट स्वीकृत हो सकती है , वापिस मिल जाती है लेकिन इस छूट से बहुत से डीलर्स को प्रक्रिया संबंधी उलझनों से छुटकारा मल जाएगा.
इसके लिए कृपया निम्नलिखित नोटिफिकेशन देखें :-
-Notification No. 8/2017 Dated 28th June 2017
2. यदि सेकंड हैण्ड वस्तु खरीदते हैं और बेचते समय उस पर कर चुका देते है तो इसकी खरीद अन-रजिस्टर्ड डीलर से होने पर भी धारा 9(4) के रिवर्स चार्ज के तहत कर चुकाने की आवश्यकता नहीं होगी , यदि खरीदने वाला इसी माल की खरीद एवं बिक्री के कार्य में सलग्न है -Notification No. 10/2017 Dated 28th June 2017.
3. इस नोटिफिकेशन का लाभ कम्पोजीशन डीलर्स नहीं ले सकते है क्यों कि कम्पोजीशन रुल के नियम संख्या 5(1)(d) के अनुसार कम्पोजीशन डीलर यदि अनरजिस्टर्ड से इनवर्ड सप्लाई प्राप्त करते है तो उन्हें रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा यदि उन्हें कम्पोजीशन स्कीम के तहत लेना है.
Rule 5(1)(d):-Conditions and Restirctions for Composition levy (1) The Persons exercising the option to pay tax under section 10 shall comply with the following conditions namely:-
(a).(b).(c ) ...........
(d).he shall pay tax under Section (3) or (4) of section 9 on inward supply of goods or services or both.
इस बारे में आगे लेखक की टिप्पणी भी पढ़ें और सरकार के आगे

आने वाले स्पष्टीकरण का भी इन्तजार करें .
कम्पोजीशन का एक व्यवहारिक पक्ष है कि इसके दौरान एक कर का तो निर्धारित जो दर होती है उसके अनुसार भुगतान किसी भी तरह से होना है और इसके बाद ही कम्पोजीशन कर का भुगतान होता है इसलिए इस प्रकार जो नोटिफिकेशन कम्पोजीशन डीलर को **"एक कर"** के भुगतान से रोक रहें हो सकता है वे कम्पोजीशन की मूल भावना के विरुद्ध हो या फिर हमारी सरकार की भावना ही इस तरह की छुट देने की हो इसलिए इस सम्बन्ध में सरकार के स्पष्टीकरण से ही स्तिथी साफ़ होगी.

जी.एस.टी. के दौरान सामान्यतया कर का भुगतान माल या सेवा की सप्लाई करने वाले को करना होता है लेकिन इस कानून के तहत कुछ् प्रावधान इस तरह से भी बनाए गए है जिनके अनुसार कर का भुगतान माल और सेवा के प्राप्तकर्ता को करना होगा.

इसी में से एक है अनरजिस्टर्ड डीलर द्वारा सप्लाई की गई सेवा और माल पर प्राप्तकर्ता द्वारा कर का भुगतान करना जिसे सी. जी.एस.टी. कानून की धारा 9 (4) में बताया गया है और इसी तरह के कानून आई.जी.एस.टी. एवं एस.जी.एस.टी. कानून में भी है .

जी.एस.टी. अधिनियम की धारा 9 (4) में अनरजिस्टर्ड डीलर्स से खरीद पर खरीददार को कर चुकाने का प्रावधान है जिसे रिवर्स चार्ज कहा जाता है जिसके तहत माल और सेवाएं दोनों ही आती है . आइये इस प्रावधान का अध्ययन करें जो आने वाले समय में आपके व्यापार

को प्रभावित करेगी लेकिन अनरजिस्टर्ड डीलर्स के व्यापार को भी प्रभावित करेगी.

अभी तो आपको क्यों कि आप अनरजिस्टर्ड डीलर्स से माल खरीदते है तो आपको इनपुट क्रेडिट नहीं मिलती है क्यों कि आप इस खरीद पर किसी भी तरह का कर नहीं देते है लेकिन अब यह प्रक्रिया जी.एस.टी. के दौरान बदल जायेगी.

जी.एस.टी. के दौरान यदि आप अनरजिस्टर्ड डीलर्स से माल खरीदते है तो आपको इस पर रिवर्स चार्ज के तहत कर भरना होगा और यह कर आपको केश लेजर से जमा करना होगा और इस प्रकार आपका जो भी आउटपुट बनेगा उसके साथ यह जमा कर समायोजित हो जाएगा इस प्रकार जब भी आप रिवर्स टैक्स के दौरान कर जमा कराएंगे तो आपके टैक्स जमा में यह राशि चली जायेगी और इसका कोई वित्तीय नुक्सान आपको नहीं होगा. लेकिन यदि इस टैक्स की इनपुट लेने के योग्य नहीं है तो यह कर आपको भुगतना होगा.

क्या रिवर्स चार्ज के प्रावधान कम्पोजीशन डीलर्स पर भी लागू होंगे ?

-हाँ यदि आप कम्पोजीशन डीलर है और आप अनरजिस्टर्ड डीलर्स से माल खरीदते है तो भी आपको इसी रिवर्स चार्ज के तहत कर चुकाना होगा और यह कर चुकाने के बाद आपको कम्पोजीशन कर का भी भुगतान करना होगा.

क्या सेवाओं की प्राप्ती पर जो की अन रजिस्टर्ड डीलर्स से प्राप्त की जाती है पर भी यह प्रावधान लागू होगा.

हाँ , यदि सेवाएं जो कि अन रजिस्टर्ड डीलर्स से प्राप्त की जाती है उनपर भी यह प्रावधान लागू होगा और ऐसी सेवाएं को प्राप्त करने वाले रजिस्टर्ड डीलर्स को भी रिवर्स चार्ज के तहत कर चुकाना होगा.

क्या इस प्रकार से चुकाये हुए कर की इनपुट क्रेडिट भी मिलेगी ?

हाँ इस तरह से चुकाए हुए कर की इनपुट क्रेडिट जहाँ भी मिलने योग्य होगी उसी तरह से मिलेगी जैसे कि रजिस्टर्ड डीलर्स की खरीद पर मिलती है .

क्या अनरजिस्टर्ड डीलर के द्वारा सप्लाई की गई हर वस्तु एवं सेवा पर रिवर्स चार्ज के दौरान कर का भुगतान करना होगा.

हाँ यदि रजिस्टर्ड डीलर किसी भी अनरजिस्टर्ड डीलर से माल या सेवाएं प्राप्त करता है तो उसे रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा और यह प्रावधान माल और सेवाओं दोनों पर लागू होगा.

जिन सेवाओं या माल पर इनपुट क्रेडिट स्वीकृत नहीं है क्या उनपर भी रिवर्स चार्ज के तहत कर देना होगा.

हाँ जिन सेवाओं के पर इनपुट क्रेडिट नहीं मिलती है उनपर भी रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करना होगा और वह माल या सेवा की लागत में जुड़ जाएगा .

क्या व्यवसाय में चाय , नाश्ता और स्टेशनरी की सप्लाई पर भी रिवर्स टैक्स के अनुसार कर देना होगा.

व्यवसाय में चाय , नाश्ता और स्टेशनरी की सप्लाई पर भी रिवर्स

टैक्स के अनुसार कर देना होगा .

इस प्रावधान को एक विस्तृत व्यवहारिक उदाहरण के माध्यम से समझाइये ?

देखिये इसे हम एक उस व्यापारी के सन्दर्भ में समझते है जो कि एक अनरजिस्टर्ड डीलर से 50000.00 रूपये का ऐसा माल खरीदते है जिस पर कर की दर 12 प्रतिशत है जिसमें से 6 प्रतिशत केंद्र का कर है और 6 प्रतिशत राज्य का कर है.

आइये अब इस व्यवहार में किस तरह से रिवर्स चार्ज काम करेगा . इस खरीद पर रिवर्स चार्ज का प्रावधान लागू होगा और खरीददार इस खरीद पर 6 प्रतिशत की दर से 3000.00 रूपये एस.जी.एस.टी और 3000.00 रूपये सी.जी.एस.टी. के रूप में चुकायेंगे और आपके द्वारा चुकाया गया यह कर आपको इनपुट क्रेडिट के रूप में अपने रिटर्न में वापिस मिल जाएगा. इसके लिए आप अपने आप को ही एक बिल काटेंगे और इस तरह से रिवर्स चार्ज की यह प्रक्रिया पूरी होगी.

क्या कम्पोजीशन डीलर्स को भी इस तरह से किये गए भुगतान का इनपुट क्रेडिट मिलेगा .

कम्पोजीशन डीलर्स को किसी भी खरीद पर इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है इसलिए रिवर्स चार्ज के तहत भुगतान का भी इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा.

क्या यह प्रावधान अन रजिस्टर्ड डीलर के व्यवसाय को प्रभावित करेगा.

हाँ . अब रजिस्टर्ड डीलर्स अनरजिस्टर्ड डीलर्स से माल खरीदने आर जुडी हुई प्रक्रियाओं से बचने के लिए उनसे माल खरीदने या

सेवाएं प्राप्त करने की जगह अब रजिस्टर्ड डीलर्स से ही माल एवं सेवाएं प्राप्त करें को प्राथमिकता देंगे और निश्चित रुप से यह अन रजिस्टर्ड डीलर्स के व्यापार को प्रभावित करेगी .

अनरजिस्टर्ड डीलर्स के लिए अब क्या उपाय है कि उनका व्यापार जी.एस.टी. के दौरान इस प्रावधान के कारण नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं हो ?

जो डीलर्स रजिस्टर्ड डीलर्स के साथ काम करते है अर्थात उन्हें माल बेचते है या उन्हें सेवाएं देते है उन्हें अब थ्रेशहोल्ड लिमिट (20 लाख रूपये ) का ध्यान रखे बिना अपना रजिस्ट्रेशन करवा लेना चाहिए.

रिवर्स चार्ज के लिए जिस भी खरीद या सप्लाई पर आपको कर चुकाना है उसके लिए माह में केवल एक बिल भी बना कर भी अपना दायित्व पूरा कर सकते हैं .

## अकाउंटिंग एंट्रीज़ किस तरह से करेंगे

### आइये एक उदाहरण के जरिये रिवर्स चार्ज और उसकी अकाउंटिंग को समझने की कोशिश करें

अ एक रजिस्टर्ड डीलर है और वह अपने व्यापर के दौरान एक दिन में निम्नलिखित खरीद अनरजिस्टर्ड डीलर से खरीद की है :-

| | |
|---|---|
| कच्चा माल | 15000.00 |
| जॉब वर्क | 7500.00 |

इसके अगले दिन वह निम्न लिखित सेवा प्राप्त करता है :-

| | |
|---|---|
| गुड्स ट्रांसपोर्ट एजेंसी | 4000.00 |

कच्चे माल पर कर की दर 12%, जॉब वर्क पर कर की दर 18% एवं गुड्स ट्रासपोर्ट एजेंसी पर कर की दर 5% है इसलिए इन सभी पर आपको रिवर्स चार्ज के दौरान कर का भुगतान करना है :-

| जी.एस.टी. की धारा | माल एवम सेवा |
|---|---|
| Section9(4) | कच्चा माल |
| Section9(4) | जॉब वर्क |
| Section 9(3) | गुड्स ट्रांसपोर्ट एजेंसी |

| माल एवं सेवा का | रकम | कर की | कर | विक्रेता /सेवा | सप्लाई का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|

| विवरण | | दर | | प्रदाता | |
|---|---|---|---|---|---|
| कच्चा माल | 15000.00 | 12 | 1800.00 | A | ब्यावर (राज.) |
| जॉब वर्क | 7500.00 | 18 | 1350.00 | B | ब्यावर (राज.) |
| जी.टी.ए. ट्रांसपोर्ट | 4000.00 | 5 | 200.00 | C | ब्यावर (राज.) |
| TOTAL | | | 3350.00 | | |

| On Purchases/Recipts of Goods and Services | | | |
|---|---|---|---|
| Raw Material a/c | Dr. | 15000.00 | |
| To A a/c | Cr. | | 15000.00 |
| Total | | 15000.00 | 15000.00 |
| SGST a/c | Dr | 900.00 | |
| CGST a/c | Dr. | 900.00 | |
| To REVERSE CHARGE | Cr. | | 1800.00 |
| Total | | 1800.00 | 1800.00 |
| Job Work a/c | Dr. | 7500.00 | |
| To B a/c | Cr. | | 7500.00 |
| Total | | 7500.00 | 7500.00 |
| SGST a/c | Dr | 675.00 | |
| CGST a/c | Dr. | 675.00 | |
| To REVERSE CHARGE | Cr. | | 1350.00 |
| Total | | 1350.00 | 1350.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Transportation a/c | Dr. | 4000.00 | |
| To C a/c | Cr. | | 4000.00 |
| Total | | 4000.00 | 4000.00 |
| SGST a/c | Dr | 100.00 | |
| CGST | Dr. | 100.00 | |
| To REVERSE CHARGE | Cr. | | 200.00 |
| Total | | 200.00 | 200.00 |
| REVERSE CHARGE a/c | Dr. | 3350.00 | |
| To Bank a/c | | | 3350.00 |
| Total | | 3350.00 | 3350.00 |

| REVERSE CHARGE ACCOUNT | | | |
|---|---|---|---|
| To Bank | 3350.00 | By SGST | 900.00 |
| | | By CGST | 900.00 |
| | | By SGST | 675.00 |
| | | By CGST | 675.00 |
| | | By SGST | 100.00 |
| | | By CGST | 100.00 |
| **TOTAL** | **3350.00** | **TOTAL** | **3350.00** |

| SGST ACCOUNT | | | |
|---|---|---|---|
| To REV CHARGE | 900.00 | | |
| To REV CHARGE | 675.00 | | |
| To REV CHARGE | 100.00 | | |
| **TOTAL** | **1675.00** | | |

| CGST ACCOUNT | | | |
|---|---|---|---|
| To REV CHARGE | 900.00 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| To REV CHARGE | 675.00 | | |
| To REV CHARGE | 100.00 | | |
| **TOTAL** | **1675.00** | | |

## रिवर्स चार्ज अकाउंट्स में क्रिएट करना

आप रिवर्स चार्ज से सम्बंधित एंट्री को उसी दिन कर लें जब आप माल या सेवा प्राप्त करते है भले ही इसके लिए आप बिल माह में एक बार समस्त सेवा एवं खरीद को मिलाते हुए एक साथ बनाए अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इसके दायित्व का आपको पता नहीं लगेगा और माह के आखिर में आप बिल बनाते समय आपको इससे मदद मिलेगी . यहाँ ध्यान रखें कि रिवर्स चार्ज का बिल आपको ही अपनी बिल बुक से बनाना है .

इसे आप अपनी सुविधा अनुसार परिवर्तन कर सकते है लेकिन जिन सेवाओं और वस्तुओं को आप प्राप्त करते है उनकी प्रविष्टी तो आपको तभी करनी होगी जब अन-रजिस्टर्ड डीलर आपको बिल देता है इसलिए यह उचित रहेगा कि उसी दिन रिवर्स चार्ज को भी क्रिएट कर लिया जाए चाहे आप उसके लिए अपना बिल माह के अंत में काटे और टैक्स का भुगतान भी सरकार को निर्धारित तिथी पर करें.

## कृपया ध्यान रखें

1. 5000.00 प्रतिदिन की छूट जो रिवर्स चार्ज से दी गई है वह धारा 9(4) के तहत ही है एवं ट्रांसपोर्ट एजेंसी का रिवर्स चार्ज धारा 9(3) के तहत है अत: 5000.00 प्रतिदिन की जो छूट है वह ट्रांसपोर्ट पर उपलब्ध नहीं है.
2. जो डीलर कम्पोजीशन में है उन्हें भी अपनी अन रजिस्टर्ड डीलर्स से खरीद पर रिवर्स चार्ज के तहत भुगतान करना ही होगा चाहे उनकी खरीद प्रतिदिन 5000.00 रूपये से कम हो. - ***रूल 5(1)(d)कम्पोजीशन रूल्स 2017***
3. रिवर्स चार्ज का भुगतान आपको करना ही होगा चाहे आपका इनपुट क्रेडिट बकाया क्यों नहीं रखा हो अर्थात इसका भुगतान आपको केश में ही करना होगा इसे आप अपने रखे हुए इनपुट क्रेडिट से एडजस्ट नहीं कर सकते है .
4. रिवर्स चार्ज पर खरीद का आपको एक बिल काटना होगा जो कि आपका ही बिल होगा और इस आप अपने पर ही काटेंगे. खरीद की एंट्री आप ऊपर बताये अनुसार कर चुके है इसलिए इस बिल की कोई अलग से एंट्री नहीं होगी लेकिन इसे आप अपना आउट पुट टैक्स जमा कराते समय और इनपुट टैक्स क्लेम करते समय रिटर्न में दिखायेंगे.

"कम्पोजीशन का एक व्यवहारिक पक्ष है कि इसके दौरान एक कर का तो निर्धारित जो दर होती है उसके अनुसार भुगतान किसी भी तरह से होना है और इसके बाद ही कम्पोजीशन कर का भुगतान

होता है इसलिए इस प्रकार जो नोटिफिकेशन कम्पोजीशन डीलर को “एक कर” के भुगतान से रोक रहें हो सकता है वे कम्पोजीशन की मूल भावना के विरुद्ध हो या फिर हमारी सरकार की भावना ही इस तरह की छुट देने की हो इसलिए इस सम्बन्ध में सरकार के स्पष्टीकरण से ही स्तिथी साफ़ होगी.”

# अध्याय -8

# जी.एस.टी. और इनपुट क्रेडिट का मिसमैच
# GST- MISMATCH OF INPUUT CREDIT

जब आप किसी विक्रेता से माल खरीदते है या सेवा प्रदाता से सेवा लेते है तो वे आपसे जो टैक्स चार्ज करते है और बिल जारी करते है लेकिन या तो वे अपना कर समय पर नहीं भरते हैं या आपको बेचे गए माल या प्रदान की गई सेवा को अपने आउटवर्ड सप्लाई के रिटर्न में समुचित रूप से नहीं दिखाते है तो फिर आपको वह पूरी तरह से नहीं मिलती है और एक मिसमैच क्रिएट हो जाता है जो की आपके अर्थात खरीददार के लिए एक समस्या है . यह समस्या वेट में भी थी और अब जी.एस.टी. में भी रहेगी .

आइये इसे एक सवाल के जरिये समझे कि क्या है ये मिसमैच की समस्या और किस तरह इसे जी.एस.टी. के कानूनों में इसका निवारण है और कब तक ये समस्या खरीददार के लिए बनी रहेगी.

प्रश्न :-

इस समय हमारे राज्य में जो वेट लागू है उसमे मिसमैच एक बहुत ही बड़ी समस्या है और जब हमारा कर निर्धारण हो जाता है तो जो कर हमारे विक्रेता नहीं जमा कराते है या हमें बेचे गए माल की विगत नियमानुसार अपने रिटर्न में नहीं देते है तो यह कर हमारे खाते में मिस मैच आ जाता है और यह कर हमसे ब्याज सहित माँगा जाता है .

- क्या जी.एस.टी. के दौरान भी यह समस्या बनी रहेगी ?

- यदि आपके विक्रेता आप को बेचे गए माल पर कर नहीं चुकाते है या इसकी विगत अपने बिक्री के रिटर्न में समुचित रूप से नहीं दिखाते है तो आपको यह मौक़ा मिलेगा कि आप इसमें जब यह आपके  खरीद के रिटर्न में अपने आप आये तो आप इसमें संशोधन कर सकते है लेकिन यदि यह संशोधन आपके विक्रेता द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है तो यह एक मिसमैच होगा और इसे आपको एवं आपके विक्रेता को रिटर्न भरने की अंतिम तिथी के बाद सूचित कर दिया जाएगा और जिस माह में आपको सूचित किया जाता है उस माह में  इस मिसमैच का निस्तारण नहीं होता है तो यह  खरीददार के  उस माह से अगले माह कर में जोड़ दिया जाएगा और इसे आपको जमा कराना होगा.
- इस तरह अब सरकार मिस्मैच को लेकर लंबा इन्तजार करने को तैयार नहीं है .
- इस तरह से जब विक्रेता अपने रिटर्न सही करके इनपुट् क्रेडिट देगा तब यह क्रेडिट फिर से आपको मिल जायेगी .
- लेकिन अब आपको माल खरीदते वक्त सतर्क रहना होगा और आपके विक्रेताओं को भी प्रेरित करना होगा कि वे समय पर कर जमा कराएं और रिटर्न सही-सही भरे और इसके साथ ही आप जहाँ विक्रेता है वहाँ आप भी अपने रिटर्न सही - सही भरें ताकि आपके क्रेता किसी परेशानी में नहीं पड़े.

*

अध्याय -9

# आइये देखें कैसे बनेगा जी.एस.टी. में बिल
## GST- INVOICE

जी.एस.टी. 1 जुलाई 2017 को लागू हो गया है और इस दौरान सबसे पहला काम जो डीलर्स को करना है वह है बिल या इनवॉइस बनाना तो आईये देखें कि जी.एस.टी. का बिल किस तरह कटेगा.

मान लीजिये बाकी सभी जी.एस.टी. से जुडी प्रक्रियाओं के लिए तो आपको समय मिल जाएगा लेकिन 1 जुलाई 2017 के बाद को ज्यों ही आप अपने तो व्यवसाय स्थल पर पहुचेंगे या पहुचें होंगे तो आपका जो पहला ग्राहक आपसे माल खरीदने पहुंचा होगा तो जी.एस.टी. से जुडी पहली प्रक्रिया के रूप में आपको एक बिल काटना पड़ा होगा तो आइये बात करें कि जी.एस.टी. के दौरान पहली प्रक्रिया के रूप में आप टैक्स इनवॉइस या बिल किस तरह से अच्छी तरह से बना सकेंगे .

पहले हम देखें कि जी.एस.टी. कानून के तहत बिल से सम्बन्धित प्रावधान धारा 31 में दिए हुए है और इस सम्बन्ध में रूल्स जी.एस.टी. कौंसिल द्वारा अनुमोदित कर दिए गए है तो आइये इस कानून और जी.एस.टी. कौंसिल के द्वारा अनुमोदित रूल्स की सहायता से देखें कि एक आम डीलर किस तरह से जी.एस.टी. का पहला टैक्स इनवॉइस या बिल काटेगा. सबसे पहले तो आप यह ध्यान कर लें कि जी.एस.टी. के दौरान कम्पुटर से टैक्स इनवॉइस बिल बनाना कोई जरुरी नहीं है यदि आप चाहे तो बिल कंप्यूटर की सहायता से काट सकते है और ऐसा नहीं चाहे तो आप अपनी बिल बुक छपवा कर भी काम चला सकते है .

एक दूसरा भ्रम यह है कि आपको प्रत्येक टैक्स इनवॉइस या बिल जी.एस.टी. के पोर्टल पर जाकर बनाना है यह भी सही नहीं है . आपको सिर्फ टैक्स इनवॉइस या बिल की विगत जो रजिस्टर्ड डीलर को आपने काटा है कि विगत अपने सप्लाई के रिटर्न में जिस माह में बिक्री हुई है उसके अगले माह की 10 तारीख तक देनी है ताकि आपका खरीददार इसकी क्रेडिट ले सके .

आइये हम सबसे पहले विचार करें एक ऐसी सप्लाई का जो आप अपने ग्राहक को उसी राज्य में करे रहें है जहाँ आप का व्यवसाय स्थल है तो आपकी यह बिक्री “राज्य के भीतर बिक्री” या इंटरास्टेट बिक्री कहलाएगी और जैसा कि हम पहले ही कई बार बता चुके है कि इस बिक्री पर आपको दो कर यानि राज्य का जी.एस.टी. - एस.जी.एस.टी. एवं केंद्र का जी.एस.टी. सी.जी.एस.टी वसूल करना है .

आइये अब उदाहरण के लिए आपका व्यापार भी तय कर देते हैं - समझ लीजिये कि आप रेडीमेड कपड़ों का काम करते है और आपका पहला ग्राहक आपसे 100 शर्ट्स खरीदता है जो प्रति शर्ट आपकी बिक्री की कीमत 1100 रूपये है इस प्रकार कर की दर 12% होगी जिसमें से मान लें कि राज्य का जी.एस.टी. 6 प्रतिशत ही और केंद्र का जी.एस.टी. भी 6 प्रतिशत है तो आपके बिल के लिए आंकड़े इस प्रकार से बनेगें :-

| माल का विवरण | शर्ट्स |
|---|---|
| मात्रा | 100 |
| कीमत प्रति शर्ट | 1100 रूपये |
| कुल कीमत | 110000.000 |
| राज्य का जी.एस.टी. | 6600.00 |
| केंद्र का जी.एस.टी. | 6600.00 |
| कुल बिल की रकम | 123200.00 |

| | |
|---|---|
| आपका जी.एस.टी.एन | 08AAAPP5715M1Z3 |
| ग्राहक का जी.एस.टी.एन | 08SSSPS7325M1Z3 |

ये सारी सूचनाएं वे है जिनके आधार पर आप अपना जी.एस.टी. का बिल काट सकते हैं . आइये देखें कि जी.एस.टी. का बिल बनाते समय कौनसी - कौनसी सूचनाये आपको बिल में भरनी है :-

| |
|---|
| 1.सप्लाई करने वाले का नाम, पता एवं जी.एस.टी.एन. नंबर |
| 2. बिल का सीरियल नंबर |
| 3. बिल जारी करने की तारीख |
| 4.सप्लाई प्राप्त कर्ता का नाम, पता एवं जी.एस.टी.एन. नंबर (यदि रजिस्टर्ड है तो ) |
| 5.यदि सप्लाई प्राप्तकर्ता अन-रजिस्टर्ड है, सप्लाई प्राप्तकर्ता का नाम, पता एवं डिलीवरी का पता यदि करयोग्य सप्लाई की कीमत 50000.00 रूपये से अधिक है और यदि सप्लाई की कीमत 50 हजार से कम है तो यदि आपका खरीददार ऐसा चाहता है तो आपको यह सूचनाएं बिल / इनवॉइस में देनी है.<br>बिल में किसी भी प्रकार से ग्राहक का पेन नंबर या आधार नंबर देने की जरुरत नहीं है . |
| 6.एच.एस.एन.कोड:-<br>Turnover less than 1.5 crores- HSN code is not required to be mentioned<br>Turnover between 1.5 -5 crores can use 2-digit HSN code<br>Turnover above 5 crores must use 4-digit HSN code |
| 7.माल का विवरण |
| 8.माल की मात्रा |
| 9.माल की कुल कीमत<br>10. कर की दर:- एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. कर की दर |

| |
|---|
| 11. कर की रकम |
| 12. माल के सप्लाई की जगह एवं राज्य यदि आपकी सप्लाई आपके राज्य से दूसरे राज्य में है. |
| 13.माल की डिलीवरी का पता यदि यह पता सप्लाई के पते से अलग है. |
| 14.क्या कर रिवर्स चार्ज के तहत चुकाया गया है . |
| 15.डीलर के दस्तखत या डीलर के डिजिटल सिग्नेचर . (बिल पर डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य नहीं है केवल दस्तखत से भी काम चल सकता है ) |

## कम्पोजीशन डीलर बिल किस तरह से बनाएँगे

कम्पोजीशन डीलर टैक्स इनवॉइस नहीं बल्कि बिल ऑफ सप्लाई बनायेंगे . यहाँ यह ध्यान में रखें कि कम्पोजीशन डीलर्स किसी तरह का कर अपने बिल ऑफ़ सप्लाई में अलग से वसूल नहीं कर पाएंगे . आइये देखें कि कम्पोजीशन डीलर्स का जारी किये हुए बिल में क्या -क्या सूचनाये होंगी :-

| |
|---|
| 1.सप्लाई करने वाले का नाम, पता एवं जी.एस.टी.एन. नंबर |
| 2. बिल का सीरियल नंबर |
| 3. बिल जारी करने की तारीख |
| 4.सप्लाई प्राप्त कर्ता का नाम, पता एवं जी.एस.टी.एन. नंबर (यदि रजिस्टर्ड है तो ) |
| 5.यदि इस प्रकार से छुट हुई तो कम्पोजीशन डीलर्स को एच.एस.एन. कोड देने की जरुरत ही नहीं होगी . |
| 6.माल का विवरण |
| 7.माल की मात्रा |
| 8.माल की कुल कीमत |

| |
|---|
| 9. डीलर के दस्तखत या डीलर के डिजिटल सिग्नेचर . (बिल पर डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य नहीं है ) |

कुछ विशेष बातें जो बिल जारी करते समय ध्यान रखें :-

| |
|---|
| 1.जो भी आप बिल जारी करेंगे वो तीन प्रतियों में होगा - OROGINAL FOR RECEIPIENT |
| 2.द्वितीय प्रति पर आप लिखेंगे - DUPLICATE FOR TRANSPORTER |
| 3.तृतीय प्रति पर आप लिखेंगे - TRIPLIICTE FOR SUPPLIER |

ये तीनों प्रतियों पर आप पहले से छपवा कर ही रखें .

यदि आपकी सप्लाई का एक बिल 200.00 रूपये से कम की है तो यह जरुरी नहीं है कि आप इस तरह की हर सप्लाई पर अलग बिल बनाये . इसका आप पूरे दिन का एक ही बिल इस तरह की सारी सप्लाई को मिलाकर बना सकते है बशर्ते कि :-

1. यह सप्लाई रजिस्टर्ड डीलर्स को नहीं हो- यदि सप्लाई रजिस्टर्ड डीलर को है तो प्रत्येक बिल इस तरह की सप्लाई का अलग से काटना होगा अन्यथा रजिस्टर्ड डीलर को इनपुट क्रेडिट किस तरह से मलेगी.
2. यदि क्रेता को बिल की आवश्यकता नहीं हो - यदि क्रेता माल की खरीद का बिल मांगता है तो उसे अलग से बिल देना ही होगा.

आपके लिए जी.एस.टी. में एक विशेष बात और है जो ध्यान में रखनी आवशयक है और वह है कि जब आप माल या सेवा के लिए एडवांस भुगतान प्राप्त करते है तो आपकी उस एडवांस रकम पर कर की जिम्मेदारी हो जाती है अर्थात जब भी आप एडवांस प्राप्त करेंगे तो आपको उसी माह में उस पर कर चुकाना है चाहे सप्लाई अगले माह हुई है .

इसके लिए आप एक रसीद वाउचर जारी करेंगे. इसे भी आप एक उदाहरण के जरिये समझ लें :-

आपको जुलाई माह में 100 शर्ट का 1100 रूपये शर्ट के हिसाब से आर्डर मिला है और इसके लिए 50000.00 रुपये एडवांस मिले . आप इस माल की सप्लाई अगस्त में करेंगे. इस प्रकार यह व्यवहार कुल 110000.00 रूपये का हुआ है .

- इस व्यवहार में आपको 50000.00 रूपये पर तो कर जुलाई माह में जोड़ना होगा जिसका भुगतान अगले माह यानि अगस्त में आप करेंगे और शेष 60000.00 रूपये पर कर का भुगतान अगस्त माह में जोड़े हुए सितम्बर में करेंगे.

एडवांस प्राप्ति के लिए जारी वाउचर में भी लगभग वही डिटेल्स होगी (जो रसीद के लीये लागू होती है ) जो टैक्स इनवॉइस में होती है .

*

# अध्याय -10

## ई-वे बिल (इलेक्ट्रॉनिक वे बिल )
## E-WAY BILL

ई-वे बिल (इलेक्ट्रॉनिक वे बिल ) के बारे में व्यापार एवं उद्योग की राय कोई अच्छी नहीं है और वे इसे हटाने या केवल दो राज्यों के बीच व्यापार में लगाए जाने की सलाह दे रहें है . इसके अतिरिक्त वे 50000.00 रूपये की सीमा को भी 5.00 लाख रूपये करने की मांग कर रहे है .

डीलर्स के लिए थोड़ी सी राहत की खबर यह है कि 1 जुलाई 2017 से जी.एस.टी. लागू हो गया है तो भी ई-वे बिल (इलेक्ट्रॉनिक वे बिल) अक्तूबर 2017 लागू नही होगा क्यों कि इसके लिए जी.एस.टी.एन का सिस्टम तैयार नहीं है इसलिए फिलहाल इसे स्थगित कर दिया गया है लेकिन राज्यों को यह छूट दी गई है कि वे अपने रोड परमिट जारी रख सकते हैं . ई-वे बिल लागू होने की अंतिम रूप से घोषणा होने तक इस बिल का इंतजार ही करना होगा.

बहुत से राज्यों ने इस प्रकार से जारी रोड परमिट समाप्त कर दिए है लेकिन कुछ राज्यों में अभी भी जारी है.

यहाँ हमारी ई -वे बिल को लेकर जो चर्चा है वह ई - वे बिल को लेकर जो ड्राफ्ट रूल्स जारी हुए थे उनके आधार पर है इसका अंतिम नतीजा तभी निकलेगा जब कि सरकार अंतिम रूप से ई -वे रूल्स जारी करेंगे.

आइये देखें की इस समय इ-वे बिल के रूस में क्या लिखा है :-

138. E-way rule

Till such time as an E-way bill system is developed and approved by the Council, the Government may, by notification, specify the documents that the person in charge of a conveyance carrying any consignment of goods shall carry while the goods are in movement or in transit storage.

इसका अर्थ यह है कि अभी तक ई- वे बिल के लिए जी.एस.टी.एन. का सिस्टम तैयार नहीं है और तब तक सरकार अधिसूचना जारी कर यह सुनिश्छित कर सकती है कि माल के परिवहन के समय किस तरह के डाक्यूमेंट्स साथ में चाहिए .

आइये ई-वे के प्रावधान जो ड्राफ्ट रूल्स में दिए गए थे उनका अध्ययन करें :-

जी.एस.टी. के दौरान एक प्रावधान वे- बिल जारी करने के सम्बन्ध में है जिसके लिए जो ड्राफ्ट रूल्स जारी किये गए है उससे व्यापारी वर्ग एवं डीलर्स में एक बहुत बड़ी हलचल है और इसका एक बहुत बड़ा कारण यह है कि एक तो इस समय जो समाचार मिल रहे है उनके अनुसार यह सभी वस्तुओं पर लागू है और दूसरा इसकी सीमा केवल 50000.00 रूपये है जो कि व्यापार और उध्योग जगत के हिसाब से बहुत कम है .

आइये देखें कि यह प्रावधान क्या है और आपसे विस्तार से चर्चा करें कि ई-वे बिल को लेकर आपकी जो आशंकाएं है वो कितनी सच है और अब सरकार को वास्तव में इस सम्बन्ध में क्या करना चाहिए . इस सम्बन्ध में आपके सवाल भी है आइये उन्हें पहले ले लेते है :-

प्रश्न :-

क्या इलेक्ट्रोनिक वे-बिल अभी जारी रोड परमिट की तरह ही है ? क्या यह केवल दो राज्यों के बीच व्यापार पर ही लागु होगा या राज्य के भीतर बिक्री पर भी लागू होगा ?

हाँ आप यह मान सकते है कि यह एक तरह से रोड परमिट ही है . लेकिन अभी तक जारी रोड परमिट जारी है वे दो राज्यों के बीच हुए व्यापार में ही लागू होते है और कई राज्यों में यह केवल विशिष्ट वस्तुओं पर ही लागू है लेकिन ईवे-बिल राज्य के भीतर और राज्य के बाहर दोनों बिक्री पर लागू है और सभी वस्तुओं पर लागू होगा . व्यापार एवं उद्योग जगत की यह उम्मीद थी कि जी.एस.टी. के दौरान रोड परमिट नाम की कोई बाधा नहीं होगी लेकिन उनकी यह उम्मीद तो पूरी नहीं हुई बल्कि इसका दायरा भी बढ़ा दिया गया है .

प्रश्न :-

इस फॉर्म को किस रकम के बिल पर जारी करना होगा

50000.00 रूपये से अधिक के प्रत्येक जिसमे माल का मूवेमेंट हो रहा है उस पर यह इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जारी करना होगा चाहे यह मूवमेंट माल की सप्लाई के लिए हो या किसी और कारण से.

आप यह मान कर चले कि 50000.00 रूपये से अधिक का माल बिना इलेक्ट्रोनिक वे-बिल के मूव नहीं कर पायेगा. अब आप इस मूव का अर्थ मॉल को बेचना और भेजना दोनों ही लगा सकते है और चूँकि यह मूव सप्लाई के अलावा भी सारे माल के मूवमेंट को कवर करता है इसलिए अभी तक जो सूचना उपलब्ध है उसके अनुसार

50000.00 रूपये के अधिक के माल के हर मूवमेंट के लिए इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जारी करना होगा .

प्रश्न :-ये इलेक्ट्रोनिक वे-बिल कहाँ से जारी होगा ?

ये इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जी.एस.टी. कॉमन पोर्टल से जारी होगा और आपको इसे कंप्यूटर और इन्टरनेट की मदद से जारी करना होगा. इस इलेक्ट्रोनिक वे-बिल के लिए बिल/ चालान की विगत तो आप जी.एस.टी. पोर्टल पर अपलोड करेंगे और उसके बाद या तो आप, अथवा आपका या खरीददार के ट्रांसपोर्टर द्वारा बिल की अपलोड की गई विगत से इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जारी करेंगे .

प्रश्न :-क्या ये इलेक्ट्रोनिक वे-बिल रास्ते में भी चेक होगा .

हाँ इसे चेक करने की प्रावधान भी बनाये गए है और यह राज्य के भीतर और राज्य के बाहर जहाँ भी माल का मूवमेंट होगा वहां इसे अधिकारियों द्वारा चेक किया जा सकता है .

एक राज्य में मूवमेंट के दौरान इलेक्ट्रोनिक वे-बिल एवं माल वाहन एक ही बार चेक होगा और कर चोरी की पुख्ता जानकारी होने पर ही इस दूसरी बार चेक किया जा सकता है . दो राज्यों की बीच व्यापार में इसे रास्ते में पड़ने वाले हर राज्य में चेक किया जा सकेगा.

प्रश्न :-क्या इस चेकिंग के दौरान समय की बर्बादी रोकने के लिए कोई उपाय किये गए है .

हाँ इस प्रावधान की एक अच्छी बात यह है कि यदि आपका माल वाहन किसी एक जगह पर चेकिंग के दौरान 30 मिनिट से अधिक रोका जाता है तो आप जी.एस.टी. पोर्टल पर इसकी सूचना को अपलोड कर सकते है .
इस सूचना के बाद क्या होगा यह तो अभी घोषित नहीं है लेकिन इस प्रावधान से अधिकारियों पर रोके गए हर वाहन को 30 मिनिट में छोड़ने का नैतिक दबाव तो रहेगा ही. इस समय कई बार चेकिंग के दौरान माल वाहनों को कई घंटो तक रुकना होता है .

प्रश्न :-क्या इलेक्ट्रोनिक वे-बिल को काम में लेने की कोई निश्चित अवधि होगी या एक बार जारी होने के बाद इसे कभी भी काम में लिया जा सकेगा.

इस इलेक्ट्रोनिक वे-बिल को काम में लेने की एक निश्चित अवधि है और इस अवधि के कारण व्यापारी एवं ट्रांसपोर्टर पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है वे एक निश्चित अवधि में माल को डिलीवर कर दे .

आइये इस अवधि को भी देख लें :-

| क्र.स. | दूरी (जिस स्थान से माल प्रारम्भ होकर | इलेक्ट्रोनिक वे-बिल की वैधता की अवधि |
|---|---|---|

| | जहां तक पहुंचना है ) | |
|---|---|---|
| 1. | 100 कि.मी.से कम | एक दिन |
| 2. | 100 कि,मी. या इससे अधिक लेकिन 300 कि.मी. से कम | तीन दिन |
| 3. | 300 कि,मी. या इससे अधिक लेकिन 500 कि.मी. से कम | पांच दिन |
| 4. | 500 कि,मी. या इससे अधिक लेकिन 1000 कि.मी. से कम | दस दिन |
| 5. | 1000 कि.मी. या इससे अधिक | 15 दिन |

प्रश्न :-यदि एक इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जारी किया गया है लेकिन वह माल बेचा जाना निरस्त हो गया है तो क्या यह इलेक्ट्रोनिक वे-बिल केंसिल किया जा सकता है ?

इलेक्ट्रोनिक वे-बिल जारी किये जाने के 24 घंटे के भीतर इसे केंसिल किया जा सकता है .

प्रश्न :-इस प्रावधान में जो RFID तकनीक के बारे में जिक्र किया गया है क्या उसे सभी माल - वाहनों पर लगाना होगा ? यह तकनीक क्या है कृपया सरल शब्दों में बताएं .

ट्रांसपोर्टर यदि इलेक्ट्रोनिक वे-बिल की एक कॉपी अपने पास रखता है तो उसे इस तकनीक का इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं होगी लेकिन यदि इस इलेक्ट्रोनिक वे-बिल की हार्ड कॉपी नहीं है तो फिर ट्रांसपोर्टर को RFID तकनीक के जरिये ये इलेक्ट्रोनिक वे-बिल चेक कराना होगा.

लेकिन RFID तकनीक का इसलिए महत्व है कि इसी प्रावधान में एक व्यवस्था यह भी है कि जी.एस.टी. कमीश्नर एक अधिसूचना के तहत " कुछ प्रकार के" माल वाहकों को यह तकनीक अपने वाहनों पर लगाना अनिवार्य कर सकते है . इसलिए इस तकनीक का अर्थ समझाना जरुरी है.

आइये देखे ये Radio Frequency Identificationn Device का क्या अर्थ है :-

रेडियो-आवृत्ति पहचान (अंग्रेज़ी: Radio-frequency identification) एक तकनीक का उपयोग है (आमतौर पर एक RFID टैग के रूप में संदर्भित) जिसे एक उत्पाद, पशु, या व्यक्ति में रेडियो तरंगों के इस्तेमाल से पहचान करने और ट्रैकिंग के उद्देश्य से लगाया या डाला जाता है। कुछ टैग को कई मीटर दूर से और पाठक की दृष्टि रेखा के पार से पढ़ा जा सकता है।

संभार-तन्त्र और परिवहन, RFID प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के प्रमुख क्षेत्र हैं। उदाहरण के लिए, यार्ड प्रबंधन, शिपिंग और माल ढुलाई और वितरण केन्द्र, कुछ ऐसी जगहें हैं RFID ट्रैकिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाता है। दुनिया भर की परिवहन

कंपनियां, व्यापार मूल्य और कार्यकुशलता पर RFID प्रौद्योगिकी के प्रभाव के कारण इसको तवज्जो देती हैं।

प्रश्न :-अब एक आखिरी प्रश्न इलेक्ट्रोनिक वे-बिल के सम्बन्ध में :- आप जी.एस.टी. का अध्धयन काफी वर्षों से कर रहे है क्या आपको इस तरह के रोड परमिट के आने की आशंका थी ? आप इस प्रावधान को किस तरह से देखते है ?

-अभी तक इस तरह के वे-बिल जो राज्यों के मध्य होने वाले व्यापार पर ही लागू थे लेकिन इस प्रावधान से इसे काफी व्यापक कर दिया गया है और राशि 50 हजार भी काफी कम है और जिस तरह से यह प्रावधान बनाये जा रहे है उनके अनुसार यह सभी वस्तुओं एवं हरेक मूवमेंट पर लागू हो जाएगा .

जी.एस.टी. से व्यापार एवं उद्योग को सरलीकरण की एक उम्मीद थी और इस तरह के प्रावधान इस उम्मीद को समाप्त कर रहे है इसलिए ये प्रावधान किसी भी तरह से स्वागत योग्य नहीं है लेकिन अगर सरकार ऐसे प्रावधान बना ही रही है तो आपको इनका पालन करना ही होगा.

उद्योग एवं व्यापारिक संघठनों ने इस राशि को बढ़ा कर 5.00 लाख रूपये करने का अनुरोध किया है और इसे केवल दो राज्यों के बीच होने वाले व्यापार पर लागू किये जाने की मांग की है .

*

## अध्याय -11

## कैसे होगा निर्धारण दोहरे नियंत्रण की 50 : 50 सहमती के तहत जी.एस.टी.

## कौन करेगा आपका असेसमेंट (कर -निर्धारण )

## DUUAL CONTROL ON DEALERS-ASSSSMENT

जी.एस.टी. 1 जुलाई 2017 से लागू हो चुका है और स्पष्ट रूप से यह एक दोहरा कर है जिसे राज्य का वेट विभाग और केंद्र का सेंट्रल एक्साइज विभाग लागू करेगा तो फिर यह सवाल भी उठेगा कि आपके कर का निर्धारण क्या दो विभाग एक साथ करेंगे ? आइये देखें इस विषय को केंद्र और राज्य सकारों ने किस प्रकार से निपटाया है और इसका क्या समाधान निकाला गया है .

जी.एस.टी.कोंसिल की जो 2016 के अंतिम तिमाही में जो बैठकें हुई थी उनमें से अंतिम तीन मीटिंग्स में जो मुद्दा सबसे अधिक चर्चा का विषय बना था वह था करदाताओं के ऊपर “दोहरे नियंत्रण” अर्थात ड्यूल कंट्रोल का.

इसके बाद 16 जनवरी 2017 को जी.एस.टी. कौंसिल की अभी तक की अंतिम मीटिंग हुई थी उसमे इस समस्या का समाधान ढूंढ लेने का दावा किया जा रहा है उसके अनुसार 150 लाख रूपये तक की बिक्री तक के डीलर्स का नियंत्रण राज्यों और केंद्र के बीच 90 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत के अनुपात में बांटा जाएगा अर्थात 90 प्रतिशत डीलर्स पर राज्यों का नियंत्रण रहेगा और शेष 10 प्रतिशत

डीलर्स पर केंद्र का नियंत्रण रहेगा. इस नियंत्रण का अर्थ यहाँ उनके "कर निर्धारण" अर्थात असेसमेंट से है . 150 लाख रुपये की बिक्री से अधिक के डीलर्स के नियंत्रण को राज्य और केंद्र के बीच सहमती के तहत 50 : 50 के अनुपात में बांटा जाएगा अर्थात कुल डीलर्स के 50 प्रतिशत पर राज्य नियंत्रण रखेंगे और शेष 50 प्रतिशत पर केंद्र नियंत्रण रखेगा.

सर्विस टैक्स डीलर्स और अंतरप्रांतीय बिक्री करने वाले डीलर्स के सम्बन्ध में भी यह फैसला लागू होगा यह अभी तक जो बयान आ रहें है उनमे स्पष्ट नहीं किया गया है और यहाँ ध्यान रखे कि सर्विस टैक्स डीलर्स के लिए 150 लाख रूपये का टर्नओवर बहुत बड़ी रकम है और ऐसे 90 प्रतिशत डीलर्स का नियंत्रण केंद्र राज्यों के पास छोड़ दे यह शायद संभव नहीं लगता है .

यहाँ नियंत्रण रखने का अर्थ यह है कि इन डीलर्स का कर निर्धारण ऊपर बताये गये अनुपात के अनुसार राज्य एवं केंद्र सरकार के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा और इसी मुद्दे पर राज्य और केंद्र एक मत नहीं हो पा रहे थे इसीलिये जी.एस.टी. कौंसिल की कई बैठकें बिना किसी नतीजे के समाप्त हो रही थी .

यहाँ यह ध्यान रखें कि जब सभी रिटर्न जी.एस.टी.एन. नामक एक ही नेटवर्क पर भरे जायेंगे और चूँकि इस समय भी लगभग अधिकांश राज्यों में वेट के भी सभी "कर निर्धारण" ऑनलाइन ही होते है तब फिर एक सोचने वाली बात यह है कि यह दोहरे नियंत्रण का प्रश्न इतना बड़ा कैसे हो गया .

अब इस 50:50 के तहत कौनसा डीलर का कर निर्धारण राज्य करेगा इसका फैसला भी किसी भी फार्मूले के तहत होगा जिस पर राज्य एवं केंद्र सहमत होंगे लेकिन ऐसा नहीं लगता इस तरह का फैसला व्यापार और उध्योग के लिए प्रक्रियाओं में कोई सरलीकरण लाएगा और यहाँ विशेष बात यह है कि जी.एस.टी. पर केंद्र और राज्य ही आपस में ही प्रारम्भ से ही विवाद रहा है और जी.एस.टी. स्वयं ही केंद्र और राज्यों के बीच अधिकारों की एक खीचतान का मुद्दा रहा है और इस कर प्रणाली को लागू करने में व्यापार और उध्योग की राय को कोई अधिक महत्त्व नहीं दिया गया है . दोहरे नियंत्रण का मामला भी इसी तरह से केंद्र और राज्यों की

अपने -अपने अधिकार सुरक्षित करने की लड़ाई का ही एक हिस्सा है इसीलिये इस तरह के 50:50 तरह के प्रक्रियाओं को और भी उलझाने वाले फैसले लेने में हमारे कानून निर्माताओं को कोई दुविधा अथवा हिचक नहीं हुई है .

आखिर यह दोहरे नियंत्रण का मुद्दा इतना महत्वपूर्ण कैसे हुआ इसके पीछे कारण यह है कि राज्यों के पास कुल मिला कर अप्रत्यक्ष कर को देखने के लिए लगभग 265000 अधिकारी एवं कर्मचारी है एवं केंद्र के पास भी इसी काम के लिए कुल 85000 अधिकारी एवं कर्मचारी है इसलिए काम का बँटवारा भी जरुरी था, ऐसा भी कहा जा रहा है और इसके साथ ही राज्यों एवं केंद्र के अधिकारों की बात भी इस मुद्दे से जुडा था .

लेकिन यदि व्यापार और उध्योग के हितों की और देखना हो और जी.एस.टी. को सरलीकरण की और ले जाना है तो राज्य एवं केंद्र के अप्रयक्ष करों के सभी स्टाफ को मिला कर एक “संघीय स्टाफ कैडर” बनाया जा सकता है जिससे कि व्यवहारिक रूप से भी दोहरे नियंत्रण की समस्या हल हो सकती है और 50:50 जैसे तरीके का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता .

*

अध्याय -12

# जीएसटी के तहत गिरफ्तारी के प्रावधान
# ARREST PROVISIONS UNDER GST

जीएसटी हमारे देश में 1 जुलाई 2017 से लागू हो चुका है और अब जी.एस.टी. स्वयं एक सार्वजनिक चर्चा का एक बहुत ही बड़ा विषय है और ये स्वाभाविक भी है क्योंकि इस परिवर्तन की इस प्रक्रिया में बड़े से छोटे सभी व्यापारियों को इस में शामिल किया जा रहा है जहां पूरे अप्रत्यक्ष प्रणाली को नई व्यवस्था की व्यवस्था - माल और सेवा कर अर्थात गुड्स एंड सर्विस टैक्स के तहत ले लिया जाना है।

इस बार में एक मुख्य बात ध्यान में रखें कि कोई परिवर्तन को रोक नहीं सकता क्यों कि परिवर्तन एक निरंतर प्रक्रिया है लेकिन परिवर्तन का विरोध एक स्वाभाविक प्रतिक्रया है और यह मन की स्वाभाविक अवस्था है जिसमें परिवर्तन के साथ एक स्वाभाविक डर जुडा रहता है। जी.एस.टी. भी इस परिवर्तन की निरंत्तर प्रक्रिया का ही परिणाम है और अब भारत में लगने वाला ही है इसलिए इस विषय पर चर्चा का दौर भी काफी तेज हो गया है और इसके साथ ही कुछ ऐसे विषय भी है जिनके बारे में उठ रही आशंकाए दूर करना भी जरुरी है.

"जी.एस.टी. के दौरान गिरफ्तारी के प्रावधान" भी जी.एस.टी. के दौरान

पूरे देश में हो रही चर्चा का एक हिस्सा है और कई बार लोग हमसे भी इस बारे में प्रश्न करते है और धीरे -धीरे इस विषय पर आने वाले सवालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है .

“जी.एस.टी. के दौरान गिरफ्तारी के प्रावधान” एक विचारोत्तेजक और सनसनीखेज विषय भी है ऐसे व्यक्तियों के दिमाग में भय और चिंता का अपना अलग ही हिस्सा जोड़ देगा जो परिवर्तन से बहुत ही जल्दी नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं।

इस संमय हम जो विषय ले रहे हैं, उनमें से एक "जीएसटी के तहत गिरफ्तारी के प्रावधान " है जो जीएसटी के विभिन्न हितधारकों के बीच इस समय चर्चा और चिंता का विषय है। इसका कारण बहुत सरल है और वह यह है की “गिरफ्तारी” शब्द अपने आप में ही बहुत गंभीर कार्रवाई है.

आइये हम यह जीएसटी के दौरान गिरफ्तारी के प्रावधान को बहुत सावधानी से देखें हैं कि यह कैसे और किस तररह के जीएसटी डीलरों को प्रभावित करेगा ताकि आपके दिमाग में इस प्रावधान को लेकर कोई भ्रांतियां हो तो वे दूर हो सके इस सम्बन्ध में जो भय और असमंजस का वातावरण है जिन्हें आप अफवाहें भी कह सकते है वह भी दूर हो जाए ताकि आपका जी.एस.टी. में प्रवेश हो वह भयमुक्त वातावरण में हो.

# माल और सेवा कर के प्रावधानों के तहत व्यक्ति को कब गिरफ्तार किया जा सकता है?

जी.एस.टी. के दौरान गिरफ्तारी के प्रावधान धारा 69 में दिए गए हैं और उनके अनुसार यदि सीजीएसटी / एसजीएसटी के आयुक्त का मानना है कि एक व्यक्ति ने 132 के तहत अपराध किया है जिनका उल्लेख  इस धारा के प्रथम चार बिन्दुओं 132 (a), (b), (c) एवं (d) में किया गया है , तो उन्हें आयुक्त द्वारा अधिकृत सीजीएसटी / एसजीएसटी अधिकारी द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है। इस मामले में आयुक्त को ही निर्णय लेने का अधिकार होगा और गिरफ्तार करने वाला  अधिकारी भी आयुक्त द्वारा अधिकृत किया जाएगा . आगे इसी लेख में हम इन अपराधों का विवरण दे रहें है .

जी.एस.टी. कानून की धारा 69 के अनुसार ही गिरफ्तार व्यक्ति को अपनी गिरफ्तारी के आधार एवंम कारण के बारे में सूचित किया जाएगा। जिन मामलो में जमानत नहीं दी जा सकती है ऐसे जी.एस.टी. के दौरान करचोरी के  अपराध के मामले में उन्हें 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। जिन मामलों में जमानत दी जा सकती है ऐसे जी.एस.टी. के दौरान कर चोरी के अपराध के मामले में उन्हें गिरफ्तारी के नियमानुसार बाद जमानत पर रिहा किया जाएगा।

किन मामलों में जमानत दी जा सकती है एवंम किन मामलो में जमानत नहीं दी जा सकती इनका उल्लेख भी इस लेख में आगे हमने किया है .

## किस प्रकार के अपराध / 132 के तहत गिरफ्तार किए गए प्रावधान लागू होते हैं

| |
|---|
| 1. कर चोरी के उद्देश्य से एक कर योग्य व्यक्ति बिना किसी बिल के किसी भी सामान / सेवाओं की आपूर्ति (सप्लाई) करता है. |
| 2. जीएसटी के प्रावधानों के उल्लंघन में माल / सेवाओं की आपूर्ति के बिना वह कोई चालान या बिल जारी करता है जिनके कारण गलत तरीके से इनपुट क्रेडिट और रिफंड लिया जाता है. |
| 3. बिना माल एवं सेवा की सप्लाई के ऊपर वर्णित बिलों से कोई व्यक्ति गलत इनपुट क्रेडिट लेता है . |
| 3. वह किसी भी जीएसटी कर को एकत्र करता है लेकिन इसे जमा कराने की नियत तिथी के 3 महीनों के भीतर सरकार में जमा नहीं करता है . |

ये सभी मामले आप मान कर चलिए कि कर की चोरी से संबंधित हैं और यह कर की चोरी 2 करोड़ रूपये से अधिक है तो गिरफ्तारी के प्रावधान लागू होते है .

गिरफ्तारी प्रावधानों के साथ धारा 69 एवं धारा 132 पढ़ने पर, जो एक तथ्य सामने आता है वह यह है कि एक व्यक्ति को केवल तब ही गिरफ्तार किया जा सकता है जहां कर चोरी 200 लाख रुपये से अधिक की हो तो अब यह मान कर चलिए कि सामान्य तौर पर जहाँ "मध्यम और छोटे श्रेणी" के डीलर्स काम कर रहें है गिरफ्तारी के प्रावधान लागू नहीं होंगे क्यों कि इतनी बड़ी रकम की कर चोरी की संभावना की कल्पना इस स्तर पर नहीं की जा सकती है .

लेकिन यहां एक और बात का उल्लेख किया जाए कि अगर किसी व्यक्ति को पहले के अवसर पर पहले से दोषी ठहराया गया है तो

उसके दूसरे अपराध के मामले में गिरफ्तारी प्रावधान टैक्स की चोरी के 2 करोड़ रुपये की सीमा के बिना उसके ऊपर लागू होंगे। एक बार दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तारी के इस प्रावधान जो की जी.एस.टी. की धारा 69 एवं 132 में वर्णित है को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए। ऊपर आपको बताया की गिरफ्तारी के किन मामलों में जमानत मिल सकती है और कौनसे ऐसे मामले है जहाँ जमानत नहीं मिल सकती है . इसके लिए हमें जी.एस.टी. के दौरान जिन अपराधों में गिरफ्तार किया जा सकता है उन्हें संज्ञानात्मक और गैर संज्ञानात्मक अपराध अर्थात Cogniizable offence or Non Congnizable offence में बाटना होगा .

जीएसटी - संज्ञानात्मक और गैर संज्ञानात्मक अपराध

(Cogniizable offence or Non Congnizable offence)

जीएसटी में संज्ञेय अपराध (Cogniizable offence) का मतलब है कर योग्य वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित अपराध, जहां टैक्स चोरी, गलत तरीके से लिया गया इनपुट क्रेडिट या रिफंड 5 करोड़ रुपये से अधिक है।

ये संज्ञेय (Cogniizable offence) अपराध हैं, इसलिए गैर-जमानती (Non-bailablle) भी है .

टैक्स चोरी से जुड़ी जीएसटी के तहत अन्य अपराध, गलत तरीके से लिया गया इनपुट क्रेडिट या रिफंड जहाँ यह राशि 5 करोड़ रूपये या इससे कम है तो संज्ञेय अपराध (Non Congnizable offence) हैं और जमानती (bailablle) भी हैं।

अब जीएसटी में जब संज्ञेय (Cogniizable offence)

और गैर-संज्ञेय (Non Congnizable offence) दोनों ही अपराध इसलिए हमें पता होना चाहिए कि संज्ञेय अपराध और गैर-संज्ञेय अपराध का क्या अर्थ है।

संज्ञेय अपराध (Cogniizable offence) वे होते हैं जहां पुलिस बिना किसी गिरफ्तारी वारंट के व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती है। वे गंभीर अपराध हैं और गैर-संज्ञेय अपराध (Non Congnizable offence) वे होते हैं, जहां एक पुलिस अधिकारी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वारंट के बिना किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता है। जी.एस.टी. के दौरान 5 करोड़ से अधिक की कर चोरी के मामले गंभीर माने गए है .

## कौन गिरफ्तारी कर सकता है

केवल आयुक्त (Commmissioner) एक अधिकारी को ऊपर वर्णित स्थिति में किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत (Authorise) कर सकता है। सभी क्षेत्र के आयुक्त के नीचे के अधिकारियों को गिरफ्तारी के मामले में कोई फैसला लेने और शक्तियों का इस्तेमाल करने के लिए अधिकार अपने आप नहीं होता क्योंकि "गिरफ्तारी" खुद ही एक अपने आप में बहुत संवेदनशील मामला है।

## गिरफ्तारी के समय क्या सावधानियां रखी जानी चाहिए

भारतीय दंड संहिता के सभी प्रावधानों को जीएसटी के तहत गिरफ्तारी की शक्तियों को अधिकृत करते हुए और इस्तेमाल करते हुए ध्यान में रखा जाना चाहिए क्योंकि हमने पहले ही उल्लेख किया है कि यह मामला बहुत संवेदनशील है। इसे नियमित कार्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में आपराधिक प्रक्रियाएं के दौरान गिरफ्तारी के सभी प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए और उस मामले में गिरफ्तार अधिकारी को प्रक्रियाओं और नियमों का का ज्ञान होना चाहिए।

डीके बसु बनाम राज्य बंगाल राज्य के मामले में 1997 (1) एससीसी 416 माननीय सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी के मामले में अगली दिशा-निर्देश जारी कर रखें है और ये सभी जीएसटी के तहत गिरफ्तारी पर भी लागू हैं अत: इन शक्तियों को काम में लेने वाले अधिकारियों को भी इन्हें ध्यान में रखना होगा ।

इस संम्बंध में कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों इस प्रकार हैं :-

| |
|---|
| 1.गिरफ्तार करने के लिए अधिकृत अधिकारियों के नाम उनके पदनाम (designation) के साथ , स्पष्ट और दिखते होने चाहिए तथा उनकी पहचान पत्र उनके पास होना चाहिए रखना चाहिए। |
| 2.गिरफ्तारी के दौरान किसी एक रिश्तेदार के द्वारा गिरफ्तारी मेमो पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए या उसकी अनुपस्थिति में किसी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिए और इसके अतिरिक्त गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा भी गिरफ्तारी मेमो पर काउंटर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए . |
| 3.गिरफ्तारी व्यक्ति को उस जगह से एक रिश्तेदार या मित्र को |

| |
|---|
| सूचित करने का अधिकार होगा जहां उसे गिरफ्तार किए जाने के बाद रखा जाता है जैसे  एक पुलिस स्टेशन, लॉकअप या पूछताछ स्थल. |
| 4.गिरफ्तार व्यक्ति का  हर 48 घंटों के दौरान मेडिकल परीक्षण कराया जाना चाहिए . |
| 5.पूछताछ के दौरान गिरफ्तारी को अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए, हालांकि पूरी पूछताछ के दौरान लगातार वकील की उपस्तिथी की अनुमति नहीं होगी । |
| 6.गिरफ्तार किए गए मेमो सहित सभी दस्तावेजों की प्रतियों को उनके रिकॉर्ड के लिए मजिस्ट्रेट को भेजा जाना चाहिए। |

## गिरफ्तारी कब जरूरी होगी !!!!!!

यह विशुद्ध रूप से आयुक्त के विवेकाधीन निर्णय पर आधारित है लेकिन यह शक्ति बहुत सावधानी से इस्तेमाल की जानी चाहिए। निर्णय लेने के दौरान निम्नलिखित कारकों को ध्यान में लेने के बाद शक्ति का उपयोग किया जाना चाहिए: -

| |
|---|
| 1. अपराध की उचित जांच। |
| 2. फरार होने से व्यक्ति को रोकने के लिए |
| 3. सबूतों के साथ छेडछाड  होने की संभावना को रोकने के लिए। |
| 4. गवाह या गवाहों को डरा देने या प्रभावित करने से रोकने के लिए। |

ये कुछ कारण हैं जिन्हें एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का निर्णय करते समय विचार किया जाना चाहिए।

## क्या है उद्योग और व्यापार की राय

जीएसटी में गिरफ्तारी की शक्तियां भारत में किसी भी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में नई नहीं हैं और हमारे पास ऐसे केंद्रीय या किसी अन्य तरह के प्रावधानों और सेवा कर कानूनों में समान हैं या नहीं, लेकिन व्यापार और उद्योग हमेशा इन शक्तियों के दुरुपयोग के बारे में आशंका करते हैं। जीएसटी एक नया कानून है और करदाताओं को जीएसटी के प्रयोज्यता के आरंभिक चरण में इन प्रावधानों को पसंद नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा, व्याख्या की समस्या, राय के अंतर में इन प्रावधानों का दुरूपयोग  हो सकता है।

लेकिन यह तथ्य यह है कि 2 करोड़  रुपये की कर चोरी राशि की निचली सीमा में इन प्रावधानों के दायरे से अधिकांश डीलरों को रखा जाएगा।

*

अध्याय 13

# गुडस और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर्स

## GST PRACTITIONERS

गुडस और सर्विस टैक्स में, बहुत सारे कार्य हैं जो ऑनलाइन किए जाने है और इन कार्यों में विभिन्न रिटर्न भरना , प्रपत्र प्रस्तुत करना , कर आदि जमा करना , इनपुट क्रेडिट को चेक करना , इनपुट और आउटपुट क्रेडिट में संशोधन करना इत्यादि सम्मिलित है जो कि डीलर्स को करने होंगे और इन उद्देश्यों के लिए कर डीलर्स "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" की सेवा को काम में ले सकते हैं . सकते हैं।

जीएसटी व्यवसायियों के साथ - साथ यह कर क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के लिए भी बहुत ही दिलचस्प विषय होगा जिससे उन्हें भी यह पता लगेगा है कि "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर"के लिए योग्यता और अयोग्यता क्या होगी और "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" किस तरह का काम कर सकता है और जीएसटी डीलरों के साथ किस तरह का संबंध होगा।

इसके अलावा जीएसटी व्यवसायियों द्वारा दायर किए गए रिटर्न्स एवंम उनमे भरी जाने वाले सूचनाओं की सत्यता के के लिए जिम्मेदार कौन होगा और जीएसटी प्रैक्टिस के दौरान "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" के कर्तव्य क्या होंगे और वे खुद अर्थात

"गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" जीएसटी के सामान्य पोर्टल जी.एस.टी.एन पर कैसे पंजीकृत होंगे और रजिस्टर्ड डीलर द्वारा उनको अधिकृत की प्रक्रिया क्या होगी और जीएसटी डीलर की ओर से वे क्या कार्य कर सकेंगे.

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेटरीज और कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" के रूप में काम कर सकते हैं, इसके अलावा वाणिज्यिक कर विभाग और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी, कुछ विशिष्ट विषयों के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर, जिसमें कानून , उच्च लेखा परीक्षा, व्यवसाय प्रशासन या व्यवसाय प्रबंधन सहित बैंकिंग विषय भी शामिल है , जीएसटी व्यवसायियों के रूप में काम करने के लिए योग्य होंगे । जी.एस.टी. के पहले जो कर कानून थे उनमे जो सेल्स टैक्स प्रेक्टिशनर एवं रिटर्न प्रेपरेर के रूप में कम से कम 5 वर्ष तक कार्य कर चुके है वे भी "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" के रुप में कार्य करने के योग्य होंगे.

"गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" द्वारा जो काम किया जा सकता है उसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1. | इनपुट एवं आउटपुट के रिटर्न प्रस्तुत करना . |
| 2. | मासिक, त्रैमासिक, वार्षिक या अंतिम रिटर्न प्रस्तुत करना |
| 3. | इलेक्ट्रॉनिक नकद लेजर में जमा करने के लिए जमा कराना ; |

| | |
|---|---|
| 4. | धनवापसी या रिफंड के लिए दावा दर्ज करें; तथा |
| 5. | एक पंजीकरण के संशोधन या रद्द करने के लिए आवेदन करें। |

## कौन "गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर" हो सकता है

| क्र.सं. | व्यक्ति की योग्यता |
|---|---|
| 1. | वह किसी भी राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग या केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड, भारत सरकार के राजस्व विभाग, के एक सेवानिवृत अधिकारी हैं जिसने सरकार के अधीन अपनी सेवा के दौरान, कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए समूह-बी राजपत्र अधिकारी के या समकक्ष पद पर कार्य किया हो; या |
| 2. | जी.एस.टी. के पहले जो कर कानून थे उनमे जो सेल्स टैक्स प्रेक्टिशनर एवं रिटर्न प्रेपेरर के रूप में कम से कम 5 वर्ष तक कार्य कर चुके है ; या |
| 3. | किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय से कानून, उच्च ऑडिटिंग सहित बैंकिंग, या व्यवसाय प्रशासन या व्यवसाय प्रबंधन या एक स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री या इसके बराबर परीक्षा वाणिज्य में डिग्री. |
| 4. | किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्री, जो कि ऊपर की धारा में उल्लिखित डिग्री परीक्षा के बराबर है; या |
| 5. | इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी अन्य परीक्षा; या |
| 6. | निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी भी परीक्षा उत्तीर्ण की गई है |

| | |
|---|---|
| | :-भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान के अंतिम परीक्षा;<br>या भारत के कॉस्ट एकाउंटेंट संस्थान के अंतिम परीक्षा;<br>या भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान की अंतिम परीक्षा |

उपरोक्त वर्णित शिक्षा एवं डिग्री की योग्यता के साथ “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के लिए अन्य अनिवार्य परिस्थितियां निम्नानुसार हैं: -

| |
|---|
| वह भारत का नागरिक है; |
| वह स्वस्थ दिमाग का एक व्यक्ति है; |
| वह दिवालिया के रूप में घोषित नहीं लिया है |
| वह एक सक्षम न्यायालय द्वारा अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है. |

## “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के लिए आवेदन कैसे करें

जो व्यक्ति जो  “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” रूप में कार्य करने के लिए पात्र है, वह “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के लिए के  नामांकन के लिए इस प्रकार अधिकृत अधिकारी को फॉर्म जीएसटी पीसीटी -1 में जी.एस.टी.एन पोर्टल आवेदन कर सकता है;

आवेदन प्राप्त होने पर, प्राधिकृत अधिकारी, ऐसी जांच करने के बाद, जिसे वह आवश्यक समझता है, या तो आवेदक को “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के लिए के रूप में नामांकित करेगा और फॉर्म जीएसटी पीसीटी -2 में उसे इसका प्रमाण पत्र जारी कर देगा या उसके आवेदन को अस्वीकार कर देगा जहां यह पाया जाता है कि आवेदक जीएसटी व्यवसायी के रूप में नामांकित होने के योग्य नहीं हैं।

“गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के लिए एक बार जारी किया गया पंजीकरण तब तक वैध होगा जब तक कि सक्षम अधिकारी द्वारा इसे निरस्त नहीं कर दिया जाता है .

## क्या “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को कोई परीक्षा भी पास करनी होगी .

हाँ , क्या “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को जी.एस.टी कमिश्नर के द्वारा अधिसूचित  समय एवं बताये अधिकारी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा पास करनी होगी . इसके लिए कमिश्नर जी.एस.टी. कौंसिल की सिफारिशों के आधार पर अधिसूचना जारी करेंगे. जिन व्यक्तियों के पास क्या “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” बनने की योग्यता है वे ऊपर बतायी गयी विधी से आवेदन कर “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के रूप में कार्य कर सकेंगे लेकिन कमिश्नर द्वारा अधिसूचित अवधि में उन्हें यह परीक्षा पास करनी होगी.

जी.एस.टी. के पहले जो कर कानून थे उनमे जो सेल्स टैक्स प्रेक्टिशनर एवं रिटर्न प्रेपेरर के रूप में कम से कम 5 वर्ष तक कार्य कर चुके है वे भी “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के रुप में कार्य कर सकते है लेकिन उन्हें अधिसूचित तिथी से एक वर्ष के भीतर ऐसी परीक्षा पास करनी होगी.

## कैसे वैध “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” का  पंजीकरण रद्द किया जा सकता है.

यदि किसी भी “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को इस अधिनियम के तहत किसी भी कार्यवाही के संबंध में दुर्व्यवहार का दोषी पाया जाता है, तो प्राधिकृत अधिकारी, फॉर्म जीएसटी पीसीटी में आदेश द्वारा आदेश दे सकता है कि वह “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” अब अधिनियम की धारा 48 के तहत अयोग्य ठहराएगा। इस तरह के आदेश को केवल ऐसे “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” नोटिस देने के बाद ही पारित किया जाएगा जिस नोटिस में उसे सुनवाई  का उचित मौका दिया जाएगा ।
इस आदेश के खिलाफ “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” द्वारा आयुक्त के पास अपील की जा सकती है। इस तरह की अपील आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर दर्ज करनी जरुरी होगी ।

## “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर”की सूची

“गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर्स” की एक सूची को सामान्य जीएसटी पीसीटी में पोर्टल “जी.एस.टी.एन” पर लगाईं जायेगी । प्राधिकृत अधिकारी समय-समय पर सूची में ऐसे संशोधन कर सकता है, जो किसी भी प्रकार के पते में परिवर्तन या मृत्यु या किसी भी अयोग्यता के कारण होते है .

## “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को अधिकृत करना

अधिनियम की धारा 48 (2) के अनुसार एक डीलर अपने आउटवार्ड सप्लाई के रिटर्न , इनवर्ड सप्लाई के रिटर्न , मासिक रिटर्न , वार्षिक रिटर्न , रिफंड के लिए प्रार्थना पत्र , रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में

संशोधन इत्यादि कार्यों को करने के लिए एक “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को अनुमोदित कर सकता है और ये कार्य एक डीलर के लिए उसके द्वारा अधिकृत “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” करेगा.

नियम 83 (6) के अनुसार एक पंजीकृत डीलर फॉर्म जीएसटी पीसीटी -5 के द्वारा “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को जी.एस.टी. सामान्य पोर्टल पर अधिकृत कर सकता है या किसी भी समय एक इसी फॉर्म जीएसटी पीसीटी -5 के द्वारा इस अधिकृत “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” को दिया गया अनुमोदन समाप्त कर सकता है.

## “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” द्वारा भरे रिटर्न का डीलर द्वारा अनुमोदन

जहां “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत रिटर्न एवं अन्य प्रपत्र का अनुमोदन डीलर को करना होगा इसके लिए ये रिटर्न जी.एस.टी. पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगे तथा डीलर को ईमेल या एसएमएस द्वारा अनुमोदन के लिए सूचित किया जाएगा .

“गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर”द्वारा प्रस्तुत रिटर्न एवं अन्य प्रपत्र को जी.एस.टी. पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा ताकि डीलर इन्हें अनुमोदित कर सके लेकिन जहां इस तरह के रिटर्न देने की आखिरी तारीख तक इन्हें डीलर द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि उन्होंने “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” द्वारा प्रस्तुत रिटर्न या अन्य डाक्यूमेंट्स की पुष्टि की है।

## “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” द्वारा पेश किये रिटर्न्स की सत्यता के लिए कौन जिम्मेदार होगा ?

जीएसटी प्रैक्टिशनर के माध्यम से अपनी रिटर्न प्रस्तुत करने का चयन करने वाला एक पंजीकृत व्यक्ति जीएसटी पीसीटी -6 फॉर्मेट में किसी भी जीएसटी प्रैक्टिशनर को अपनी रिटर्न तैयार करने और प्रस्तुत करने और जीएसटी प्रैक्टिशनर द्वारा तैयार किए गए किसी भी रिटर्न को जमा करने की पुष्टि करने से पहले अपनी सहमति देगा।

यहाँ यह ध्यान में रखें की भले ही रिटर्न “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” के द्वारा भरे गए लेकिन इनकी सत्यता की जिम्मेदारी जी.एस.टी. डीलर की ही होगी इसलिए उन्हें रिटर्न इत्यादि अनुमोदित करने का जो मौक़ा मिलता है उसमें वह इन्हें अच्छी तरह से चेक करने की आदत बनाए .

## कैसे भरेंगे “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” रिटर्न इत्यादि

“गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” जी.एस..टी. द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर रिटर्न इत्यादि बयान तैयार करेगा एवं इन रिटर्न्स के साथ “गुड्स और सर्विस टैक्स प्रैक्टिशनर” अपने डिजिटल हस्ताक्षर को जोड़ना होगा या इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके सत्यापित करना होगा ।

# अध्याय 14

# जी.एस.टी. - अकाउंटिंग का एक उदाहरण
# GST- ACCOUNTING

## किसी सौदे का पहला भाग

जयपुर (राजस्थान ) का एक व्यापारी “अ” जयपुर के ही एक दूसरे व्यापारी “ब” को कोई माल 10 लाख रुपये में बेचता है और मान लीजिये कि राज्यों के जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत है एवं केंद्र के जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत है इस प्रकार जी.एस.टी. की कुल दर 18 प्रतिशत है .

तो “अ” इस व्यवहार में 90000.00 रुपये एस.जी.एस.टी. (राज्य का जी.एस.टी.) एवं 90000.00 रुपये सी.जी.एस.टी. (केंद्र का जी.एस.टी.) के रूप में अपने खरीददार “ब” से वसूल करेगा.

“अ” के द्वारा जमा कराया गया कर

(यहाँ मान लीजिये कि “अ” की कोई इनपुट क्रेडिट नहीं है )

| | |
|---|---|
| एस..जी.एस.टी. - राज्य का जी.एस.टी. | 90000.00 |
| सी.जी.एस.टी. केंद्र का जी.एस.टी. | 90000.00 |

# अब आइये इस सौदे का दूसरा भाग देखें

आइये अब इस व्यवहार को और भी आगे ले जाएँ और देखें कि इसी माल को जयपुर का "ब" नामक व्यापारी अब राजस्थान के ही अन्य शहर अजमेर के एक उपभोक्ता "स" को अपना मुनाफ़ा 50000.00 रूपये जोड़ते हुए 10.50 लाख रुपये में बेचता है तो वह अपने इस ग्राहक "स" से 94500.00 रुपये एस.जी.एस.टी. एवं 94500.00 रुपये सी.जी.एस.टी. के रूप में वसूल करेगा .

ब के द्वारा जमा कराया गया कर

एस.जी.एस.टी.

| | |
|---|---|
| "स" से एकत्र किया गया कर | 94500.00 |
| "ब" ने खरीद के समय "अ" को जो कर दिया अर्थात | 90000.00 |
| ब द्वारा जमा कराया कर | 4500.00 |

ब के द्वारा जमा कराया गया कर

सी.जी.एस.टी.

| | |
|---|---|
| "स" से एकत्र किया गया कर | 94500.00 |
| "ब" ने खरीद के समय "अ" को जो कर दिया अर्थात | 90000.00 |
| ब द्वारा जमा कराया कर | 4500.00 |

# जी.एस.टी. एक वैल्यू एडेड टैक्स है

आइये "ब" द्वारा जमा कराये गए कर कुल 9000.00 को एक बार इस दृष्टी से चेक कर लें कि जी.एस.टी. एक "वैल्यू एडेड टैक्स" है . "ब" का मुनाफ़ा 50000.00 रूपये है और इस पर यदि 18 प्रतिशत की दर से कर लगाएं तो वह 9000.00 रूपये होता है जिसे एस.जी.एस.टी. 4500.00 रूपये और सी.जी.एस.टी. 4500.00 रूपये "ब" के द्वारा जमा कराया गया है .

## इसका सौदे का तीसरा और अंतिम भाग देखें

**"स"** एक उपभोक्ता है है तो उसके लिए इस माल की लागत निम्न प्रकार होगी:-

| | |
|---|---|
| माल की कीमत | 10,50,000.00 |
| एस.जी.एस.टी. | 94,500.00 |
| सी.जी.एस.टी. | 94,500.00 |
| कुल कीमत | 12,39,000.00 |

इस प्रकार अंतिम उपभोक्ता ने एस.जी.एस.टी. के रूप में 94500.00 रूपये का भुगतान किया है और सी.जी.एस.टी. के रूप में 94500.00 रूपये का भुगतान किया है जो कि कुल 1,89,000.00 होता है जो कि उपभोक्ता की खरीद की कीमत 10,50,000.00 का 18% होता है और यही अंतिम उपभोक्ता के द्वारा वहन किया गया जी.एस.टी. है . .

अब यह देखिये कि राज्य और केंद्र सरकार को यह कर किस तरह से मिला है :-

राज्य सरकार द्वारा प्राप्त किया गया एस.जी.एस.टी.

| | |
|---|---|
| "अ" द्वारा भुगतान किया गया एस.जी.एस.टी. जो ऊपर बताया गया है . | 90000.00 |
| "ब" द्वारा भुगतान किया गया एस .जी.एस.टी. जो ऊपर बताया गया है . | 4500.00 |
| कुल एस.जी.एस.टी. | 94500.00 |

केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त किया गया एस.जी.एस.टी.

| | |
|---|---|
| "अ" द्वारा भुगतान किया गया सी.जी.एस.टी. जो ऊपर बताया गया है . | 90000.00 |
| "ब" द्वारा भुगतान किया गया सी.जी.एस.टी. जो ऊपर बताया गया है . | 4500.00 |
| कुल एस.जी.एस.टी. | 94500.00 |

यह है जी.एस.टी. का सबसे आसान उदाहरण

## अकाउंटिंग एंट्रीज़

जयपुर (राजस्थान ) का एक व्यापारी "अ" जयपुर के ही एक दूसरे व्यापारी "ब" को कोई माल 10 लाख रुपये में बेचता है और मान लीजिये कि राज्यों के जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत है एवं केंद्र के जी.एस.टी. की दर 9 प्रतिशत रहती है इस प्रकार जी.एस.टी. की कुल दर 18 प्रतिशत हुई (फिलहाल मान लीजिये ) तो "अ" इस

व्यवहार में 90000.00 रुपये एस.जी.एस.टी. (राज्य का जी.एस.टी.) एवं 90000.00 रुपये सी.जी.एस.टी. (केंद्र का जी.एस.टी.) के रूप में अपने खरीददार “ब” से वसूल करेगा.

## IN THE BOOKS OF A

| On Sale of Goods | | | |
|---|---|---|---|
| B a/c | **Dr.** | 1180000.00 | |
| To Sales a/c | **Cr.** | | 1000000.00 |
| To SGST a/c | **Cr.** | | 90000.00 |
| To CGST a/c | **Cr** | | 90000.00 |
| Total | | **1180000.00** | **1180000.00** |
| **On payment of Tax** | | | |
| SGST a/c | **Dr** | 90000.00 | |
| CGST a/c | **Dr** | 90000.00 | |
| To Bank a/c | **Cr** | | 180000.00 |
| | | **180000.00** | **180000.00** |

| SGST ACCOUNT | | | |
|---|---|---|---|
| PARTICULARS | AMOUNT | PARTCULARS | AMOUNT |
| Bank Account | 90000.000 | By B a/c | 90000.00 |
| **Total** | **90000.00** | **Total** | **90000.00** |

| CGST ACCOUNT | | | |
|---|---|---|---|
| PARTICULARS | AMOUNT | PARTCULARS | AMOUNT |
| Bank Account | 90000.000 | By B a/c | 90000.00 |
| **Total** | **90000.00** | **Total** | **90000.00** |

## आइये अब इस व्यवहार को और भी आगे ले जाएँ

